कार्तिक कृष्ण पक्ष पंचमी 02:29
उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 21 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 61, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हम एम्स ब्रांड को नहीं होने देंगे कमजोर : नड्डा 14

हिंदी में डब होगी तमन्ना की फिल्म ओडेला-2 13



**मेरा पति मेरा देवता...**

कानपुर के पांडु नगर स्थित पार्क में करवाचौथ पर पूजन करतीं सुहागिनें। शहर में विभिन्न स्थलों पर सामूहिक पूजन का आयोजन किया गया। सुहागिनों ने करवाचौथ की कथा सुनीं और पति की दीर्घायु की कामना की। अमृत विचार

# फिर मिली 25 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

## गहन जांच के बाद दी गई उड़ान की अनुमति, इस हफ्ते करीब 100 विमानों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई/ नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विमानन कंपनियों के 25 उड़ानों को रविवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूत्रों ने बताया कि इन विमानन कपंनियों में इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया और अकासा एयर शामिल हैं जिनकी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों सहित विभिन्न उड़ानों में बम होने की धमकी मिली।

इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह उड़ानों को धमकियां मिलीं। इस सप्ताह अब तक करीब 100 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं जो झूठी साबित हुई हैं।



जोधपुर में हवाई अड्डे पर एक उड़ान की लैंडिंग के बाद निगरानी करते सुरक्षाकर्मी।

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि जेद्दा से मुंबई, कोझिकोड से दम्माम, दिल्ली से इस्तांबुल, मुंबई से इस्तांबुल, पुणे से जोधपुर और गोवा से अहमदाबाद जाने वाली उड़ानों को बम की धमकी मिली। विस्तारा ने कहा कि उसे छह उड़ानों दिल्ली से फ्रैंकफर्ट, सिंगापुर से मुंबई, बाली से दिल्ली, सिंगापुर से दिल्ली, सिंगापुर से पुणे और मुंबई से सिंगापुर को लेकर धमकी मिली है। विस्तारा के प्रवक्ता ने बताया कि प्रोटोकॉल के अनुरूप, सभी संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित कर दिया गया तथा उनके निर्देशानुसार सुरक्षा प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं। अकासा एयर की छह उड़ानों अहमदाबाद से मुंबई, दिल्ली से गोवा, मुंबई से बागडोगरा, दिल्ली से हैदराबाद, कोच्चि से मुंबई और लखनऊ से मुंबई के लिए सुरक्षा चेतावनी प्राप्त हुई। अकासा एयर के प्रवक्ता ने बताया कि निर्धारित प्रक्रियाओं और छह विमानों के गहन जांच के बाद, उन्हें परिचालन की मंजूरी दे दी गई। एयर इंडिया की छह उड़ानों को धमकी मिली है।

### दो फ्लाइट में बम की सूचना, एक्स यूजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अमौसी एयरपोर्ट से सउदी के दम्माम और राजस्थान के किशनगढ़ जाने वाली फ्लाइट में बम रखने की सूचना शनिवार को एक्स (ट्विटर) हैंडल <bha>@</bha>adamlanza111 से वायरल हुई। जानकारी होते ही सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। जहां किशनगढ़-लखनऊ फ्लाइट को तत्काल आइसोलेशन वे पर ले जाया गया। वही, दम्माम की फ्लाइट के लैंडिंग का इंतजार किया जा रहा था। फ्लाइट रात करीब 10 .30 बजे दम्माम हवाई अड्डे पर लैंड हुई। दोनों फ्लाइट के मैसेज एक ही एक्स (ट्विटर) हैंडल से वायरल हुए थे। एयर इंडिया में सहायक सुरक्षा अधिकारी अमरजीत सिंह और स्टार एयर के एयरपोर्ट मैनेजर नितिन कुमार श्रीवास्तव ने सरोजनीनगर थाने ने <bha>@</bha>adamlanza111 के प्रयोगकर्ता के खिलाफ अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## एक नजर

### दो साल की बच्ची दुष्कर्म, सौतेला पिता गिरफ्तार

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चाम्पा जिले में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है जहां दो साल की बच्ची के साथ हैवानियत की गई। पुलिस ने इस संबंध में उसके सौतेले पिता को रविवार को गिरफ्तार किया है। शनिवार की शाम को एक दो साल की बच्ची अपने घर के सामने खेल रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति बच्ची को फुसलाकर अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गया और दुष्कर्म किया।

### लोगों ने की पीट-पीटकर युवक की हत्या

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के जगतपुरी इलाके में लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों ने 21 वर्षीय एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि जांच के बाद पता चला है कि युवक की हत्या इसलिए की गई क्योंकि वह आरोपियों में से एक ध्रुव की बहन से बात करता था। पुलिस ने इस मामले में ध्रुव समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### असम से बांग्लादेशी घुसपैठिए को वापस भेजा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि एक बांग्लादेशी नागरिक को करीमगंज जिले में अवैध रूप से भारत की सीमा में प्रवेश करते समय पकड़ लिया और उसे पड़ोसी देश वापस भेज दिया गया।

# पांच साल में बढ़ेंगी 75 हजार एमबीबीएस की सीटें : मोदी

## प्रधानमंत्री ने देश को सौंपी 6,611.18 करोड़ रुपये की 23 परियोजनाएं

- गरीबों के लिए किया 3 करोड़ और नए घर बनाए जाने का एलान
- वाराणसी में किया आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय का लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगले पांच वर्षों में 75 हजार नई मेडिकल सीटें और जोड़ी जाएंगी। ड्रोन टेक्नोलॉजी को भी स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। घोषणा की कि सरकार जल्द ही गरीबों के लिए 3 करोड़ और नए घर बनवाने जा रही है।

मोदी ने रविवार को वाराणसी में आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय का लोकार्पण करने के बाद सिगरा स्टेडियम में जनसभा के दौरान 6,611.18 करोड़ की 23 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। बाबतपुर, आगरा और सहारनपुर एयरपोर्ट के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अलग-अलग एयरपोर्ट का शुभारंभ करते हुए मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से इन राज्यों में रोजगार



के नए अवसर पैदा होंगे और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

प्रधानमंत्री ने प्रदेश के विकास की चर्चा करते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। कहा कि कभी यहां खराब सड़कों के लिए ताने सुनने पड़ते थे, लेकिन आज एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में जाना जाता है। सबसे अधिक इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं, और जल्द ही जेवर में एक भव्य इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी बनकर तैयार हो रहा है। मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया। कहा कि गांव-गांव में महिलाएं अब लखपति दीदी और ड्रोन पायलट बन रही हैं। काशी में मां अन्नपूर्णा स्वयं भगवान शिव को भिक्षा देती हैं, और इसलिए यहां नारी शक्ति का सम्मान और सशक्तिकरण विशेष महत्व रखता है। मोदी ने सपा-कांग्रेस का नाम लिए बगैर सवाल उठाया कि आखिर क्यों काशी को इतने लंबे समय तक विकास से वंचित रखा गया। प्रधानमंत्री ने लोगों से भोजपुरी में संवाद करते हुए दीपावली समेत अन्य त्योहारों की अग्रिम बधाई भी दी। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक आदि मौजूद रहे।

### 10 साल पहले छाई रहती थीं घोटालों की खबरें

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब देश की जनता ने तीसरी बार उन्हें सेवा का अवसर दिया, तो उन्होंने तीन गुना गति से काम करने का वादा किया था। अभी केवल सवा सौ दिन ही हुए हैं, और इस दौरान 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं पर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले सरकार के घोटालों की खबरें छाई रहती थीं, जबकि आज देश के विकास की खबरें घर-घर में चर्चा का विषय हैं।

### राजनीति में लाएंगे एक लाख नए युवाओं को

प्रधानमंत्री ने युवाओं को राजनीति में आगे लाने की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वे एक लाख नए युवाओं को राजनीति में लाएंगे, जिनका राजनीति से कोई पूर्व कनेक्शन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को परिवारवादियों से सतर्क रहना चाहिए क्योंकि वे देश और युवाओं का नुकसान करते हैं।

### 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

मोदी ने बीते 10 वर्षों में बढ़ी स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार से जिक्र करते हुए कहा कि बीमारी गरीब को और गरीब बना देती है। 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, लेकिन एक गंभीर बीमारी उन्हें फिर से गरीबी में धकेल सकती है। इसी कारण सरकार पोषक खानपान और टीकाकरण पर विशेष जोर दे रही है।

# गांदरबल में आतंकी हमले में 1 डॉक्टर व 6 श्रमिकों की मौत

## सुरंग निर्माण कार्य में लगी निजी कंपनी के शिविर पर की गई गोलीबारी

**टारगेट किलिंग**

- हमलावरों का पता लगाने को सेना-पुलिस ने इलाके को घेरा
- नई सरकार के शपथ ग्रहण करने के चार दिन के बाद हुई घटना

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर के गांदरबल जिले में श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सुरंग निर्माण स्थल पर आतंकवादी हमले में एक डॉक्टर और छह श्रमिकों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि जिले के गुंड इलाके में एक सुरंग परियोजना पर कार्यरत मजदूर एवं अन्य कर्मी देर शाम जब अपने शिविर में लौटे तब अज्ञात आतंकवादियों ने उनपर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने मजदूरों के समूह पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें स्थानीय और बाहरी लोग दोनों शामिल थे। माना जाता है कि आंतकवादियों की संख्या कम से कम दो थी। अधिकारियों ने बताया कि दो श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि चार अन्य घायल श्रमिकों एवं एक डॉक्टर ने बाद में दम तोड़ दिया। पांच घायलों का इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी की है और हमलावरों की तलाश के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) वी के बिरदी समेत शीर्ष सुरक्षा अधिकारी स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।



जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमले के बाद इलाके में तैनात सुरक्षाबल।

### मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हमले की निंदा की

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को गांदरबल जिले में गैर-स्थानीय मजदूरों पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा की। नई सरकार के शपथ ग्रहण करने के चार दिन के बाद यह घटना हुई। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सोनमर्ग क्षेत्र के गगनगीर में गैर-स्थानीय मजदूरों पर नृशंस और कायरतापूर्ण हमले की बहुत दुखद खबर है। ये लोग क्षेत्र में एक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना पर काम कर रहे थे। इस आतंकवादी हमले में दो लोग मारे गए हैं और दो से तीन अन्य घायल हुए हैं। मैं निहत्थे निर्दोष लोगों पर इस हमले की कड़ी निंदा करता हूं और उनके प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के नेता सज्जाद गनी लोन ने भी हमले की निंदा की।

# नाला खुदाई में मिट्टी धंसी, दो मजदूरों की मौत

- उन्नाव-रायबरेली हाईवे पर सिकंदरपुर करन के पास हादसा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार :** उन्नाव-रायबरेली हाईवे संख्या-31 पर सिकंदरपुर करन के पास नाला खुदाई के दौरान रविवार देर शाम अचानक मिट्टी धंसने से वहां काम कर रहे तीन मजदूर नीचे दब गए।

चीख सुनकर अन्य मजदूर व ग्रामीण दौड़े और मिट्टी में दबे तीनों मजदूरों को बाहर निकाला। अस्पताल में डॉक्टर ने दो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीसरे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ब्लाक सिकंदरपुर करन में रोड निर्माण के दौरान सीवर लाइन डालने का काम रविवार देर शाम किया जा रहा था। तभी खोदे गए गड्ढे में साइड की मिट्टी फटने से खांदी धंस गई। जिससे वहां काम कर रहे मजदूर गणेश (35), शिवकुमार (50) व अवध राम मिट्टी में दब गए। अन्य मजदूरों ने कंपनी अधिकारियों व पुलिस को सूचना दी। बाद में पुलिस व ग्रामीणों ने रेस्क्यू शुरू किया। आधे घंटे की मशक्कत के बाद मिट्टी के नीचे दबे तीनों मजदूरों को बाहर निकाला जा सका। अस्पताल में डॉक्टर ने शिवकुमार व अवधराम को मृत घोषित कर दिया। जबकि गणेश की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दी है।



हादसे के बाद राहत एवं बचाव कार्य में जुटे लोग। ● अमृत विचार

## चार से छह रुपये महंगी हो सकती है सीएनजी

**नई दिल्ली।** सरकार ने शहरी खुदरा विक्रेताओं को सस्ती घरेलू प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक की कटौती की है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे में यदि ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है तो वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी के दाम में चार से छह रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हो सकती है। भारत के भीतर अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक के स्थलों से जमीन के नीचे और समुद्र तल के नीचे से निकाली गई प्राकृतिक गैस ऐसा कच्चा माल है जिसे वाहनों के लिए सीएनजी और रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में बदला जाता है।

# विकास कार्यों में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं : योगी

## योगी ने की सिंचाई विभाग की समीक्षा, समयबद्धता-गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए चेतावनी दी कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने समयबद्धता, गुणवत्ता और ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि अभी से अगले साल के लिए बाढ़ से बचाव की कार्ययोजना बनाएं। साथ ही, नई तकनीक से गुणवत्ता व दक्षता सुधारें।

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर बैठक के दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों को परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि देरी से लागत बढ़ती है और जनता को भी लाभ मिलने में देर होती है। कहा कि ट्रेनिंग के माध्यम से कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ें, ताकि बाढ़ नियंत्रण और जल प्रबंधन के कार्य प्रभावी ढंग से किए जा सकें। कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए अगले वर्ष की कार्य योजना जन प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के साथ मिलकर तैयार करें।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चेक सौंपते जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व अन्य।

### जलशक्ति मंत्री ने सौंपा 54 लाख के लाभांश का चेक

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वित्तीय वर्ष 2023-24 में यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन के 54 लाख लाभांश का चेक सौंपा। मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कॉरपोरेशन का टर्नओवर 1448 .24 करोड़ रुपये रहा। कॉरपोरेशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित टैक्स पूर्व लाभ, जो कि कॉरपोरेशन की स्थापना से अब तक का सर्वाधिक 87 .80 करोड़ रुपये है। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में टर्नओवर और लाभ का अनुपात 6 .06 है।

# सड़क हादसे में 8 बच्चों, 3 महिलाओं समेत 12 की मौत

- राजस्थान के धौलपुर जिले में बस-टेंपो में हुई टक्कर

भरतपुर, एजेंसी

राजस्थान में धौलपुर जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात बस और टेंपो के टकराने से 8 बच्चों एवं तीन महिलाओं सहित 12 लोगों की मौत हो गई जबकि एक बच्चे सहित दो लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बाड़ी के करीम कॉलोनी गुमट निवासी इरफान और उसके परिवार के करीब 15 लोग सरमथुरा थाना क्षेत्र के बरौली में शादी समारोह में बहन का भात भरने गए थे। वहां से वे देर रात बाड़ी लौट रहे थे कि उनका टेंपो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11बी पर सुन्नीपुर गांव के पास रात करीब



ग्यारह बजे धौलपुर से जयपुर जा रही एक बस की चपेट में आ गया। पीछे दूसरे टेंपों में आ रहे इरफान के भाई और वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों में सवार लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। पुलिस ने सभी को धौलपुर के अस्पताल पहुंचाया।

# उप चुनाव की सीटें नौ पर साथियों के नखरे हजार

## सत्तापक्ष-विपक्ष के सहयोगी दल नाराज, कांग्रेस दो सीट से खफा तो निषाद पार्टी दो सीट के लिए रूठी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अनुप्रिया पटेल भी सत्तापक्ष पर एक सीट पाने का बना रहीं दबाव

**अमृत विचार :** चुनाव हो और प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के सहयोगी दलों के नेता मुंह न फुलाएं, ऐसा कहां संभव है? फिलहाल तो विधानसभा उप चुनाव मात्र नौ सीट पर है, लेकिन सत्तापक्ष हो या विपक्ष दोनों के सहयोगी दल नखरें हजार दिखा रहे हैं।

समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही कांग्रेस जहां मात्र दो सीट पाकर असंतुष्ट है, वहीं भाजपा के सहयोगी दल निषाद पार्टी और अपना दल के नेता भी मनपसंद सीट पाने का दबाव बना रहे हैं। इस स्थिति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव दोनों के सामने नई चुनौती है। दोनों ही चुनाव की कमान संभाल कर अपनी-अपनी पार्टी की साख बचाने के संघर्ष में जुटे हैं। अब पहले उन्हें अंदरखाने की स्थिति से निपटना होगा। योगी के सामने अपना दल नेता अनुप्रिया पटेल और निषाद पार्टी प्रमुख संजय निषाद असहज हालात पैदा कर सकते हैं। अनुप्रिया पटेल भले टिकट के सवाल पर सार्वजनिक तौर पर बोलने से बच रही हों, लेकिन जिन सीटों पर उप चुनाव हो रहे हैं, उनमें कम से कम एक पर उनकी दिलचस्पी है। खासकर मिर्जापुर और वाराणसी से लगी मझवां सीट जिसे अपना दल अपने कोर वोटर्स की संख्या के मद्देनजर चुनाव लड़ने को आसान समझती है। वहीं, कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने कटेहरी और मझवां सीट पर दावा किया था। यह तक कह दिया था कि, मझवां सीट को लेकर कोई समझौता नहीं, अगर उन्हें ये सीट भी नहीं मिल पाएगी तो वो गठबंधन में रहकर क्या करेंगे। इधर, सपा से मिली गाजियाबाद सदर और खैर सीट पाकर कांग्रेस असंतुष्ट है। उसकी मांग है कि फूलपुर सीट भी उसे दी जाए। मगर सपा ने फूलपुर से अपना उम्मीदवार पहले ही उतार दिया है।

### दिल्ली पहुंचे मंत्री संजय निषाद

निषाद पार्टी मुखिया संजय निषाद केन्द्रीय नेतृत्व से उप्र. उप चुनाव में अपनी पार्टी के सिंबल से चुनाव लड़ाने की मांग करने दिल्ली पहुंचे हैं। संजय निषाद के मुताबिक, पार्टी कार्यकर्ताओं की मंशा है कि निषाद पार्टी अपने सिंबल पर चुनाव लड़े। भले ही प्रत्याशी भाजपा का हो। हमने भाजपा के प्रदेश नेतृत्व को बता दिया है, अब केंद्रीय नेतृत्व को बताऊंगा।

# दिल्ली के सीआरपीएफ स्कूल के पास हुआ जोरदार धमाका

नई दिल्ली,एजेंसी

दिल्ली में रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास रविवार सुबह एक धमाका हुआ, हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

अधिकारियों ने बताया कि रोहिणी के सेक्टर-14 में सीआरपीएफ स्कूल के पास सुबह करीब 7:50 बजे धमाका हुआ था, जिसके बाद बम निरोधक दस्ता और पुलिस की एक फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया एनआईए और एनएसजी के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। धमाके में स्कूल की दीवार, पास की दुकानें और एक कार को नुकसान पहुंचा है। घटनास्थल पर धुएं का गुबार उठता हुआ नजर आया। विस्फोट के बाद का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें घना सफेद धुआं नजर आ रहा है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि वे मोबाइल नेटवर्क का डेटा एकत्र कर रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि विस्फोट के समय आसपास कौन-कौन मौजूद थे। उसने कहा कि ऐसा संदेह है कि एक देसी बम के कारण यह धमाका हो सकता है। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल पर संदिग्ध 'सफेद पाउडर' बरामद किया और उसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है।


दुर्दशाग्रस्त यह सड़क ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे से यशोदा नगर की है। अमृत विचार


फजलगंज सड़क पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं। अमृत विचार

# प्रिंटिंग व्यापारी की संदिग्ध दशा में मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा थानाक्षेत्र में शनिवार को प्रिंटिंग मशीन मालिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पत्नी के अनुसार वह उठे थे, इसी दौरान खांसी आते-आते उनकी हालत बिगड़ी। जब तक वह उन्हें अस्पताल ले जाते, बेड पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की बहनों ने पत्नी पर ही हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने मामले की जांच की और मौत की असली वजह जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

- बहनों ने पत्नी पर हत्या करने का आरोप लगाया

बर्रा-2 सिंगल स्टोरी निवासी संतोष कुमार वर्मा प्रिंटिंग मशीन की अपनी फर्म चलाते थे। घर पर पत्नी माला वर्मा और दो बेटे लक्ष्य व मानस है। पत्नी व अन्य परिजनों ने बताया कि शनिवार सुबह करीब नौ बजे सोकर उठी तो पति को तेज खांसी आ रही थी। वह जब तक अन्य लोगों को बुलाने जाती हालत और बिगड़ गई। जैसे तैसे पड़ोसियों और अन्य परिजनों की मदद से पति को एक निजी अस्पताल ले गए जहां से कार्डियोलॉजी रेफर कर दिया गया। यहां डॉक्टरों ने चेक करते ही जवाब दे दिया। इसके बाद वह लोग घर उनके शव को लेकर घर आ गए। बनारस में रहने वाली उनकी बहन मंजू, शोभा, पम्मी व भांजी भांजों ने हत्या करने का आरोप लगा दिया और पुलिस को सूचना दे दी।

पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की और शव को कब्जे में ले लिया। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित किया गया है।

# अधूरा पैचवर्क बढ़ा रहा जनता की मुश्किलें

## पीडब्ल्यूडी और नगर निगम की सड़कों पर आधा-अधूरा कार्य कर रहे ठेकेदार, निगरानी भी नहीं हो रही

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम और पीडब्ल्यूडी शासन के निर्देश पर सड़कों पर पैचवर्क व नया निर्माण कर रहे हैं। लेकिन, विभाग के ठेकेदार कई सड़कों पर चलताऊ काम कर आगे बढ़ जा रहे हैं। जिससे जनता की समस्या पूरी तरह से खत्म नहीं हो पा रही है। शहर की कई सड़कों पर अधूरा पैचवर्क हो रहा है। ठेकेदार एक ही सड़क पर कई जगह गड्ढे भर रहे हैं तो कई जगह बिना भरे ही आगे बढ़ जा रहे हैं। वहीं, फौरी काम करने की वजह से सड़कें मोटरेबल नहीं हो रही हैं, और ऊबड़-खाबड़ रास्तों से ही राहगीरों को निकलना पड़ रहा है।

### नगर निगम व पीडब्ल्यूडी में शिकायतों का अंबार

नगर निगम व पीडब्ल्यूडी में टूटी सड़कों की शिकायतों का अंबार है। आईजीआरएस के जरिये लोग सड़कों को बनवाने की मांग कर रहे हैं। संजय नगर कॉलोनी मछरिया रोड, रामबाग, जाजमऊ में जेके क्रस्ट के पास, संदीप नगर, दहेली सुजानपुर से सनिगवां मार्ग, बक्तोरीपुरवा से सत्या हॉस्पिटल को जाने वाली सड़ की मरम्मत, आर्य नगर में एंबेसडर ड्राई क्लीनर के बगल की गली की मरम्मत, मंगला विहार में सड़कों के निर्माण के लिये पीडब्ल्यूडी और नगर निगम में आईजीआरएस से शिकायत दर्ज हुई है। वहीं, आये दिन जनप्रतिनिधि, पार्षद, जनता पत्रों जरिये सड़कों को बनाने की मांग कर रहे हैं। जिनकी संख्या सैकड़ों में है।

### 100 किमी. सड़कों पर हुआ पैचवर्क

नगर निगम अपनी 150 किमी. में फैली सड़कों की मरम्मत कर रहा है। बुधवार तक 100 किमी. सड़कों पर नगर निगम ने पैचवर्क कर लिया है। नगर निगम की माने तो उन्होंने शहर की आधी से ज्यादा सड़कों पर पैचवर्क कर दिये हैं। 28 अक्टूबर से पहले बची सड़कों को भी बना दिया जायेगा। वहीं, पीडब्ल्यूडी भी सड़कों की मरम्मत करने में जुटा है, सबसे ज्यादा समस्या पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर ही है। कालपी रोड, जीटी रोड, गोविंद नगर समेत कई पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर अभी भी गड्ढे हैं।

सर्वोदय नगर से फजलगंज होते हुये गोविंद नगर जाने वाली सड़क पर पैचवर्क किया जा चुका है। लेकिन, फजलगंज से गोविंद पुरी पुराने पुल से चढ़कर और नीचे उतरकर कई जगह पैचवर्क है और कई जगह ठेकेदार गड्ढे खुले ही छोड़कर भाग खड़े हुये हैं। फजलगंज चौराह से गोविंद नगर बढ़ने पर रोडवेज बस के सामने तो थोड़ी-थोड़ी दूर पर कई बड़े गड्ढे छूटे हैं। यहां सीवर की समस्या को देखते हुये सड़क निर्माण कार्य नहीं किया गया। गोविंद पुरी पुराने पुल पर चढ़ते समय बिना रोलर चलाए ही गिट्टी और डाबर सड़क पर चिपका दिया गया जो उखड़ने लगा है। यहां मोटरेबल सड़क न होने की वजह से राहगीर परेशान हैं। इसी तरह पुल से उतरते समय भी यही समस्या है। डीबीएस तिराहे पर पैचवर्क है पर आगे बढ़ते ही दीप होटल के सामने कई गड्ढे हैं। काकादेव नीरक्षीर चौराहे से शास्त्री नगर जाने वाले मार्ग पर पैचवर्क हुआ है, लेकिन कई स्थानों पर गड्ढों को भरा नहीं गया। काकादेव थाने के सामने वाले मार्ग पर भी गड्ढे छोड़ दिये गये हैं। रातों-रात ठेकेदार मनमानी से पैचवर्क कर आगे बढ़ जा रहे हैं। जिसपर अब लोग शिकायत करने लगे हैं।

- फजलगंज से गोविंद नगर जाने वाली सड़क समेत कई जगह समस्या

## फायरिंग व मारपीट में गिरफ्तारी

**कल्याणपुर।** पनकी में युवक को बुलाकर मारपीट व फायरिंग करने वाले फरार आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कानपुर देहात के शिवली रैपालपुर निवासी विनीता के मुताबिक गत 18 जुलाई को पनका बहादुर नगर निवासी सुधीर तिवारी ने उनके पति देशराज को बातचीत के लिए पतरसा रेलवे लाइन के पास बुलाया था। जहां सधीर ने आपने कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर उनके पति के साथ मारपीट शुरू की थी। दबंगों ने फायर भी झोंक दिया था। हालांकि गोली देशराज को नहीं लगी थी । इस मामले में फरार चल रहा सुधीर तिवारी रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ विधिक करवाई की जा रही है।

# गैरों से संबंध रखने में ईमान जाएगा, जहन्नम जलाएगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जमीअत उलमा हिंद के कार्यवाहक प्रदेश महामंमत्री एवं शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने ख्वातीन जलसे में कहा कि गैरों से संबंध बनाकर अपना दीन-ईमान खराब मत करो, ऐसा करने से जहन्नम की आग भी तुमको जलाएगी। इस्लाम ने ख्वातीन को जो रुतबा और सहूलियत दे रखा है, वह कहीं नहीं है।

रविवार को शहर जमीअत उलमा एवं इस्लाहे मुआशरा कमेटी की जानिब से बासमंडी स्थित गरीब नवाज हॉल में ख्वातीन का जलसा हुआ जिसमें हलीम प्राइमरी मस्जिद के पेशइमाम कारी मोहम्मद अमीन ने कहा कि अल्लाह और उसके रसूल ने जो इस्लामी तरीका कायदे कानून बनाए हैं, उसके मुताबिक जिंदगी गुजारने वाले दुनिया और आखिरत दोनों जगह कामयाब होते हैं। आज मुआशरे (समाज) में बेशुमार बुराइयां और खराबी पैदा हो गई हैं जिन्हें रोकना होगा। हमारे बच्चों को जुआ, शराब की लत लग रही है जिससे उन्हें बचाना होगा। बच्चियों की दुनिया तालीम के साथ-साथ दीनी तालीम भी दी जाए कार्यक्रम संयोजक मौलाना अबू बकर हादी मौलाना मुफ्ती इकबाल कासमी, मौलाना मोहम्मद शाहिद कासमी, मौलाना खलील अहमद कासमी, मौलाना इनामुल्लाह कासमी आदि ने विचार रखे।

- बासमंडी में हुआ ख्वातीन का जलसा

## एक नजर

### पांडु नदी में मिला अज्ञात महिला का शव

**कानपुर।** गुजैनी थानाक्षेत्र में रविवार सुबह बनपुरवा स्थित पांडु नदी में महिला का शव पड़ा मिला। शरीर पर चोटों के निशान देखकर हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। पुलिस ने शिनाख्त के लिए कानपुर के सभी थानों और आसपास के जिलों और सोशल मीडिया में संपर्क किया है। एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह ने बताया कि रविवार सुबह गुजैनी क्षेत्र के पांडु नदी पुल के पास एक महिला का शव मिलने की सूचना मिली। उसकी पहचान नहीं हो सकी। उनका कहना था कि मौत का कारण पोस्टमार्टम होने के बाद स्पष्ट हो सकेगा।

### वंदेभारत, भागलपुर समेत कई ट्रेनें लेट

**कानपुर।** प्रयागराज स्टेशन के पास चल रही नॉन इंटरलाकिंग कार्य के चलते ट्रैक पर लिए गए कॉशन के कारण वंदेभारत, भागलपुर, मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें लेट रहीं। प्रयागराज से कानपुर के मध्य आने वाली ट्रेनों में भागलपुर नई दिल्ली एक्सप्रेस, आनंद विहार मुजफ्फर नगर एक्सप्रेस, आम्रपाली एक्सप्रेस, मुरी एक्सप्रेस, वंदेभारत एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें शामिल हैं।

### सीटीआई नहर में मिला युवक का शव

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में सीटीआई नहरिया निवासी 25 वर्षीय सुनील कुमार का संदिग्ध परिस्थितियों में शव नहर में पड़ा मिला। भाई सुशील ने बताया कि वह बड़े थे, उन्हें मिर्गी की समस्या थी। उनका इलाज चल रहा था। रात में अक्सर वह नहर के पास टहलने निकल जाता था।



लोगों को फूल देकर जागरूक करते प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता।

# ऑनलाइन मार्केटिंग के विरोध में उतरे व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** समाजवादी व्यापार सभा ने रविवार को ऑनलाइन मार्केटिंग के खिलाफ अभियान चलाकर लोगों को त्योहार में दुकानदारों से ही खरीदारी करने की अपील की। साथ ही उन्हें गुलाब का फूल देकर जागरूक किया और जूही व गोविंद नगर क्षेत्र पदयात्रा से लोगों से हाथ जोड़ कहा कि ऑनलाइन खरीदारी करने से कुछ साल में घर के पास के बाजार उजड़ जाएंगे।

सपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि खुदरा, फुटकर और छोटे दुकानदारों के समर्थन में और ऑनलाइन व्यापार के बहिष्कार की अपील के साथ जागरुकता अभियान चलाया गया है। ऑनलाइन व्यापार के कारण छोटे दुकानदार बर्बाद हो गए हैं।

- समाजवादी व्यापार सभा ने बाजारों में चलाया जागरूकता अभियान

पहले ही नोटबंदी, जीएसटी और इंस्पेक्टर राज के कारण छोटा व्यापारी त्राहि-त्राहि कर रहा है। ऐसे में ऑनलाइन व्यापार ने तो छोटे दुकानदारों की कमर ही तोड़ दी है। सरकार से मांग है कि ऑनलाइन व्यापार पर अतिरिक्त टैक्स लगाते हुए खुदरा व्यापारियों और दुकानदारों को प्रोत्साहित करें। इस दौरान प्रदेश सचिव विवेक श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य काले खान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साकिफ कुरैशी, वरिष्ठ सपा नेता ऋषिराज अग्रवाल, ओमप्रकाश गुप्ता, सरफराज अहमद, अन्नू अंसारी, पवन पांडे, रितेश गुप्ता, रोहित सिंह, मो. मुन्ना आदि क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियम पालन जरूरी

**कानपुर।** आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय में रोड सेफ़्टी क्लब की ओर से पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। समारोह में 2 से 16 अक्टूबर के मध्य यातायात जागरुकता अभियान में शामिल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संदेश दिया गया कि परिवार की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों का पालन करना जरूरी है।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चन्दर और कॉलेज की प्राचार्य प्रो. ऋांभरा ने की। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चन्दर ने कहा कि आप अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों पालन जरूर करे। इसके साथ ही उन्होंने सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलायी। समारोह में कॉलेज की प्राचार्य प्रो. ऋांभरा ने यातायात अभियान में भाग लेनी वाली छात्राओं और प्रभारी के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में रोड सेफ्टी क्लब की प्रभारी प्रो. डॉ.संध्या शर्मा मौजूद रहीं।प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हर्षिता भाटिया को प्रथम ,मुस्कान गुप्ता को द्वितीय व कोमल भारतीय को तृतीय पुरस्कार मिला। इसी तरह पोस्टर प्रतियोगिता में सिदरा नाज को प्रथम,आंचल को द्वितीय व अंजली को तृतीय पुरस्कार मिला।



राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अधिवेशन में मौजूद एडीएम सिटी डॉ .राजेश कुमार, एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव, प्रांतीय अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी, प्रदेश संरक्षक भूपेश अवस्थी आदि। अमृत विचार

### अध्यक्ष बने प्रभात मिश्रा व मंत्री उदयराज सिंह

उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के द्विवार्षिय अधिवेशन में चुनाव अधिकारी व परिषद के मंडल महामंत्री संतोष तिवारीकी देखरेख में जिला इकाई का चुनाव हुआ, जिसमें निर्विरोध रूप से प्रभात मिश्रा जिलाध्यक्ष, उदय राज सिंह जिला मंत्री, रति कांत पाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष व मेवालाल संप्रेक्षक निर्वाचित हुए। साथ ही क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में रजनीश श्रीवास्तव का मनोनयन प्रदेश अध्यक्ष ने किया। प्रदेश अध्यक्ष ने निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

# परिषद में उठा पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का रविवार को पीडब्ल्यूडी संघ भवन में द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन हुआ, जिसमे कर्मचारी के अधिकांश संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। अधिवेशन में पदाधिकारियों ने सरकार द्वारा लागू की गई यूनिक पेंशन स्कीम (यूपीएस), सरकारी विभागों में निजीकरण, कर्मचारियों के अधिकारों का दबाने समेत आदि कार्यों का विरोध किया।

उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के द्विवार्षिक अधिवेशन की शुरुआत एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार, एडीसीपी पूर्वी आईपीएस राजेश श्रीवास्तव, प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी व प्रदेश संरक्षक भूपेश अवस्थी ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी ने संगठन की ओर से पुरानी पेंशन बहाली के लिए किए गए आंदोलनों की जानकारी दी। अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने बताया कि जुलाई 2024 में सरकार ने यूपीएस लागू किया है, जिसमे कर्मचारियों के वेतन से कुछ प्रतिशत रुपये की कटौती पेंशन के लिए होगी। जबकि पुरानी पेंशन स्कीम ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। कर्मचारियों की वेतन से की जा रही कटौती का पैसा सरकार शेयर बाजार में इनवेस्ट करने की बात कह रही है। लेकिन जानकारी कर्मचारियों को कैसे होगी कि उनका पैसा कब और कहां इस्तेमाल होगा। वेतन से 28.5 प्रतिशत कटौती होना बढ़ी बात है।

मंत्री उदयराज सिंह यादव ने बताया कि यूपीएस के तहत 10 प्रतिशत हिस्सा कर्मचारी और 18.5 प्रतिशत हिस्सा सरकार के खाते से शेयर बाजार में दिया जा रहा है। शेयर मार्केट के इंडेक्स के आधार पर पेंशन तय होगी। बाजार में उतार-चढ़ाव की स्थितियां बनने से कर्मचारियों की पेंशन को काफी नुकसान पहुंचेगा। नगर प्रतिकर भत्ता कोरोना के दौरान सीज कर दिया गया था, जो अब तक लागू नहीं किया गया है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संप्रेक्षक मेवालाल ने बताया कि फील्ड पर काम करने वाले कर्मचारियों को वाहन भत्ता नहीं दिया जा रहा है। अधिवेशन में मंडल अध्यक्ष देवेश द्विवेदी, देवर्षि दुबे, ललितेश तिवारी, रामबाबू पांडे, सुरेश यादव, आशीष पाल, अभिषेक तिवारी, सुशील कुमार, उमेश यादव, कमलेश यादव, राकेश कुमार, राम बहादुर कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

- पीडब्ल्यूडी संघ भवन में हुआ परिषद का द्विवार्षिक अधिवेशन

### 50 कर्मचारी हुए सम्मानित

अपने-अपने क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले 50 सेवानिवृत्त कर्मचारियों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिसमें भूपेश अवस्थी, अशोक सविता, बीएल गुलाबिया, रजनीश श्रीवास्तव, इंजीनियर राजपाल, अमित शुक्ला, शिक्षक हिना श्रीवास्तव, रूपसी बाजपेई, प्रीति शुक्ला, लता मिश्रा, आशा भदौरिया, गीता रस्तोगी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

**विकास की ओर** — अभियंत्रण विभाग से जुड़ी योजनाओं को ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू

# स्मार्ट सिटी की 20 योजनाएं नगर निगम को सौंपी जाएंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्मार्ट सिटी लि. की 20 पूरी हो चुकी परियोजनाओं को नगर निगम को देने की तैयारी शुरू हो गई है। 2025 अप्रैल को स्मार्ट सिटी मिशन का कार्यकाल खत्म हो जायेगा। इसलिये विभाग सभी योजनाओं को नगर निगम के सुपुर्द करना चाहता है। स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी ने नगर निगम अभियंत्रण विभाग, उद्यान,स्वास्थ्य विभाग व अन्य से जुड़ी योजनाओं को स्थलीय निरीक्षण कराते हुये जल्द हैंडओवर लेने के लिये कहा है, साथ ही संबंधित कार्यों की सूची भी सौंपी है।

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत कानपुर स्मार्ट सिटी लि. ने योजना के प्रथम चरण में 72 परियोजनाओं पर काम किया। इसमें 68 योजना को पूरा किया जा चुका है, कुछ परियोजनाओं को स्मार्ट सिटी ने नगर निगम के संबंधित विभाग को हैंडओवर कर दिया है। लेकिन, अभियंत्रण विभाग, उद्यान अद्यीक्षक, लाइटिंग डिपार्टमेंट, ट्रैफिक डिपार्टमेंट, स्वास्थ्य विभाग, जलकल के साथ ही केस्को, केएससीएल, पुलिस डिपार्टमेंट से जुड़ी 20 योजनाओं को अभी तक नगर निगम को नहीं दिया गया है। स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी आरके तिवारी ने बताया कि योजनाओं का हैंडओवर देने के लिये नगर निगम व संबंधित विभागों को पत्र भेजा गया है।

- स्मार्ट सिटी लि. की 72 परियोजनाओं में 68 का कार्य पूरा हुआ


चुन्नीगंज कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

### इस योजना पर कार्य चल रहा है

- ब्रजेंद्र स्वरूप पार्क में खाऊ गली
- चुन्नीगंज कन्वेंशन सेंटर
- कचहरी में मल्टीलेवल पार्किंग
- एबीसी सेंटर (कुत्तों के लिये)

### इन कार्यों को करना है हैंडओवर

बड़ा चौराहा से जुड़े सुंदरीकरण, बजरिया थाने से ग्वालटोली होते हुये चुन्नीगंज जाने वाली सड़क, फूलबाग का सुंदरीकरण, पालिका स्टेडियम चेन फेसिंग, नानापार्क में फुट ओवर ब्रिज, आनंदेश्वर परमट कॉरिडोर, पार्क का सुंदरीकरण व ओपेन जिम, सड़कों का सुंदरीकरण व साइनेज, कारगिल पार्क में बोटिंग, केस्को सिविल लाइंस में फसाड लाइट, ट्रैस स्कीमर्स आदि।

### दूसरे विभागों को हैंडओवर

स्मार्ट सिटी ने शहर में बने बस स्टॉप का केएससीएल को हैंडओवर कर दिया है। स्मार्ट सिटी ऑपरेशन सेंटर भी केएससीएल को दे दिया गया है। पुलिस लाइन में बने बैडमिंटन कोर्ट को पुलिस विभाग को देने के लिये दो लेटर भेजे जा चुके हैं। बस्तियों के उन्नयन के लिये स्मार्ट सिटी की ओर से सवा चार करोड़ रुपये से कार्य हुये यहां सीवर व पेयजल के कार्य हुये हैं जिसकों जलकल को सौंपने की प्रक्रिया शुरू हुई है।

## हरियाणा की शराब समेत युवक गिरफ्तार

**कल्याणपुर।** हरियाणा से सस्ती अंग्रेजी शराब लाकर कानपुर में बेचकर मोटा मुनाफा कमाने वाले युवक को कल्याणपुर पुलिस ने धर दबोचा। आरोपित के कब्जे से पुलिस ने 23 बोतल शराब बरामद की है। पुलिस उसके गिरोह के बारे में जानकारी कर रही है।

कल्याणपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर काकादेव एल ब्लॉक निवासी हर्षित कुमार को बिठूर रोड से धर दबोचा। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने हरियाणा निर्मित 23 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह मोटा मुनाफा कमाने के लालच में सस्ते दामों पर हरियाणा से शराब लाकर कानपुर में बेंचता था। बताया कि यहां की तुलना में हरियाणा में शराब सस्ती मिलती है। इस संबंध में कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि आबकारी अधिनियम के तहत आरोपित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है।

# सीवर भराव पर गुस्साई जनता ने पार्षद को घेरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** करवाचौथ के दिन जुही के कई मोहल्लों में सीवर बैकफ्लो हो गया। टूटी सीवर लाइन की वजह से जुही बम्बुरहिया व गढ़ा में घरों के बाहर सीवर का गंदा पानी भर गया। इससे गुस्साई जनता ने पार्षद खरी-खोटी सुना दी। जनता ने पार्षद का घेराव करते हुये कहा कि मेट्रो निर्माण से समस्या बढ़ गई है, पार्षद ने जनता को आश्वासन देते हुये कहा कि यदि समस्या दूर नहीं हुई तो सोमवार से आमरण अनशन करूंगी।

मेट्रो ने जूही हमीरपुर मार्ग पर निर्माण कार्य किया है। एलिवेटेड मेट्रो पुल बनाने के चक्कर में निर्माण एजेंसी ने क्षेत्र के कई नालों को बंद कर दिया, वहीं सीवर लाइनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। इससे जूही में सीवर व जलभराव की समस्या हो गई है।

रविवार सुबह एक बार फिर से समस्या ने विकराल रूप ले लिया। सीवर का गंदा पानी घरों में बैकफ्लो कर दिया। इससे गुस्साई भीड़ ने पार्षद को मौके पर बुलाकर जमकर खरी-खोटी सुनाई। पार्षद से कहा कि करवाचौथ का त्योहार है और घरों के सामने गंदा पानी भरा है ऐसे में कैसे त्योहार करेंगे। सौम्या, खुशबू, माया, गीता वर्मा, मीना, सुरजीत सिंह, ओमेश वर्मा, विशाल दिवाकर, अशोक मिश्रा, हिमांशु त्रिवेदी समेत दर्जनों स्थानीय लोगों ने हंगामा किया और समस्या को जल्द दूर करने की मांग की। पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने बताया कि जलकल जीएम और नगर आयुक्त को मैसेज भेजा है कि मैं जलकल और मेट्रो के अधिकारियों के खिलाफ सोमवार से भूख हड़ताल पर बैठ रही हूं।

- मेट्रो निर्माण की वजह से जुही बम्बुरहिया व गढ़ा में सीवर लाइन टूटी

**आज का मौसम**

दोपहर से धूप तेज रहेगी वर्षा होने की कोई संभावना नहीं है।

36.0° अधिकतम तापमान | 21.6° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:11 | सूर्यास्त 05:35

## एक नजर

### बिरहाना रोड का सुंदरीकरण न होने पर फटकार

**कानपुर।** बिरहाना रोड का सौंदर्यीकरण न होने पर मंडलायुक्त ने संबंधित विभागों को फटकार लगाई है। निरीक्षण के दौरान कार्य अधूरे मिले हैं जिसपर डीएम, प्रबंध निदेशक केस्को, केडीए उपाध्यक्ष और नगर आयुक्त को पत्र भेजकर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताते हुए समय से कार्य पूरा कराने को कहा है।

# सिपाही को लाइन, थानेदार को छुट्टी पर भेजा

कार्यालय संवाददाता कानपुर

- **चोरी का माल बरामद होने पर कार्रवाई, एसीपी कैंट को जांच**
- **चोर ने बताया कि थानेदार और सिपाही ने लिया था चोरी का माल**

**अमृत विचार।** चोरी का माल बरामद होने पर डीसीपी पूर्वी ने रेलबाजार थानेदार के कारखास को लाइन हाजिर कर दिया है और थानेदार को छुट्टी पर भेज दिया। इस मामले की जांच एसीपी कैंट को सौंपी गई है।

बर्रा में 30 सितंबर को शालिनी दुबे के घर लाखों की चोरी हुई थी। साउथ जोन की पुलिस ने वारदात का खुलासा करते हुए चोर को गिरफ्तार कर लिया था। चोर ने बताया कि उसे रेल बाजार पुलिस ने पहले ही पकड़ लिया था लेकिन चोरी का सारा माल लेकर उसे छोड़ दिया था। जब इसकी जानकारी डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा और डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह को हुई तो जांच शुरू की गई। चोरी गया तकरीबन 10 से 15 लाख रुपये कीमत का सोना थाने के एक अधिकारी के कमरे से मिल भी गया। डीसीपी पूर्वी ने तुरंत थानेदार के कारखास आमिल हफीज को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच एसीपी कैंट को सौंपी गई है। थानेदार विजय दर्शन शर्मा को छुट्टी पर भेज दिया गया है।

### महिला को बैड टच करने में दरोगा लाइन हाजिर

**कानपुर।** कमिश्नरेट के पूर्वी जोन में तैनात एक दरोगा ने महिला से अभद्रता करने के साथ ही उसे बैड टच किया। महिला के परिजनों ने शिकायत अधिकारियों से की। जिसके बाद दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया। साउथ जोन में रहने वाली एक महिला घर से फरार हो गई थी। उसे भगाने वाला व्यक्ति पूर्वी जोन में रहता है। उसकी लोकेशन मुंबई में मिली। पूर्वी जोन में तैनात एक दरोगा उसे लेने के लिए टीम के साथ मुंबई पहुंच गया। वहां से वह महिला को लेकर ट्रेन से कानपुर आ रहा था। आरोप है कि ट्रेन में ही उसने महिला के साथ अभद्रता और उसे बैड टच किया। जब ट्रेन कानपुर पहुंची तो महिला के परिजनों को उसे सुपुर्द करने के लिए बुलाया गया। महिला ने अपने साथ हुई घटना परिवारजनों को बताई। जिसके बाद उन लोगों ने अधिकारियों से मामले में शिकायत की। इस महीने की शुरुआत में जांच शुरू हुई तो दरोगा प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया जिसके बाद अधिकारियों ने उसे लाइन हाजिर कर दिया। रविवार को पूरे दिन ये घटना महकमे चर्चा का विषय बनी रही। इस मामले में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि परिवार वालों से इस पर बात की गई मगर उन्होंने लोक लाज का हवाला देकर कोई शिकायती प्रार्थना पत्र नहीं दिया। इस वजह से दरोगा के अन्य जो मामले थे उसे आधार बनाकर उसे लाइन हाजिर किया गया है। परिवार वालों से मामले में तहरीर देने के लिए कहा गया है। उस हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फैक्ट्री में आग, लाखों का माल जला

संवाददाता, सरसौल (कानपुर)



लेदर फैक्ट्री से उठता धुंआ व लपटें। अमृत विचार

- **लपटें व धुंआ उठता देख आसपास फैक्ट्रियों में हड़कंप**

**अमृत विचार।** कुलगांव स्थित रॉस लेदर गुड्स फैक्ट्री में रविवार को भीषण आग लग गई। फैक्ट्री से तेज लपटें व धुंआ उठता देख आसपास की फैक्ट्रियों में हड़कंप मच गया। गार्डों व मजदूरों की सूचना पर पहुंचे दमकल जवानों ने मशक्कत कर किसी तरह आग पर काबू पाया। फैक्ट्री मालिक ने बताया कि लाखों नुकसान हुआ है, आकलन कर इसकी रिपोर्ट दी जाएगी।

कुलगांव में विशाल अग्रवाल की रॉस लेदर फैक्ट्री है। त्योहार के साथ अवकाश होने के कारण रविवार को फैक्ट्री बंद थी। चौकी इंचार्ज कुलगांव प्रदीप कुमार ने बताया कि दोपहर करीब ढाई बजे अचानक फैक्ट्री से लपटे व धुंआ उठने लगा तो आसपास की फैक्ट्रियों के गार्ड व मजदूरों ने इसकी सूचना पुलिस के साथ औद्योगिक क्षेत्र स्थित दमकल विभाग को दी। इसके बाद फैक्ट्री मालिक को घटना से अवगत कराया गया। कुछ ही देर में पहुंचे दमकल कर्मियों ने मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। काफी सामान बचा लिया गया है। फैक्ट्री मालिक ने बताया कि आग से काफी नुकसान हुआ है, लेकिन पुख्ता नुकसान की जानकारी अभी दे पाना संभव नहीं है। आग कैसे लगी यह भी अभी बता पाना संभव नहीं है, फिलहाल शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

# त्योहार पर सिटी के सबसे बड़े बाजार में चोरी

## नयागंज किराना बाजार में पांच लाख का कैश पार, एसीपी ऑफिस और थाने से कुछ दूरी पर हुई वारदात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नयागंज में मौके पर पहुंचे व्यापारियों से जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

- **व्यापारियों ने पहुंचकर पुलिस से जताया आक्रोश**

**अमृत विचार।** त्योहारों के समय शहर के सबसे बड़े बाजार नयागंज में कलक्टरगंज थाने और एसीपी कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर चोरों ने एक ट्रेडर्स को अपना निशाना बनाया। यहां ताले तोड़कर चोरों ने करीब पांच लाख रुपये की नकदी पार कर दी। रविवार सुबह दुकान का ताला टूटा देख लोगों ने मालिक और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर कलक्टरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस दौरान उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और आक्रोश जाहिर किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से चोरों की तलाश में जुट गई है।

जनरलगंज निवासी विजय कुमार गुप्ता की नयागंज किराना बाजार में शिवाय ट्रेडर्स नाम से दुकान है। जहां मिर्चा का व्यापार होता है। उन्होंने बताया कि शनिवार रात वह दुकान बंद करके घर चले गए थे। रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान का ताला टूटा देखा तो फोन कर सूचना दी। वह मौके पर पहुंचे तब देखा कि दुकान में चोरी हो गई है। अंदर दाखिल होने पर पता चला कि कैश बॉक्स से चोर करीब पांच लाख रुपये कैश ले गए। चोरी की जानकारी मिलते ही प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ज्ञानेश मिश्रा, पार्षद शिवम दीक्षित समेत करीब एक दर्जन व्यापारी मौके पर पहुंचे और पुलिस पर गश्त न करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। आरोप था कि थाने से महज कुछ दूरी पर चोरी हो गई और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। कलक्टरगंज पुलिस ने बताया कि पीड़ित व्यापारी ने तहरीर देकर मामला दर्ज कराया है। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### सेवानिवृत्त बैंककर्मी के घर से 10 लाख की चोरी

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर रामपुरम निवासी सेवानिवृत्त बैंककर्मी ओमप्रकाश यादव के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी और जेवर समेत 10 लाख रुपये का माल पार कर दिया। आरोप है कि घटना के बाद चकेरी पुलिस टहलाती रही। आलाधिकारियों से शिकायत की गई तो 18 दिन बाद रिपोर्ट लिखी गई। ओम प्रकाश यादव ने बताया कि सितंबर माह में वह पत्नी निर्मला के साथ दिल्ली में रहने वाले बेटे अमरदीप के यहां गए थे। एक अक्टूबर को स्वर्ण जयंती विहार में रहने वाला छोटा बेटा सूर्य प्रकाश किरायेदारों से किराया लेने के लिए पहुंचा तो कमरा का ताला टूटा मिला। 4.50 लाख रुपये की नकदी व जेवरात समेत 10 लाख रुपये की चोरी हो गई। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि घटना संदिग्ध लग रही है, जांच शुरू की गई है।

### रोलिंग मशीन में दुपट्टा फंसने से मौत

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र की दाल मिल फैक्ट्री में एक दर्दनाक हादसा हुआ। जहां रोलिंग मशीन में दुपट्टा फंसने से महिला कर्मचारी का गला कसने से मौत हो गई।

जिला उन्नाव के थाना हसनगंज के ग्राम सहमदपुर निवासिनी मन्नो देवी पनकी इंडस्ट्रियल साइट नंबर 3 क्षेत्र में स्थित पटेल इंडस्ट्रीज दाल मिल मं। काम करीब 15 वर्षों से काम करती थी। वह सरायमीता में किराए का कमरा लेकर रहती थी। बेटे दुर्गेश और श्यामबाबू ने बताया कि शनिवार को वह दाल पीसने के लिए रोलिंग मशीन चला रही थी, इसी दौरान उसका दुपट्टा मशीन के पार्ट में फंस गया। जिससे महिला का कला कसता चला गया। छटपटाते हुए उसने शोर मचाया लेकिन कुछ ही मिनट में महिला की सांसें थम गईं। हादसे से फैक्ट्री में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दुपट्टे में फंसे शव को निकालकर परिजनों को सूचना दी। पनकी पुलिस ने बताया परिजनों को शव सौंप दिया गया है। तहरीर आएगी तो उसके आधार पर जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

# स्टॉक को मिलाने में उलझ गई जांच टीम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **शुक्रवार को शुरू हुई छापेमारी में 70 अधिकारियों ने खंगाले अभिलेख**
- **सीजीएसटी का छापा, करोड़ों रुपये की कर अपवंचना का हो सकता है खुलासा**

**अमृत विचार।** एसएनके ग्रुप पर छापेमारी करने वाली सीजीएसटी टीम कंपनी के स्टॉक के ब्योरों में उलझ गई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार स्टॉक और आंकड़ों के बिखराव के कारण मिलान कठिन हो रहा है। अभी स्टॉक का आकलन करने के लिए दो दिन से 70 टीमें जुटी हुई हैं। अनुमान है कि करोड़ों रुपये की कर अपवंचना का खुलासा हो सकता है।

सीजीएसटी की डीजीजीआई विंग की सात टीमों ने शुक्रवार सुबह करीब सात बजे एसएनके पान मसाला के शहर में अलग-अलग 11 प्रतिष्ठानों पर छापा मारा था। इसमें दिल्ली, लखनऊ से आए 70 से अधिक अफसर शामिल थे। सूत्रों के अनुसार रविवार भोर तक कार्रवाई जारी रही। पनकी स्थित कारोबारी की दो फैक्ट्री, स्वरूप नगर में आवास के अलावा कारोबारी के भाई की पनकी में पान मसाला का रैपर तैयार करने वाली दो फैक्ट्री पर भी कार्रवाई की गई थी। इसके अलावा नजदीकी रिश्तेदार व कारोबार में सहयोगी के पांडु नगर स्थित आवास पर भी छापा मारा गया था। माल भेजने और लाने में सहयोग करने वाले ट्रांसपोर्टर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित गोदाम और सुपारी की सप्लाई करने वाले व्यापारी के किदवई नगर स्थित आवास समेत दो ठिकानों पर रविवार सुबह तक जांच होती रही।

बताया जा रहा है कि छापेमारी के दौरान करोड़ों रुपये की कर अपवंचना सामने आ चुकी है। हालांकि अधिकारियों की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार छापेमारी में मुखौटा कंपनियां बनाकर खरीद-फरोख्त के साक्ष्य भी टीम को मिले हैं।

# ई रिक्शा-ऑटो के लिए 30 रूट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **वाहन स्वामियों के साथ वार्ता करके रूट को देंगे अंतिम रूप**
- **वाहन स्वामी जिस क्षेत्र में रहते हैं उधर का ही मिलेगा रूट**

**अमृत विचार।** यातायात विभाग ने शहर को जाम से बचाने के लिए ई रिक्शा और ऑटो के लिए 30 रूटों का चयन किया है। इन रूटों को तभी अंतिम रूप दिया जाएगा जब वाहन स्वामियों से बात हो जाएगी। 21 अक्टूबर से सात दिन के अंदर वाहन स्वामी अपने सुझाव यातायात विभाग को दे सकेंगे। रूट पर इन वाहनों के चलने का समय सुबह नौ बजे से रात्रि नौ बजे तक होगा।

### इन रूटों का चयन

- नौबस्ता से बर्रा बाईपास भौंती।
- नौबस्ता से यशोदानगर, बाकरगंज, घंटाघर तक।
- बर्रा बाईपास से कर्रही होते हुए नौबस्ता बंबा।
- बर्रा बाईपास से नंदलाल, चावला चौराहा, बीओबी चौराहा होते हुए गुटैया तक।
- बसंत पेट्रोल पंप से शास्त्रीचौक से विजय नगर तक।
- किदवई नगर से बारादेवी से नंदलाल होते हुए सीटीआई तक।
- रावतपुर तिराहा से कंपनीबाग होते हुए कर्बला तक।
- बीओबी चौराहा से फजलगंज होते हुए मरियमपुर, हैलट, कर्नलगंज से लाल इमली होते हुए बड़ा चौराहा।
- जरीब चौकी से पीरोड होते हुए कर्नलगंज से बड़ा चौराहा तक।
- जरीब चौकी से डिप्टी पड़ाव होते हुए घंटाघर।
- जरीब चौकी से फजलगंज से विजय नगर।
- विजय नगर से डबल पुलिया, नमक फैक्ट्री, शारदा नगर क्रासिंग, पनकी रोड चौकी कल्याणपुर होते हुए रेव मोती।
- गुरुदेव चौराहा से कर्बला।
- दलहन क्रासिंग से मसवानपुर चौराहा होते हुए रामलला तक।
- इंदिरा नगर तिराहा से सीएनजी पंप तिराहा, गंगा बैराज, गुरुदेव चौराहा मार्ग से नवाबगंज चिड़ियाघर।
- पुराना शिवली रोड से महिला होटल से बारा सिरोही तक।
- नया शिवली रोड से महिला होटल से बारा सिरोही।
- सीएनजी पंप कल्याणपुर से पनकी।
- भौंती बाईपास से विजय नगर।
- घंटाघर से मूलगंज, परेड होते हुए बड़ा चौराहा।
- घंटाघर से डिप्टी पड़ाव से अफीम कोठी, जूही ढाल, बारा देवी, नौबस्ता।
- बड़ा चौराहा से जाजमऊ।
- जाजमऊ से रामादेवी चौराहा।
- नौबस्ता चौराहा से गदियाना, सनिगवां अंडरपास।
- रामादेवी चौराहा से चकेरी मोड़।
- रामादेवी चौराहा से हरजेंदर नगर, लालबंगला से घंटाघर।
- सतबरी से श्याम नगर से मनोज इंटरनेशनल।
- सेंट्रल स्टेशन के कैंट साइड से रेल बाजार, रॉकेट तिराहा से जाजमऊ, हरजेंदर नगर।
- नया गंगा पुल से झाड़ीबाबा होते हुए नरौना से घंटाघर, सुतरखाना।

### छात्र को पीटा, श्रीराम के नारे लगवाए

**बिधनू (कानपुर)।** सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र स्थित एक इंटर कालेज के बाहर शुक्रवार दोपहर जय श्रीराम का नारा न लगाने पर 10वीं के अनुसूचित जाति के छात्र को आधा दर्जन से ज्यादा छात्रों ने जमकर पीटा। इसके बाद जबरन जय श्रीराम के नारे लगवाए और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। दो दिन बाद रविवार को पीड़ित छात्र परिजनों के साथ थाने पहुंचा और तहरीर दी है।

पीड़ित छात्र के अनुसार वह और उसका परिवार बौद्ध धर्म को मानता है। इसी कारण वह बाबा साहेब व अन्य अनुयायियों के पोस्ट डालता रहता है। जिसका विरोध करते हुए शुक्रवार दोपहर कालेज में छुट्टी होने के बाद आधा दर्जन से अधिक छात्रों ने जय श्रीराम के नारे लगाने के लिए कहा। जाति सूचक गालियां देते हुए जमकर पीटा। जबरन जय श्रीराम के नारे लगवाए और इसका वीडियो वायरल कर दिया। थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# सबने दुत्कारा तो महिला ने होटल में फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **पति और मायकेवालों ने खत्म कर लिए थे संबंध**
- **एक युवक के साथ लिव-इन में रह रही थी**



होटल के बाहर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रायपुरवा थानाक्षेत्र के एक होटल में महिला का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। पुलिस के अनुसार महिला को उसके मायके वालों ने दो दिन पहले दुत्कार दिया था, जिसकी वजह से उसने वापस लौटने के बाद रायपुरवा में स्थित कमरा नंबर 104 में मौत को गले लगा लिया। होटल मैनेजर की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक ने मामले की जांच की।



महिला तहरुन्निशा।

जिला रायबरेली के लालगंज थानाक्षेत्र के बेहटा कलां निवासी नसीर शाह की 27 वर्षीय बेटी तहरुन्निशा 14 वर्ष पहले पड़ोस में रहने वाले विनोद साहू के साथ भाग गई थी। नसीर शाह ने आरोपी विनोद साहू के खिलाफ बहला फुसला कर लालगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। 9 साल बाद दोनों वापस बेहटा कलां पहुंच गए थे। उनके साथ दो बच्चे भी थे। मायके वालों ने तहरन्निशा को अपनाने से मना कर दिया और घर से भगा दिया था। उधर विनोद साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तहरुन्निशा के बयान के बाद विनोद को जमानत मिल गई लेकिन विनोद ने भी तहरुन्निशा को अपनाने से मना कर दिया। दोनों बच्चे विनोद ने ले लिए थे। विनोद और मायके वालों के संबंध न रखने पर तहरुन्निशा इधर उधर भटकती रही। कोई ढाई वर्ष पहले उसकी मुलाकात दबौली गांव निवासी राज सागर से हुई। दोनों में दोस्ती हो गई। राज सागर भाजपा नेता है। तहरुन्निशा राज सागर के साथ पति-पत्नी की तरह रहती थी। राज सागर ने उसे गुजैनी में बुटीक खुलवा दिया था।

### 20 नवंबर को होनी है भाई बहन की शादी

**कानपुर।** कुछ दिन पहले तहरुन्निशा को पता चला कि उसके भाई-बहन की शादी 20 नवंबर को है, तो वह तीन दिन पहले अपने गांव बेहटा कलां गई थी। जहां उसकी मां ने उसे फिर दुत्कार दिया था और संबंध न रखने के लिए कहा था, जिससे वह परेशान होकर अवसाद में आ गई। बाद में राज को जानकारी हुई कि तहरुन्निशा लखनऊ गई है तो वह लखनऊ पहुंच गया लेकिन वह नहीं मिली। देर रात तक वह फोन करके उसे समझाता रहा लेकिन उसने अपना पता नहीं बताया और होटल में जाकर फांसी लगा ली। राज सागर ने पुलिस को बताया कि उसने शादी नहीं की थी लेकिन वह पति-पत्नी की तरह साथ रहते थे।

**आई दिवाली** | अनुमति से ज्यादा रखी आतिशबाजी तो कार्रवाई तय

# थोक की 36, फुटकर की लगेंगी 740 दुकानें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **बिठूर ग्रीन सिटी के पीछे लगेंगी थोक पटाखा दुकानें**
- **ग्रीन पटाखे ही रखने की अनुमति दी जाएगी**

**अमृत विचार।** दीपावली पर पटाखा कारोबारियों को इस बार 34 नियम पूरे करने होंगे। देशी पटाखे प्रतिबंधित रहेंगे और ग्रीन पटाखे ही इस्तेमाल करने दिए जाएंगे। 36 थोक, 740 फुटकर दुकाने लगेंगी। पुलिस विभाग के नियमों के अनुसार जिनके पास पहले से लाइसेंस हैं, उनको प्राथमिकता दी जाएगी। जो पूर्व के लाइसेंसधारी के मृतक आश्रित हैं और ट्रांसफर चाहते हैं उन्हें दूसरी प्राथमिकता दी जाएगी। नए आवेदन जमा करने की तिथि के आधार पर और स्थानों की रिक्तियों के आधार पर वरीयता दी जाएगी। अनुमति से ज्यादा आतिशबाजी रखने पर कार्रवाई होगी।



### चारों जोन में 549 दुकानों के आए आवेदन

पूर्वी इलाके में 94 दुकानों के आवेदन, पश्चिमी जोन में 44, सेंट्रल जोन में 113 और साउथ जोन में 208 आवेदन आए हैं। जिनकी जांच चल रही है। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 36 थोक की दुकानें और 740 फुटकर दुकानें लगवाई जाएंगी।

### दबौली में पटाखा बाजार लगवाने की अपील

**कानपुर।** दबौली, गुजैनी, रतनलाल नगर के फुटकर पटाखा व्यापारियों ने पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी से मिलकर हर साल की तरह इस बार भी दीपावली पर दुर्गा मंदिर मैदान दबौली में फुटकर पटाखा बाजार लगवाने की अपील की है। वरिष्ठ व्यापारी नेता दीप नारायण दीक्षित ओमी ने बताया कि एक दशक से भी ज्यादा समय से इस मैदान पर फुटकर पटाखा बाजार लगता आ रहा है। जगह पूर्णरूप से सुरक्षित भी है। इसके बावजूद इस बार जगह बदलने को कहा जा रहा है। इससे उनके बंधे ग्राहक टूट जाएंगे और नुकसान होगा। उन्होंने कुछ लोगों द्वारा मेंटीनेंस चार्ज के नाम पर वसूली रोकने की भी मांग की है। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है जिसपर प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं।

> लाइसेंस के लिए आवेदनों की जांच की जा रही है। आवेदनकर्ता नियमों को पूरा करेगा उसको ही लाइसेंस जारी किए जाएंगे। अनुमति विस्फोटक से ज्यादा आतिशबाजी रखने वाले पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –आशीष श्रीवास्तव, डीसीपी क्राइम

### कोलकाता तक नाव से जाएंगे कैडेट

**कानपुर।** एनसीसी के कैडेट कानपुर से कोलकाता तक गंगा नदी में नाव से जाएंगे। इस अभियान की शुरुआत अटल घाट से सोमवार सुबह एनसीसी के महानिदेशक

यह अभियान 76वें गणतंत्र दिवस से पहले एक जश्न के रूप में मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रास्ते में कैडेट जहां भी रुकेंगे वे उस क्षेत्र के युवाओं को देशप्रेम और वीरता के बारे में जागरूक करेंगे। इसके अलावा बच्चों को प्रेरक कहानियां सुनाकर देश के नाम संदेश भी देंगे। रास्ते में होने वाले आयोजनों में वहां के सामाजिक कार्यकर्ता भी इस आयोजन से जुड़ेंगे। इस संबंध में बताया गया कि 'भारतीय नदियां -संस्कृतियों की जननी' विषय पर यह नौकायन अभियान आयोजित किया जा रहा है।

# मंत्री को उद्यमियों ने बताई समस्याएं



केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से मिले शहर के उद्यमी। अमृत विचार

- **केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से मुलाकात की**

**कानपुर।** उद्योगों की समस्याओं और उनके विकासोन्मुख योजनाओं की अनुपलब्धता के विषय में कोऑपरेटिव स्टेट दादा नगर के चेयरमैन विजय कपूर के नेतृत्व में लगभग 50 उद्यमियों ने अनुप्रिया पटेल (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री एवं रसायन व उर्वरक राज्य मंत्री) से उनके लखनऊ आवास पर भेंट की। उद्यमियों ने कानपुर के उद्योगों के सामने आ रही प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। उद्यमियों ने अपने उद्योग में सब्सिडी का न मिल पाना, निवेशकों को शासन स्तर पर जरूरी सुविधाएं न मिल पाना और बुनियादी ढांचा जैसे सड़क बिजली पानी की उपलब्धता में कमी, व सरकारी विभागों द्वारा उद्यमियों व उद्योगों के प्रति उदासीनता जैसे अहम मुद्दों पर अपनी व्यथा बताई। इस अवसर पर चेयरमैन विजय कपूर जी के साथ सुरेश पुरी, हरीश इस, कार्तिक कपूर, हरमीत सिंह टीटू, अमित साहनी, महेश मखीजा, अशोक जुनेजा, अनिल श्रीवास्तव, नरेश विरमानी, गुलशन कपूर, अरुण जैन, श्याम बिजलानी, राजेंद्र गुप्ता, सुभाष सिंह, मयंक बिज, गुरविंदर सिंह, पम्मी खन्ना, शरद शर्मा, सुनील श्रीवास्तव, पंकज तोमर, अभिषेक यादव, यशपाल सचान, अवधेश मिश्रा, शिशिर चौरसिया, अंश चंदेल सहित कई उद्यमी उपस्थित थे।

# बादशाह के गीतों पर थिरके छात्र-छात्राएं

## आईआईटी में वार्षिक उत्सव अंतराग्नि की धूम, रंग-बिरंगी लाइटों और तेज साउंड पर रात तक बंधा रहा समां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बादशाह ने झुमा दिया।



देर रात तक मस्ती में चूर रहे आईआईटियंस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आईआईटी की अंतराग्नि 2024 में बॉलीवुड सिंगर बादशाह ने रिमिक्स गीतों से छात्र-छात्राओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। रंग बिरंगी लाइटों एवं साउंड पर सिंगर ने अपना जलवा बिखेरा तो हर कोई जश्न में डूब गया।

आईआईटी के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव, अंतराग्नि 2024 के 59वें संस्करण के अंतिम दिन रविवार को जिटरबग फिनाले में प्रतिभागियों ने अपने डांस मूव्स का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं सिंक्रो स्टेज पर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित कलर रन ने रंग-बिरंगे माहौल में सबको उत्साहित किया। बॉलीवुड नाइट में मशहूर सिंगर बादशाह ने अपने बेहतरीन गानों से समां बांध दिया। थिएटर प्रेमियों ने किरदार में जबरदस्त नाटकीय प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

पैर ऑन स्टेज फिनाले आउटरीच में हुआ जिसमें प्रतिभाशाली जोड़ियों ने अपने अनोखे प्रदर्शन से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मंडला आर्ट प्रतियोगिता वन एंड ए हाफ में आयोजित हुई। संगीत प्रेमियों के लिए अकैपेला प्रतियोगिता हुई जो अपने मधुर संगीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करती रही, इसके बाद मिमिका प्रतियोगिता हुई, जहां कलाकारों ने माइम एक्ट से सबका दिल जीत लिया। इसके अलावा, हॉल 1 के बास्केटबॉल कोर्ट में आयोजित साइकिल स्टंट शो ने खतरनाक स्टंट और ऊंची छलांगों से दर्शकों को रोमांचित किया।

### बॉलीवुड नाइट ने जमकर तालियां बटोरीं

प्रोनाइट ग्राउंड में सायं 7 बजे दर्शक बादशाह के परफॉर्मेंस का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, और उन्होंने उम्मीदों से बढ़कर शानदार परफॉर्मेंस दिया। बॉलीवुड नाइट के बाद भी जश्न में टैलेंट फिएस्टा इवेंट्स ग्राउंड में आयोजित हुई और इसके बाद सिंक्रो स्टेज पर साइलेंट डिस्को का आयोजन हुआ जहां लोगों ने वायरलेस हेडफोन के साथ संगीत का आनंद लिया। आधी रात के बाद, ग्रूव एंड सूथ के साथ एक आरामदायक वातावरण का अनुभव हुआ, और अंत में द क्लब में आयोजित बॉयलर रूम के साथ यह रात 3 बजे तक जोश से भरी रही।

## चार लोगों ने फांसी लगाकर दे दी जान

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के नानकारी निवासी चट्टा संचालक रामआसरे का 22 वर्षीय पुत्र राज चौधरी आईआईटी के मेस में काम करता था। पिता ने बताया कि शनिवार को बेटे राज ने रस्सी से चट्टे में फांसी लगाकर जान दे दी। इतना बड़ा कदम क्यों उठा लिया नहीं पता। स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में जिला रायबरेली निवासी मिस्त्री शेर बहादुर ने बताया कि वह काम पर गए थे, इसी दौरान पत्नी ने फांसी लगा ली। उन्होंने बताया कि पत्नी का मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं था। हनुमंत विहार थानाक्षेत्र के आशा नगर निवासी 38 वर्षीय टाइल्स पत्थर का काम करने वाले राहुल सोनकर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं सचेंडी थानाक्षेत्र के सीढी इटारा निवासी 48 वर्षीय हीरालाल ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। सभी मामलों में पुलिस को सूचना दी गई।

## सार-संक्षेप



अनूप तिवारी का सम्मान करते भाजपा जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय।

### 1066 सदस्य बनाने पर अनूप का सम्मान

**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सदस्यता महाभियान 2024 के तहत दबौली निवासी अनूप कुमार तिवारी जिला कार्यसमिति समिति सदस्य ( रतनलाल नगर मंडल )ने 1066 सदस्यों को भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई। इस कारण उन्हें नवीन मार्केट उत्तर जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने सम्मानित किया। उनके द्वारा पार्टी हित में किए गए कार्यों की तारीफ की गई। जिला मंत्री अनुपम मिश्रा, मनीष अवस्थी, कार्यालय मंत्री रोहित साहू व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



गुरुद्वारा में शबद गायन करते रागी जत्थे। अमृत विचार

### गुरुद्वारा में शबद-कीर्तन से संगत निहाल

**कानपुर।** गुरुद्वारा बाबा श्री चन्द्र दरबार गोविंदनगर में सिखों के चौथे गुरु धन धन श्री गुरु रामदास जी के पावन प्रकाश पर्व को समर्पित कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें रागी जत्थों ने शबद गायन करके संगत को निहाल किया।

भाई कवलदीप सिंह ने अपने मधुर कीर्तन से संगत को निहाल कर दिया। आवहु सजणा ...आवहु सजणा...हउ देखा दर्शन तेरा राम...। घर आपनड़े खड़ी तका मैं, मन चाउ घनेरा राम...।...हर बिसरत सदा खुआरी...ता को धोखा कहा बियापे, जा को ओट तूहारी....।.."बाबा श्री चन्द्र जी आवनगे....फेरा पावनगे...घर मेरे, जी मैं सदके जावां गुरु तेरे...आदि अनेक शबद गाए गए। हुजूरी रागी भाई सुरेंदर सिंह ने भी शबद गायन किया। सेवक ज्ञानी त्रिलोचन ने अरदास की। लंगर छकने के लिए भीड़ उमड़ी। सुरेश कालरा,अशोक सदवानी, राजकुमार लालडिनानी, परमजीत सिंह, तलविंदर सिंह बावा, दिलीप वलेचा, अमित छाबड़ा, सूरज, अमित बत्रा चिंटू, सोनू, हैप्पी, राजू आदि उपस्थित थे।



गोल्ड मेडल के साथ राम गोपाल बाजपेई व सिल्वर के साथ बलराम यादव।

### नेशनल ताइक्वांडो में गोल्ड व सिल्वर जीता

**कानपुर।** ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप में राम गोपाल बाजपेई ने गोल्ड व बलराम यादव ने सिल्वर मेडल जीता है। यह प्रतियोगिता 17 से 20 अक्टूबर को इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पांडुचेरी में हुई। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो टीम में प्रतिभाग करते हुए शहर के पूमसे अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता राम गोपाल बाजपेई ने गोल्ड, बलराम यादव ने सिल्वर पदक जीता। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने पर कानपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक चौरसिया, उपाध्यक्ष दिनेश दीक्षित, अविनाश चंद द्विवेदी, महासचिव प्रदीप सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता, सहसचिव प्रयाग सिंह, सत्येंद्र सिंह यादव, आयुष मिश्रा, धर्मेश कुमार, सुशांत गुप्ता, अमन चौरसिया, कपिल दुबे ने विजेताओं को बधाई दी है।

### डॉ. हिमांशु को मिला अवॉर्ड

**कानपुर।** सीएसजेएम विवि के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज़ एंड टेक्नोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ हिमांशु त्रिवेदी को इंडियन सोसाइटी ऑफ हॉर्टिकल्चरल रिसर्च एंड डेवलपमेंट की तरफ से 2023 का डॉ आरके पाठक बेस्ट टीचर अवार्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान डॉ त्रिवेदी को हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर उत्तराखंड में आयोजित हुई प्रोग्रेसिव हॉर्टिकल्चर नेशनल सिम्पोजियम 2024 में प्रदान किया गया। यह सम्मान डॉ त्रिवेदी को उनके उद्यान विज्ञान के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट शिक्षण एवं शोध कार्यों के लिए प्रदान किया गया। बताया गया कि डॉ त्रिवेदी स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज़ एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक और हॉर्टिकल्चर के प्रभारी हैं। डॉ हिमांशु त्रिवेदी विशेष रूप से अलंकृत बागवानी, फूलों की खेती और प्राकृतिक खेती में दस वर्षों से कार्य कर रहे हैं।



बैठक में विजय कपूर, सुरेश गुप्ता, तिलकराज शर्मा, विधायक सुरेंद्र मैथानी। अमृत विचार

# गौशाला जमीनों से कब्जा हटवाएंगे

- गौशाला सोसाइटी के संचालक मंडल की बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर गौशाला सोसाइटी के संचालक मंडल की बैठक रविवार को आर्यनगर स्थित गैंजेस क्लब में सभापति तिलकराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन महामंत्री पुरुषोत्तमलाल तोषनीवाल व मंत्री श्रीकृष्ण गुप्त ने किया। नवंबर में होने वाले गोपाष्टमी कार्यक्रम को लेकर सुबोध अग्रवाल व श्यामकृष्ण कानोडिया को जिम्मेदारी दी गई।

बैठक में गौशाला की जमीनों की व्यवस्था के संबंध में सुरेश गुप्ता ने कब्जों के बारे में अवगत कराया। कब्जे के विरोध में यह निर्णय लिया गया कि पुलिस आयुक्त व जिलाधिकारी से मिलकर कब्जे हटाने की मांग की जाएगी। कोषाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल ने वर्ष 2023-24 का आय-व्यय का ब्योरा दिया। गौशाला संचालन समितियों के कार्यों की समीक्षा की गई। जिस पर रमेश मिश्रा ने कहा कि पूर्व में जो निर्णय लिए गए हैं उन पर काम नहीं हो रहा है। जमीन सुरक्षा के लिए निरीक्षक नहीं रखा जा सका है, जो जरूरी है। बांग्लादेशियों के कब्जे से गौशाला की जमीन खाली कराने पर चर्चा के बाद इसकी जिम्मेदारी भी सौंपी गई। गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने संस्था के संरक्षक डॉ. कमल टावरी से चर्चा कर भौती शाखा में 24 अक्टूबर को एक संगोष्ठी करने की बात कही। बैठक में सुरेश गुप्ता, अवधेश बाजपेई, सुशील तुलष्यान उपाध्यक्ष, पुरुषोत्तमलाल तोषनीवाल महामंत्री, विश्वनाथ कनौडिया, सुबोध अग्रवाल कोषाध्यक्ष, नीरज प्रकाश दीक्षित, रमेशचन्द्र मिश्रा, शेष नरायन त्रिवेदी, श्यामकृष्ण कनौडिया, प्रदीप गुप्ता, रामगोपाल तुलष्यान, भार्थ प्रसाद शर्मा थे।

## फैक्ट्रीकर्मी की सड़क हादसे में मौत

**कानपुर।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में बुलेट सवार ने सड़क क्रॉस कर रहे फैक्ट्री कर्मी को टक्कर मार दी। जिससे वह डिवाइडर से टकराकर घायल हो गया। बुलेट सवार महिला और पुरुष भी घायल हो गए। तीनों को सरसौल सीएचसी पहुंचवाया गया। जहां फैक्ट्री कर्मी को मृत घोषित कर दिया गया।

महाराजपुर के रहनस गांव निवासी 45 वर्षीय रामबहादुर सिंह रूमा स्थित कपड़ा फैक्ट्री में कर्मचारी थे। शनिवार की रात वह फैक्ट्री से निकलकर वह घर जाने के लिए पैदल सड़क क्रॉस कर रहे थे तभी तेज रफ्तार बुलेट सवार ने टक्कर मार दिया। हादसे में तेज धक्का लगने से रामबहादुर डिवाइड़र से टकरा गए और बुलेट सवार महिला पुरुष सड़क पर गिर गए। जिससे तीनों लोग घायल गए हैं। सरसौल सीएचसी में रामबहादुर को मृत घोषित कर दिया गया वहीं महिला का हाथ टूट गया और पुरुष को सिर व हाथ में चोट आई है। हादसे के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# शिक्षिका के घर दोपहर में गेट फांदकर घुसा था चोर

- हनुमंत विहार थाना क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** उस्मानपुर के तुलसी विहार में दिनदाहड़े शिक्षिका के घर घुसे चोर 35 मिनट में दरवाजे व अलमारी का लॉक तोड़कर नगदी समेत 19 लाख का माल पार कर दिया। शिक्षिका स्कूल से लौटी तो चोरी की घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो एक शातिर 3 बजे गेट से फांद कर अंदर जाता दिखा। तीन बजकर 35 मिनट पर वह गेट से बाहर ओर कूदता दिखाई दिया। उसके हाथ में जेवरों से भरी पोटली और लॉक तोड़ने वाली सरिया भी थी।तुलसी विहार स्थित तीन मंजिला अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर में परिषदीय स्कूल की शिक्षिका पुष्पा वर्मा बेटे प्रतीक और बहू नेहा के साथ रहती हैं।

पुष्पा बाबूपुरवा स्थित चालीस दुकान मार्केट के परिषदीय स्कूल में शिक्षिका हैं। जबकि बेटा प्रतीक बैंक ऑफ बड़ोदा की पनकी शाखा में काम करता है और बहू नेहा फतेहपुर की पॉलीटेक्निक में पढ़ाती हैं। पुष्पा ने बताया कि शनिवार सुबह वह, बेटा बहू सब अपने काम पर गए थे। दोपहर तीन बजकर 40 मिनट पर वह घर लौटीं तो दरवाजे का लॉक टूटा था। बेटे के कमरे के दरवाजे व अलमारी का लॉक भी टूटा मिला। अलमारी में रखे करीब 18 लाख रुपये के जेवर और 50 हजार की नगदी गायब थी। एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह ने बताया कि शिक्षिका के फ्लैट में चोरी एक अकेले युवक ने की है। गुलमोहर स्कूल तक वह पैदल जाता हुआ कैमरे में दिखाई दिया है।

# सीएसए यूनीवर्सिटी के दो वैज्ञानिक जापान रवाना

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के दो वैज्ञानिक जापान रवाना हुए। वे वहां पर 21 से 26 अक्टूबर तक के व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वैज्ञानिक जापानी हाइड्रोपोनिक तकनीक पर व्यावसायिक प्रशिक्षण लेंगे।

विवि के जापान जाने वाले वैज्ञानिकों में निदेशक शोध डॉक्टर पीके सिंह व सब्जी अनुभाग कल्याणपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ राजीव शामिल हैं। यह प्रशिक्षण यूनाइटेड नेशंस इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन की ओर से प्रायोजित है।

### 140 शोधपत्रों के पोस्टर प्रदर्शित

**कानपुर।** सीएसए में चल रही संगोष्ठी में शनिवार को 140 शोध पत्रों के पोस्टर का प्रस्तुतिकरण हुआ। 'मृदा,जल एवं ऊर्जा प्रबंधन द्वारा सतत कृषि और आजीविका सुरक्षा' विषय पर हुई संगोष्ठी पर डॉ मुनीश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय संगोष्ठी में 140 से अधिक शोध पत्रों का पोस्टर तथा मौखिक प्रस्तुतीकरण किया गया। जबकि प्रमुख 16 से अधिक प्रमुख शोध पत्र ( लीड रिसर्च पेपर ) का पावर पॉइंट प्रस्तुतिकरण देश के विभिन्न प्रांतो से आए वैज्ञानिकों द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि प्लांट प्रोटक्शन राइट नई दिल्ली से आए डॉ उमाकांत दुबे ने उपस्थित कृषकों को भारत सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं में सब्सिडी की जानकारी दी।

## छात्रा से छेड़छाड़ पांच पर रिपोर्ट

**कानपुर।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में कोचिंग से घर लौट रही छात्रा से सगे भाइयों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर तेजाब डालने, दुष्कर्म और उठा डर के चलते छात्रा ने कोचिंग जाना छोड़ दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

हनुमंत विहार निवासी महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी 11 सितंबर की शाम को नौबस्ता संजय गांधी नगर से कोचिंग पढ़कर लौट रही थी। तभी दासू कुआं के पास क्षेत्र में ही रहने वाले दीपक और उसके भाई रवि ने उसे रास्ते में रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगे। लोगों के आने पर आरोपी तेजाब डालने और उठा जाने की धमकी देते हुए भाग निकले।

# गाड़ी छुड़वाने के नाम पर धोखाधड़ी

- चकेरी थानाक्षेत्र का मामला आरोपी पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में कबाड़ व्यापारी ने दूसरे व्यापारी से बीमार होने पर अपनी फर्म से माल मंगवाने के लिए कहा। व्यापारी ने जीएसटी टीम द्वारा माल पकड़े जाने की बात कहकर 10.50 लाख रुपये माल छुड़ाने के लिए मांगे। जिस पर बीमार व्यापारी ने उसे 7 लाख रुपये दे दिया। पीड़ित ने जब बाद में रुपये मांगे तो आरोपी ने गालीगलौज और धमकी दी। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सावित्री नगर चकेरी निवासी कबाड़ व्यापारी नजरुल हसन रिजवी उर्फ साहब रिजवी ने दर्ज एफआईआर में बताया कि 16 अप्रैल 2024 को बीमार होने के कारण बेडरेस्ट पर थे। उन्होंने राबर्टगंज, सोनभद्र निवासी दिनेश गुप्ता से मिक्स कबाड़ खरीदने की बात की लेकिन बीमार अवस्था में ई वे बिल जनरेट न करवाने के कारण माल मंगवा पाने में असमर्थता जताई। कबाड़ का ही काम करने वाले राम ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपाइटर संजीव दीक्षित निवासी राजीव नगर नौबस्ता को फोन कर उनका माल अपनी फर्म के जरिए मंगवाने की बात की। माल मंगाने के भाड़े आदि के अतिरिक्त पूरे माल के लिए 2 प्रतिशत का खर्चा मांगा। पीड़ित के अनुसार उन पर विश्वास कर माल मंगवाया लेकिन संजीव दीक्षित ने पूरे माल की उचित कीमत से कम कीमत का फर्जी बिल तैयार कर माल मंगवाया। जिस कारण रास्ते में जीएसटी विभाग द्वारा माल लदी गाड़ी पकड़ी गई। संजीव दीक्षित ने गाड़ी छुड़ाने जुर्माना भरने व अधिकारियों को घूस देने के नाम पर 10 लाख 50 हजार की मांग की और कहा पैसे देकर गाड़ी छुड़वा लो। उन्होंने 7 लाख रुपये की व्यवस्था कर संजीव दीक्षित को दिए क्योंकि उनकी गाड़ी में माल फंसा था। उस माल का पार्टी को भुगतान 12,99,900 रुपये व संजीव दीक्षित को 7 लाख का भुगतान करना पड़ा। कुछ दिन बाद संजीव दीक्षित से अपने 7 लाख रुपये वापस करने को कहा तो गालीगलौज व जान से मारने की धमकी दी।

क्रिकेट मैच — टीएसएच इलेवन को छह विकेट से हराया, नगर आयुक्त ने 53 गेंदों पर 11 चौके लगाकर जोड़े शानदार 93 रन

# नगर आयुक्त की बल्लेबाजी से सीपी इलेवन विजयी

खेल के मैदान से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



ट्राफी के साथ सीपी इलेवन की उत्साहित टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पालिका स्टेडियम में हुए पुलिस कमिश्नर इलेवन और टीएसएच इलेवन के बीच उद्घाटन मैच को सीपी इलेवन की टीम ने छह विकेट से जीत लिया। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महज 53 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 93 रन बनाए और नाबाद रहे। इसके पहले टास जीतकर सीपी इलेवन की टीम ने फील्डिंग करने का फैसला किया।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की कप्तानी में हुए मैच में टीएसएच इलेवन की टीम 20 ओवर में पांच विकेट की नुकसान पर 175 रन ही बना सकी। टीएसएच की तरफ से करन दवे ने 41 गेंद पर 60 रन और शिखर ने 34 गेंद पर 47 रन बनाए। विकेट कीपर बल्लेबाज तरंग ने 33 रन बनाकर नाबाद रहे और सनी 12 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। अच्छी फील्डिंग और गेंदबाजी का परिचय देते हुए सीपी इलेवन से एडीसीपी मनीष सोनकर, गौरांग राठी, रिषभ और जोगिंदर कुमार ने एक विकेट लिये। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सीपी इलेवन की टीम केस्को एमडी सैमुअल पाल और नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने सधी हुई शुरुआत की। सैमुअल पाल 10 गेंद में 10 रन बनाकर आउट हो गये लेकिन नगर आयुक्त अंतिम तक डटे रहे।

एडीजी जोन आलोक सिंह ने 5 रन, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने 5 रन, गौरांग राठी ने 33 रन बनाकर आउट हुए। विकेट कीपर बल्लेबाज रिषभ ने नगर आयुक्त का साथ दिया और 8 गेंद पर 17 रन बनाकर नाबाद रहते हुए टीम को विजय दिलाई। गेंदबाजी में टीएसएच इलेवन की टीम से सनी, असीम जैन, नितिन गोयल को एक-एक विकेट प्राप्त हुए। शनिवार शाम साढ़े छह बजे से शुरु हुए टी-20 मैच में मैन आफ द मैच, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बालर, बेस्ट फील्डर, अधिकतम सिक्सर आफ द मैच के अवार्ड टीएसएच के निदेशक प्रणीत अग्रवाल, पूर्व टेस्ट क्रिकेटर गोपाल शर्मा, पूर्व रणजी खिलाड़ी शशिकांत खांडेकर, राहुल सपरु ने किया। टीएसएच के निदेशक प्रणीत अग्रवाल ने विजेता व उप विजेता टीमों को ट्राफी प्रदान की।

### फ्लड लाइट की रोशनी में हुआ मैच

फ्लड लाइट की रोशनी में हुये उद्घाटन मैच में सीपी इलेवन के कप्तान पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार रहे। इसके साथ ही एडीजी जोन एवं पूर्व रणजी खिलाड़ी आलोक सिंह, डीआईजी रेंज जोगिंदर कुमार, अपर पुलिस आयुक्त हरीश चंदर, ब्रिगेडियर हसन, डीएम कानपुर राकेश कुमार, एमडी केस्को सैमुअल, डीएम उन्नाव गौरांग, नगर आयुक्त सुधीर कुमार, एडीएम सिटी राजेश, एडिशनल डीसीपी क्राइम मनीष कुमार, सिविल जज अक्षय, एसीपी बिल्हौर सुमित, एसडीएम नर्वल रिषभ, एसीपी सीसामऊ अभिषेक शामिल रहे।

# दस मुकाबलों में खिलाड़ियों ने लगाए चौके-छक्के

- कानपुर सुपर प्रीमियर लीग का उद्घाटन
- अलग-अलग मैदानों पर खेले गए मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर सुपर प्रीमियर लीग (केएसपीएल) में रविवार को कुल दस मुकाबले अलग-अलग मैदानों पर खेले गए।

केएसपीएल के पहले मैच में एलेन हाउस में डीआरजी विलो टीम ने 20.3 ओवर में 105 रन बनाए। जवाब में हस्टलर्स ने 20 ओवर में सात विकेट पर मैच जीत लिया। टीम के अक्षय मैन ऑफ द मैच रहे। वहीं पनकी मनीष क्रिकेट ग्राउंड में कानपुर स्ट्राइकर्स ने 154 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्रेंड्स ने 9 विकेट खोकर मैच जीत लिया।

रेंजर्स टीम के 171 रनों का पीछा करते हुए इंडिया मोटर्स ने 6 विकेट से जीत हासिल की। मुकेश के 96 रनों के बदौलत जीत मिली। जेएमडी स्कूल में श्रीएस स्टार के 187 रनों के जवाब में ग्लेमोर्गन ने 9 विकेट के नुकसान पर जीत हासिल की। एचएएल मैदान में ऑरेंज आर्मी टीम ने 180 रन बनाए। लक्ष्य के पीछे भागी राइजिंग टाइटंस टीम 127 रनों पर ही ढेर हो गई। नारायणा ग्राउंड पर कानपुर सुपर जायटंस के 85 रनों के जवाब में जेबीके फ्रेंड्स-11 की टीम 66 रन ही बना सकी। रामलखन भट्ट मैदान में सक्सेस-11 ने 211 रन बनाए और शम्सी रॉयल टीम को 105 रनों पर समेटकर अपनी जीत दर्ज कराई। चंद्रा क्रिकेट एकेडमी में केरेबियन ब्लू ने 128 रन बनाए। जवाब में वी राइजिंग ने पांच विकेट खोकर जीत हासिल की। अपोलो ग्राउंड में अपोलो-11 ने 195 रन बनाए और माइटी मेवरिक्स टीम को 93 रनों पर ढेर कर मैच जीत लिया। जेम्स ग्राउंड में ब्लू वारियर्स ने 215 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य के पीछे भाग रही जेम्स-11 टीम 190 रन ही बना सकी। प्रतियोगिता सचिव अमित जायसवाल ने बताया खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर चौके-छक्के लगाए।

## उप चुनाव प्रभारी बनीं गजाला, बोलीं -होगी ऐतिहासिक जीत

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव के लिए गजाला लारी को प्रभारी नियुक्त किया। उन्होंने रविवार को सपा कार्यालय में पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक की। गजाला लारी ने कहा कि सरकार की दमनकारी व जनविरोधी नीतियों से जनता का भाजपा से मोह भंग हो गया है। सीसामऊ विधानसभा का उपचुनाव में नसीम सोलंकी ऐतिहासिक जीत दर्ज कर सपा का परचम फहराएंगी क्योंकि भाजपा ने जनता से किए एक भी वादे पूरे नहीं किये। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सपा का पीडीए मिशन और कार्यकर्ताओं की मेहनत जीत दिलाएगी। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, नंदलाल जयसवाल, रजत मिश्रा, सत्यनारायण गहरवार, शबाब अबरार, इशरत इराकी, मुमताज मंसूरी, राजू पहलवान अंसारी आदि लोग रहे।


पत्नी महक के साथ अमित खत्री।


सेल्फी लेते शक्ति श्रीवास्तव व साक्षी।


सेल्फी लेतीं सिमरन और विशेष बाजवा।


पत्नी मीनाक्षी के साथ सेल्फी लेते सुमित।


पत्नी ज्योत्सना के साथ केवी बाजपेई।


कुशल गुप्ता और प्रिंसी।


पत्नी शोभना के साथ गौरव।


सेल्फी लेतीं शिवांगी और आशीष।


मालरोड पर रविवार रात करवाचौथ पर चलनी से चांद देखकर पूजा करती महिलाएं। अमृत विचार


पत्नी रिया के साथ शुभम।


गोविंदनगर में महिलाओं ने सामूहिक पूजन किया। अमृत विचार

# चंदा से मांगा वर , चंदा जितनी हो पिया की उमर

कानपुर। पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने करवाचौथ का व्रत रखा। चांद नजर आते ही लोग उल्लास में डूब गये। आतिशबाजी से आसमान सतरंगी हो गया। सजी-धजी सुहागिन महिलाओं ने चांद को अर्घ्य देकर अखंड सौभाग्य की कामना की। सुहागिनों ने सुबह से निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती का पूजन किया। पति की लंबी उम्र की कामना की। महिलाओं ने चलनी की ओट से पिया और चांद का दीदार कर व्रत का पारण किया तो पतियों ने भी उन्हें उपहार दिए। किसी को अंगूठी मिली तो किसी को झुमका, नथिया,मंगलसूत्र। मान्यता है कि माता पार्वती ने कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर करवाचौथ का व्रत शिवजी के लिए रखा था। इसी तरह कौरव से युद्ध के दौरान द्रौपदी ने भी पांडवों की रक्षा के लिए करवाचौथ का व्रत किया था। अमृत विचार ने करवाचौथ पूजन के बाद पिया के साथ सेल्फी मांगी थी। तमाम दंपती ने हमें सेल्फी भेजीं।


चलनी के ओट से चांद का दीदार करतीं सुहागिनें। अमृत विचार


पूजन करतीं प्रीति और विराट जायसवाल।


सेल्फी लेते नारायणा मेडिकल कॉलेज के सीएमडी अमित नारायण, शिखा नारायण आयुषी नारायण व एमडी उदित नारायण।


सेल्फी लेते जितेन्द्र और कोमल।


प्रिया के साथ सेल्फी लेते नितिन रामपाल।


डॉ .अमरजीत सिंह , उपिंदर कौर।


पत्नी अदिति के साथ हर्षित।


पत्नी के साथ पूजन करते उद्यमी शुभम गुप्ता।


सेल्फी लेते वैभव और श्रेया।


पति आरके तिवारी के साथ सेल्फी लेतीं अपर श्रमायुक्त सौम्या पांडेय।


पत्नी के साथ पूजन करते गोल्डी मसाले समूह के एमडी सुरेन्द्र गुप्ता गोल्डी।


चांद का दीदार करतीं सुहागिनें।


सेल्फी लेते मानस सेठ, आयुषी, अक्षत और प्रज्ञा सेठ।


अनुराग और रश्मि द्विवेदी।


पति करन सिंह का दीदार करती निक्की।


पूजन करतीं सोनम और दीप्ति।


पत्नी तूलिका के साथ सेल्फी लेते दीपक गुप्ता।


पत्नी दीक्षा के साथ सेल्फी लेते अर्पित।


रिषभ और आकांक्षा गर्ग।


साहिल और निशी गुप्ता।


पत्नी जूही के साथ विजय शंकर मिश्रा ।


पत्नी संगीता के साथ अनूप तिवारी।


सेल्फी लेते आयुष जैन और कीर्ति।

रूपम और गरिमा।


पत्नी हंसिका के साथ सेल्फी लेते विश्वास।


दीपक राजपूत और रश्मि राजपूत।


पत्नी ज्योत्सना के साथ गोविंद गुप्ता।


सेल्फी लेते पत्नी पूजा के साथ अमित।


पत्नी के साथ प्रवीण मिश्रा।


पत्नी शिवी के साथ शिवम।

# कानपुर सेंट्रल का जल्द बदलने वाला है स्वरूप

## मेट्रो कनेक्टिविटी और मॉल की सुविधा होगी उपलब्ध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


विश्वस्तरीय बनने के बाद ऐसे दिखेगा कानपुर सेंट्रल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएं मुहैया कराने का काम तेजी से चल रहा है। उत्तर मध्य जोन में कानपुर के अलावा 7 रेलवे स्टेशनों प्रयागराज जंक्शन, झांसी, ग्वालियर, खजुराहो, आगरा और मथुरा को हाईटेक किया जाना है। इनमें 5 स्टेशनों पर तेजी से कार्य चल रहा है। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर री-डेवलमेंट पर 766.91 करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं।

उत्तर मध्य जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री ने अगस्त 2023 में अमृत भारत स्टेशन योजना की घोषणा की थी। उत्तर मध्य रेलवे के 53 स्टेशनों का पुर्नविकास किया जा रहा है। इन स्टेशनों पर यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं, निर्बाध यात्रा के लिए अन्य परिवहन प्रणालियों के साथ दुकानों, मॉल, कार्यालय और फूड कोर्ट आदि का इंतजाम किया जाना है। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी के अनुसार आगरा कैंट और मथुरा के विकास की भी योजना बनाई जा रही है। जिन 5 स्टेशनों पर तेजी से कार्य चल रहा है, उनमें कुंभ को देखते हुए प्रयागराज जंक्शन पर सर्वाधिक 959.78 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। स्टेशनों के कॉनकोर्स को आधुनिक बनाकर उन्हें भविष्य के लिहाज से डिजाइन किया गया है। स्टेशनों के आसपास के परिसर का भी सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को एयरपोर्ट जैसा एहसास दिलाया जाएगा।

# फंदे पर लटका मिला युवती का शव, हत्या की आशंका

बिल्हौर, संवाददाता

- घर पर अकेली थी युवती मौके पर पहुंचे परिजनों ने लगाया आरोप

**अमृत विचार।** घर पर अकेली युवती का शव फंदे पर लटका मिला। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इसकी खबर पाकर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की।

त्रिवेणीगंज बिल्हौर निवासी मुकेश कटियार की कस्बे में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। उनके तीन बच्चों में सबसे बड़ी बेटी आयुषी बीएससी की छात्रा थी, छोटी बेटी तृप्ति व बेटा कन्नौज स्थिति विद्यालय में पढ़ते हैं। शनिवार को बच्चों के स्कूल में वार्षिकोत्सव था। इसलिए कार्यक्रम में जाने के लिए पिता ने बड़ी बेटी आयुषी को दुकान पर बैठा दिया था और पत्नी के साथ कन्नौज चले गए। शाम 6 बजे दुकान बंद कर बेटी घर चली गई। देर रात मुकेश पत्नी व बच्चों के साथ लौटे और दरवाजा खोलने के लिए बेटी को आवाज दी। काफी देर शोर मचाने पर जब कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने खिड़की से झांककर देखा। लाइट की रोशनी में बेटी का शव साड़ी के फंदे के सहारे लटका मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने एक बच्चे को छत के रास्ते घर के अंदर भेजा और उसके दरवाजा खोलने पर सभी लोग अंदर गए। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने शव उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने घर पर अकेली बेटी की हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। बताया बेटी की हत्या करने के बाद आरोपी जीने के रास्ते फरार हुए हैं। थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि फिलहाल मामला आत्महत्या का लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# तालाब में डूबकर युवक की मौत

**बिल्हौर।** ककवन थानाक्षेत्र के औरोंताहारपुर गांव स्थित तालाब में डूबकर युवक की मौत हो गई। रविवार दोपहर औरताहारपुर निवासी जय सिंह (35) शौच के लिए गांव के किनारे तालाब के पास गए थे। तभी पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गए। जय को डूबता देख ग्रामीण पहुंचे, लेकिन दलदल अधिक होने के कारण उसे कोई बाहर नहीं निकाल सका। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने फायर ब्रिगेड व गोताखोरों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया उसे मिर्गी का दौरा भी आता था।

**चाचा के अंतिम संस्कार में आया युवक डूबा:** शिवराजपुर। खेरेश्वर सरैया घाट पर चाचा के अंतिम संस्कार में आया युवक गंगा में डूब गया। कानपुर देहात जिले के अकबरपुर कस्बा निवासी राजीव पुत्र मुंशीलाल (35) अपने चाचा के अंतिम संस्कार में आया था। नहाते समय पैर फिसलने से गंगा में डूब गया।


कार्यक्रम की जानकारी देते अतिथि।

# सनातन सेवा सत्संग का दीपावली मिलन 15 को

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सनातन सेवा सत्संग का 13 वां दीपावली मिलन समारोह 15 नवंबर को आयोजित होगा। संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष आचार्य सुधीर भाई मिश्रा ने बताया कि विगत 12 वर्षो से संस्था का स्थापना दिवस दीपावली मिलान समारोह के रूप में मनाया जाता है जिसमें विवाह योग्य युवक - युवतियों का परिचय सम्मेलन, प्रदेश के प्रमुख संतों -महंतों का संत समागम, शस्त्रीय संगीत, भजन संध्या के अलावा सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। रविवार को सनातन सेवा सत्संग की कामद शाइनिंग स्टार्स स्कूल बर्रा थाना रोड विश्वबैंक में बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यपार मंडल के संयुक्त महामंत्री टीकम चंद्र सेठिया ने की। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष मनोज भदौरिया रहे। संचालन राजेश दीक्षित कक्का ने किया। बैठक का शुभारंभ आर के दुबे, लक्ष्मी नारायण त्रिवेदी, सुधीर कुमार शुक्ल, विजय कुमार त्रिपाठी ने किया। दीपावली मिलन समारोह का संयोजक सी. पी. पांडेय को एवं सह संयोजक उपेंद्र मिश्रा को मनोनीत किया गया। बैठक में ज्ञानेश मिश्रा, अशोक शुक्ल, आशीष दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# जाजमऊ में शातिर लुटेरे से पुलिस की मुठभेड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेवानिवृत एयरफोर्स कर्मी से चेन लूटी थी चेन

**अमृत विचार।** जाजमऊ थाना क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकले सेवानिवृत एयरफोर्स कर्मी से चेन लूट के मामले में पुलिस ने एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। एक सप्ताह पहले हुई घटना में 175 किमी के क्षेत्र की सुरागरशी करके और 200 से ज्यादा सीसी फुटेज की जांच कर शातिर को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को घायलावस्था के दौरान उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं इस दौरान आरोपी से पूछताछ भी की गई।

जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि आठ अक्टूबर को मॉर्निंग वॉक पर निकले सेवानिवृत एयरफोर्स कर्मी अरुण कुमार गिरि से बाइक सवार लुटेरों ने चेन लूटी थी। जिसके बाद पुलिस ने लूट की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि प्योंदी गांव में सूचना के आधार पर बाइक सवार के युवक को रोका। पुलिस को देख आरोपी ने टीम पर फायरिंग की। जवाब में आरोपी के पैर में गोली लगी। पुलिस ने आरोपी को कांशीराम अस्पताल में भेजा। पूछताछ में शातिर आरोपी ने अपना नाम जिला शामली के जिंझाना के खानपुर निवासी राजेश बताया। आरोपी ने बताया की घटना के समय उसके दो अन्य साथी भी थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल में भेजा गया है। उसके दो साथियों की तलाश की जा रही है। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पंजाब, हरियाणा और अन्य जगह संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। साथ ही गैंगस्टर की कार्रवाई भी हो चुकी है।

# केस्को दादा नगर में बनाएगा पहला जीआईएस सबस्टेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**20** एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर सबस्टेशन से आधी जगह में स्थापित हो जाएगा जीआईएस सबस्टेशन

**7.5** लाख से अधिक केस्को उपभोक्ता

**94** सबस्टेशनों से होती है विद्युत आपूर्ति

- गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन पर आएगी 7.32 करोड़ रुपये लागत और क्षमता होगी 20 एमवीए की

**101** हो जाएगी केस्को सबस्टेशन की संख्या

**07** जीआईएस सबस्टेशन बनाने की तैयारी

**अमृत विचार।** केस्को दादानगर इंडस्ट्रियल एरिया में पहला जीआईएस सबस्टेशन तैयार करेगा। जीआईएस सबस्टेशन गैस इंसुलेटेड होता है। इसमें पॉवर ट्रांसफार्मर तेल नहीं बल्कि गैस से चलता है। यह सबस्टेशन काफी कम जगह में स्थापित किया जा सकता है। इसके अलावा जरूरत पर पूरा सबस्टेशन एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट भी किया जा सकता है। इससे काम में काफी सहूलियत होती है।

जीआईएस सबस्टेशन रिमोट कंट्रोल से चलने वाला ऑटोमेटिक सबस्टेशन होगा। केस्को अभियंताओं के मुताबिक जीआईएस सबस्टेशन अब तक बनाए जाने वाले सबस्टेशनों की तुलना में आधी जगह पर ही बन जाएगा। दादा नगर में यह सबस्टेशन 7.32 करोड़ रुपये से बनेगा, जिसमे 20 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर होगा। केस्को ने आरडीएसएस योजना के तहत दादा नगर इंडस्ट्रियल एरिया के बाद शहर में 6 और जीआईएस सबस्टेशन बनाने का खाका खींचा है। इसके लिए जमीन चिह्नित करने का काम केस्को अधिकारी कर रहे हैं। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि साउथ या आउटर क्षेत्र के सबस्टेशनों में जगह होने की वजह से अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाकर उनकी क्षमता वृद्धि करना तो आसान हैं, लेकिन मुख्य शहर या घनी आबादी वाले क्षेत्र में सबस्टेशन के लिए जमीन मिलना मुश्किल है। इसी समस्या के हल के लिए जीआईएस सबस्टेशन बनाने की तैयारी की गई है। जीआईएस सबस्टेशन 750 स्क्वॉयर मीटर क्षेत्र में ही बन जाएगा। जबकि अभी बन रहे सबस्टेशन का स्टैंडर्ड एरिया 1500 स्क्वॉयर मीटर है। जीआईएस सबस्टेशन में 33 केवी ब्रेकर, प्रोटेक्शन, करंट व पोटेंशियल ट्रांसफार्मर, लाइटनिंग अरेस्ट, आइसोलेटर आदि के लिए अलग से जगह की जरूरत नहीं होती है। कंट्रोल रूम में सब कुछ इनबिल्ट हो जाता है।


ककवन सब्जी मंडी में नालियों की हो रही सफाई। अमृत विचार

# सब्जी मंडी बाजार में शुरू हुई नालियों की सफाई

संवाददाता,बिल्हौर

**अमृत विचार।** ककवन स्थित सब्जी मंडी में फैली गंदगी दुकानदारों की शिकायत के बाद रविवार को हटनी शुरू हो गई है। ग्राम पंचायत ने साफ-सफाई का काम चालू कराया है। बता दें कि नाला व नालियां जाम होने से सब्जी मंडी में जल निकासी की समस्या थी। दुकानदार जल भराव के कारण परेशान होते थे। दुकानदारों व लोगों की बार-बार शिकायत के बाद ग्राम पंचायत के अधिकारियों ने सुनवाई की। रविवार को सब्जी मंडी में जल निकासी के लिए नालियों की सफाई व निर्माण और इंटरलॉकिंग मरम्मत का शुरू हो गया। पहले कई दिनों सफाई न होने से नाली का पानी नहीं निकल पाता था। दुकानों के बाहर गंदा पानी भरता था। ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार ने बताया कि खाली जमीन पर इंटरलॉकिंग होगी, जिससे दुकानदारों को दिक्कत न हो।

# हत्या के तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**घाटमपुर।** भीतरगांव चौकी क्षेत्र के गुगुरा गांव में बीते दिनों जमीन के विवाद में दबंगों ने खेतों की रखवाली कर रहे किसान को पीटकर घायल कर दिया था। परिजन उसे सीएचसी से कानपुर ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। किसान की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने पांच के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

रविवार को मुखबिर की सूचना पर साढ़ पुलिस ने गुगुरा निवासी सोनू उर्फ नवनीत, अनमोल पुत्र कपूर सिंह, विनोद को असेनिया गांव के समीप कोल्हू के पास एक झोपड़ी से आलाकत्ल समेत गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# न्यू टीपी नगर के भूखंडों का आवंटन होगा निरस्त

**कानपुर।** केडीए ने 2016-22 के बीच न्यू टीपी नगर योजना के आवंटित भूखंडों की जानकारी लेना शुरू कर दिया है। किस्तें न जमा करने वाले आवंटियों पर आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई की जायेगी। केडीए ने इसको लेकर नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। केडीए ने कहा है कि यदि आवंटन के बाद संपूर्ण धनराशि भूखंडों के एवज में जमा कर दी गई है तो तत्काल दस्तावेज जमा कर दें। विशेष कार्याधिकारी जोन 3 ने बताया कि किस्तों को जमा करने की अवधि समाप्त हो गई है, इसीलिये योजना के सभी फेस में आवंटित भूखंडों के निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# गोला फटने से युवक की मौत

**कन्नौज।** शहर के पकड़िया टोला में शनिवार की देर रात गोला फटने से युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसके हाथ के चीथड़े उड़ गये, जबकि शरीर काला पड़ गया। परिजनों ने साथी युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। सदर कोतवाली के मोहल्ला पकड़िया टोला निवासी मोनू (18) पुत्र बलवीर दोहरे शनिवार की रात करीब 11 बजे कुछ दोस्तों के साथ घर से निकला था। घर के निकट में ही नाले के पास दोस्तों के साथ आतिशबाजी चलाने लगा। कुछ देर के बाद तेज धमाका हुआ और मौके पर मोनू गंभीर हालत में खून से लथपथ पड़ा मिला। उसके एक हाथ के चीथड़े उड़ गए बाद में उसकी मौत हो गई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1509 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 19/10/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम फ्ता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती जामवती पत्नी खेमराज | श्री मुहम्मद इरशाद पुत्र यासीन | सिकन्दरपुरा –3 | 05 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1501 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 18/10/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रामदुलारी पत्नी अशोक कुमार | श्री रामेश्वर प्रसाद पुत्र हीरालाल | पठानपुरा –1 | 02 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1507 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 19/10/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कु0 देवकुमारी पुत्री श्यामदेवी व भरत कुमार | श्री सुनील कुमार पुत्र नारायणदास | लुधियातपुरा –1 | 06 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1511 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 19/10/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती ममता पत्नी सुमित कुमार | श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र रामरतन | जुगयाना | 10 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1510 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 19/10/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती प्रेम पत्नी विजय कुमार | श्री रामप्रकाश पुत्र उमराव | मियांपुरा अतरौली | 09 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1497 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 18/10/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती लता अरविन्द त्रिवेदी पत्नी अरविन्द त्रिवेदी | श्री मुहम्मद इरशाद पुत्र यासीन | सिकन्दरपुरा –3 | 01 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद– राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1498/ न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 18/10/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री नासिर खान पुत्र मुन्ना खान | श्री जगदीश महेश्वरी मिश्रीलाल महेश्वरी | कोटबाजार | 20 | 70 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1506/1/ न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 19/10/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती क्रांति यादव पत्नी धर्मेन्द्र सिंह व हेमन्त कुमारी पत्नी महेन्द्र सिंह | श्री कंधीलाल पुत्र छुन्नू उर्फ छन्नूलाल | दीवानपुरा –2 | 03 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ– हमीरपुर

**आवश्यकता है**

**श्री बब्बू सिंह महाविद्यालय खन्ना महोबा में शासन द्वारा स्वीकृत वेतन क्रम में निम्न पद रिक्त है।**

1– प्रवक्ता पद – इतिहास(01 पद)

महाविद्यालय में कार्यरत एवं अनुभवी शिक्षकों को वरीयता दी जाएगी। आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा विज्ञापन तिथि से 15 दिनों तक स्वीकार किए जाएंगे। प्रार्थी के पास साक्षात्कार की सूचना रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजी जाएगी।

आवेदन पत्र भेजने का पता–
श्री बब्बू सिंह महाविद्यालय
खन्ना महोबा

द्वारा
प्रबन्धक

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1499 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 18/10/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कुलदीप कुमार पुत्र मइयादीन | श्रीमती रजनी द्विवेदी पत्नी कुलदीप द्विवेदी | चौबट्टा | 25 | 114 | पंजीकृत दान पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1508 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 19/10/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पत्ता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सोमवती पत्नी मुरलीधर | श्री मुहम्मद इरशाद पुत्र यासीन | सिकन्दरपुरा –3 | 05 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1512 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 19/10/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रजनी पत्नी हरी सिंह | श्री रामप्रकाश पुत्र उमराव | मियांपुरा अतरौली | 09 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

# साकार हो रही एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना : योगी



वाराणसी में हुई जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी के साथ लोगों को अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया बदलते हुए नए भारत को देख रहे हैं। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित किए हैं।

वे रविवार को सिगरा में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए बोल रहे थे। कहा कि रोड, एयर कनेक्टिविटी, वाटरवे या रेलवे-पब्लिक ट्रांसपोर्ट, नगरीय क्षेत्रों की मेट्रो व रैपिड रेल की सुविधा हो, प्रत्येक क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर का आज आधुनिक मॉडल देखने को मिला है। कहा कि सौभाग्य है कि नए भारत के नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी से देश का प्रतिनिधित्व करते हैं।

योगी ने कहा कि 10 वर्ष में केवल काशी में ही 44 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। 34 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि 10 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं पर काम हो रहा है। दीपावली के ठीक पहले काशीवासियों को 3200 करोड़ की परियोजनाओं का उपहार मिला है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न प्रदान कर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, योगी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, अनिल राजभर, रवींद्र जायसवाल, गिरीश चंद्र यादव, दयाशंकर मिश्र, विधायक नीलकंठ तिवारी आदि मौजूद रहे।

### शंकराचार्य जी के आशीर्वाद से पूर्वांचल को मिला उपहार

शंकराचार्य जी के आशीर्वाद से पूर्वांचल को मिला उपहारप्रधानमंत्री ने वाराणसी में आर जे शंकरा नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन के दौरान शंकराचार्य जी के आशीर्वाद को विशेष रूप से याद किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह बहुत संतोष का विषय है कि शंकराचार्य जी के मार्गदर्शन में मैंने कई कार्य पूरे किए हैं। उनके आशीर्वाद से पूर्वांचल को यह आधुनिक अस्पताल मिला है। जगद्गुरु शंकराचार्य का काशी आना और यहां के जनप्रतिनिधि के रूप में उनका स्वागत करना उनके लिए व्यक्तिगत संतोष का विषय है।

### राकेश झुनझुनवाला की विरासत का उल्लेख

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर अपने मित्र और व्यापार जगत के प्रसिद्ध व्यक्ति राकेश झुनझुनवाला को भी याद किया। उन्होंने कहा कि झुनझुनवाला जी की व्यापार जगत में एक विशिष्ट पहचान थी, लेकिन वह सेवा कार्यों से भी जुड़े थे। उनकी विरासत को उनका परिवार आगे बढ़ा रहा है, और यह अस्पताल उसी का एक प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर झुनझुनवाला के सेवा कार्यों की सराहना की और कहा कि उनका योगदान समाज के लिए प्रेरणादायक रहेगा।

## एक नजर

### दिल्ली कार धमाके के बाद प्रदेश में हाईअलर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिल्ली के रोहिणी में प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास कार में हुए धमाके के बाद उत्तर प्रदेश में भी हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। दिएडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि, दिल्ली की घटना की अभी किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन यह आशंका जताई जा रही है कि इसे अंजाम देने वाले उप्र. में शरण लेने का प्रयास कर सकते हैं। उप्र. एटीएस भी इस घटना के पीछे शामिल संगठनों के बारे में सुराग जुटा रही है।

### मुठभेड़ में मौत या घायल होने पर वीडियोग्राफी जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस मुठभेड़ में अपराधी की मौत या घायल होने के बाद घटना स्थल की वीडियोग्राफी जरूर कराई जाए। शव के पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराकर उसे सुरक्षित रखें। यह आदेश डीजीपी प्रशांत कुमार ने जारी किया। डीजीपी प्रशांत कुमार ने सुलतानपुर में डकैती और बहराइच में हुई हिंसा में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ पर सवाल उठने के बाद सभी जिलों के कप्तानों व पुलिस कमिश्नरों को यह आदेश दिया है। मुठभेड़ में पुलिसकर्मियों द्वारा प्रयोग किए गए असलहों की बैलेस्टिक जांच भी कराई जाए।

# सार्वजनिक होगा अस्पतालों में खाली बेड का ब्योरा

## मुख्य सचिव ने चिकित्सा संस्थानों व अस्पतालों के प्रमुखों को बैठक में दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


चिकित्सा संस्थानों व अस्पतालों के प्रमुखों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव।

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि राजधानी के अस्पतालों में उपलब्ध बेड की स्थिति को सार्वजनिक किया जाए ताकि गंभीर मरीजों को भर्ती होने में दिक्कत न हो। अस्पताल के प्रवेश द्वार पर एक टीम मौजूद रहे, जो यह सुनिश्चित करे कि आने वाला मरीज के साथ सही व्यवहार हो। जरूरत पर उसे व्हीलचेयर व स्ट्रेचर मिले। इमरजेंसी वार्ड के पास भी अस्पताल प्रशासन की टीम मुस्तैद होनी चाहिए।

मुख्य सचिव, रविवार को चिकित्सा संस्थानों व अस्पतालों की चिकित्सा व्यवस्था, प्रबन्धन व इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं आदि विषयक मुद्दों पर संस्थान के प्रमुखों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अस्पताल की इमजरेंसी में स्ट्रेचर अथवा व्हीलचेयर से मरीज को कहां जाना है और क्या करना है, इस बारे में जानकारी देने की व्यवस्था हो। अस्पताल में स्ट्रेचर व व्हीलचेयर ताले में न रहे। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीज के साथ अच्छा बर्ताव, बीमारी के बारे में सही से जानकारी और उचित सलाह देने से किसी को कोई शिकायत नहीं रहेगी।

मनोज कुमार सिंह ने कहा कि तकनीकी का उपयोग कर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जाये। पीजीआई, केजीएमयू, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, बलरामपुर, सिविल और लोक बंधु अस्पतालों प्रदेश के बड़े अस्पताल हैं प्रदेश भर से मरीज रेफर होकर आते हैं इसलिए बेड की उपलब्धता को पब्लिक डोमेन में डाला जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों व संस्थानों में कुशल डॉक्टर्स व इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्याप्त मात्रा में स्टाफ उपलब्ध है। जबकि निजी चिकित्सा संस्थानों में प्रायः सरकारी अस्पतालों से सेवानिवृत्त चिकित्सक कार्य करते हैं।

बैठक में प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर, केजीएमयू कुलपति सोनिया नित्यानंद, आरएमएल के निदेशक प्रो. सीएम सिंह समेत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी अस्पतालों के प्रमुख उपस्थित थे।

## सरकारी अस्पतालों में मिलेगी वेंटीलेटर सुविधा, नहीं लौटाए जाएंगे गंभीर मरीज

**अमृत विचार, लखनऊ :** गंभीर मरीजो को अब सरकारी अस्पतालों में भी वेंटीलेटर्स की सुविधा मिलेगी। मरीजों को उच्च संस्थानों के लिए रेफर नहीं किया जाएगा। इसके लिए वेंटीलेटर पर इलाज करने के लिए डिस्ट्रिक लेवल प्रोग्राम अंतर्गत अस्पतालों में डॉक्टर समेत 10 टीम को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

कोविड महामारी के बाद जिला अस्पतालों में करीब 2200 वेंटलेटर भेजे गए, मगर अधिकांश धूल फांक रहे हैं। प्रशिक्षित स्टाफ के अभाव में गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए उच्च संस्थानों के लिए रेफर किया जाता है। इसकी वजह से उच्च संस्थानों पर वेंटीलेटर्स के लिए मरीजों का खासा दबाव बना रहता है। ऐसे में गरीब मरीजों व उनके परिवारीजनों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। तमाम मरीज तो वेंटीलेटर्स के अभाव में ही दम तोड़ देते हैं। समस्या को मद्देनजर शासन द्वारा अस्पतालों में वेटीलेटर संचालन के प्रशिक्षण कराया जा रहा है। समस्या को खत्म करने के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत जिला अस्पतालों में दो डॉक्टर, चार फार्मासिस्ट व चार स्टाफ नर्स की टीम बनाकर, उन्हें वेंटीलेटर्स चलाने के साथ ही आईसीयू को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

▸▸ **आईसीयू संचालन के लिए डॉक्टर समेत 10 सदस्यीय टीम हो रही प्रशिक्षित**

> **लखनऊ और झांसी के 24 लोगों को और बांदा, प्रयागराज व गोरखपुर के 29 स्टाफ को तीन माह का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण के बाद ये स्टाफ अपने अस्पतालों में आईसीयू संचालन के साथ ही अन्य स्टाफ को भी प्रशिक्षित करेगा। हर जिले में स्टाफ को उच्च संस्थानों में प्रशिक्षित किया जाएगा।**
>
> **-डॉ.सुषमा सिंह,** महानिदेशक प्रशिक्षण

# रोडवेज में 6000 संविदा चालकों की होगी भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में आवेदन कर सकेंगे आवेदकों**

**अमृत विचार :** राज्य सड़क परिवहन निगम के 115 डिपो में संविदा पर 6 हजार चालकों की भर्ती होने जा रही है। शैक्षिक योग्यता और मिलने वाले पारिश्रमिक तय कर दिया गया है। इच्छुक आवेदनकर्ता शैक्षिक योग्यता के आधार पर अपने जिले के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में आवेदन कर सकेंगे। प्रपत्रों की जांच के बाद ड्राइविंग टेस्ट होगा।

विभाग द्वारा तय अर्हता के अनुसार आवेदक की न्यूनतम उम्र 23 वर्ष 6 माह होनी चाहिए। लंबाई कम से कम 5 फीट 3 इंच होनी चाहिए। शैक्षिक योग्यता आठवीं पास रखी गई है। आवेदक के पास भारी वाहन चलाने का दो वर्ष पुराना ट्रांसपोर्ट ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। नियुक्ति के बाद चालक को 1.89 पैसे प्रति किमी बस संचालन पर भुगतान किया जाएगा। 22 दिन ड्यूटी व पांच हजार किलोमीटर पूरा करने पर 3000 रुपये प्रोत्साहन राशि मिलेगी। दुर्घटनारहित बस संचालन करने पर अतिरिक्त वार्षिक प्रोत्साहन राशि मिलेगी। दो वर्ष की निर्धारित सेवा पूरी करने पर 16,593 रुपये फिक्स वेतन मिलेगा। इसके साथ ही विभाग ईपीएफ व दुर्घटना बीमा के रूप में 7.50 लाख रुपये तक की सुविधा देगा। इसके अलावा नियम व शर्तों के मुताबिक फ्री बस यात्रा पास की सुविधा मिलेगी।

### कोई दे झांसा तो करें शिकायत

भर्ती के लिए कोई धनराशि की मांग करता है तो हेल्पलाइन नंबर 1800-180-2877 पर शिकायत की जा सकती है।

> **नई बसें बेड़े में शामिल हो रही हैं। इसके लिए चालकों की आवश्यकता हैं। सीधी भर्ती के जरिए संविदा पर छह हजार ड्राइवरों की भर्ती की योग्यता तय कर दी गई है। क्षेत्रीय कार्यालयों में सीधे आवेदन कर सकते हैं।**
>
> **-अजीत सिंह,** जनसंर्पक अधिकारी, परिवहन निगम

# महाकुंभ : कोई भी श्रृद्धालु नहीं सोएगा भूखा

## मेला क्षेत्र में मुफ्त राशन की सुविधा उपलब्ध कराएगी राज्य सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ 2025 के दौरान आने वाला कोई भी श्रद्धालु व कल्पवासी भूखे पेट नहीं सोएगा। राज्य सरकार की ओर से इसके लिए मेला क्षेत्र में व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का तो आयोजन किया ही जाएगा, साथ ही उन्हें मुफ्त राशन की सुविधा का भी लाभ मिलेगा।

कई-कई दिनों तक महाकुंभ में रहने वाले कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के राशन कार्ड बनाए जाएंगे और उन्हें राशन की सुविधा प्राप्त होगी। पहले से राशन कार्ड धारण करने वालों को भी राशन कार्ड दिखाने पर राशन प्रदान किया जाएगा। इसके लिए खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा पूरे मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में कुल 160 उचित दर वाली राशन की दुकानों की स्थापना की जाएगी, जहां से दो बार (जनवरी-फरवरी) में राशन प्रदान किया जाएगा। राशन के भंडारण के लिए 5 गोडाउन भी स्थापित होंगे। इस पूरी परियोजना पर 43 करोड़ से ज्यादा की धनराशि खर्च की जाएगी।

एडीएम मेला विवेक चतुर्वेदी के अनुसार राशन कार्ड धारक को 3 किलो प्रति व्यक्ति के हिसाब से गेहूं/आटा प्रदान किया जाता है, जबकि प्रति व्यक्ति 2 किलो चावल (फोर्टिफाइड) की आपूर्ति होगी। इसी तरह 2 किलो चीनी (प्रति व्यक्ति), 2 ली. मिट्टी का तेल (प्रति राशन कार्ड) और एक डॉमेस्टिक गैस कनेक्शन प्रदान किया जाता है। डॉमेस्टिक गैस कनेक्शन को एक बार रीफिल कराने की भी सुविधा मिल सकती है।

### श्रद्धालुओं को मिल सकती है स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा

राज्य सरकार टेंट सिटी के साथ ही पहली बार अत्याधुनिक स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा प्रदान किए जाने पर विचार कर रही है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि कुंभ क्षेत्र में परेड ग्राउंड के अलावा अरैल और झूंसी में भी पीपीपी मोड पर लग्जरी सुविधाओं वाली टेंट सिटी बसाई जा रही हैं। झूंसी में प्रस्तावित दूसरी टेंट सिटी में 400 स्लीपिंग पॉड्स बनाने का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। स्लीपिंग पॉड्स बनाने के लिए टेंडर प्रक्रियाधीन है।



### प्रयागराज के 6 प्रमुख पार्कों को सजाने के लिए दिए 4.96 करोड़

महाकुंभ के पहले प्रयागराज सज-संवर रहा है। सड़क, चौराहे और दीवारों के बाद अब बारी है शहर के उन प्रमुख पार्कों की जहां महाकुंभ आने वाले आगंतुक भ्रमण कर सकते हैं। उप निदेशक उद्यान कृष्ण मोहन चौधरी बताते हैं कि उद्यान विभाग की तरफ से शहर के 6 प्रमुख पार्कों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके लिए सरकार ने 495.97 लाख का बजट जारी कर दिया है। टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। शहर के जिन पार्कों को इसके लिए चुना गया है उसमें शहीद चंद्र शेखर आजाद पार्क, खुसरो बाग, सर्किट हाउस पार्क, बोर्ड ऑफ रेवेन्यू पार्क, हाईकोर्ट परिसर पार्क और टीबी सप्रू हॉस्पिटल पार्क शामिल है।

### अयोध्या में विदेशी रामलीला पर खर्च होगा एक करोड़

राज्य सरकार ने अयोध्या धाम में आयोजित होने वाले दीपोत्सव-2024 में 28 से 30 अक्टूबर तक विदेशी रामलीला दलों व कलाकारों को मानदेय के रूप में 98.90 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति दी है। इसे लेकर शासनादेश जारी कर संस्कृति निदेशालय के निदेशक को निर्देश दिए गए हैं।

# टेंडर दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** टेंडर व खनन का पट्टा दिलाने के नाम पर कारोबारियों और ठेकेदारों से करोड़ों की ठगी करने वाले कन्हैया शर्मा को हजरतगंज पुलिस ने जापलिंग रोड स्थित कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के समय आरोपी खुद को आईएएस और बड़े नेताओं का करीबी बताकर पुलिस को धमकी दे रहा था।

एसीपी हजरतगंज अरविंद वर्मा के मुताबिक गिरफ्तार कन्हैया शर्मा एमएस स्वराज क्रांति इंफ्राटेक प्रा. लि. नाम से कंपनी चलाता है। वह खुद को आईएएस, पीसीएस अधिकारियों व बड़े नेताओं का परिचित बताते हुए लोगों को टेंडर व खनन का पट्टा दिलाने का लालच देकर रकम हड़प लेता था। काम न होने पर वह बंद बैंक खातों के चेक देकर बच जाता था। दबाव पड़ने पर कुछ रुपये देता था।

**स्मार्ट मीटर का टेंडर दिलाने के नाम की थी ठगी :** इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि कन्हैया के खिलाफ छह जून 2024 को बलिया के सुखपुरा निवासी पवन कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कन्हैया ने पवन को बलिया में स्मार्ट मीटर लगाने का टेंडर दिलाने का झांसा दिया था। बदले में 15.49 लाख रुपये लिये थे। काम न होने पर रकम वापसी का दबाव बनाया तो तीन चेक दिए जो नकली थे।

**कई राज्यों की पुलिस दे चुकी थी दबिश :** आरोपी दिल्ली, मुंबई, बांदा, वाराणसी, महोबा व कानपुर में भी लोगों से ठगी कर चुका था। कन्हैया की तलाश में पुलिस कई बार लखनऊ दबिश दे चुकी थी। लखनऊ, बांदा और नई दिल्ली की कोर्ट से आरोपी का गैरजमानती वारंट भी जारी था। कन्हैया के खिलाफ हजरतगंज थाने में ठगी के सात, एंटी पावर थेफ्ट थाने में दो मामले दर्ज हैं।

### कार्यालय में बैठाता था हमशक्ल युवक

इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी काफी शातिर है। उसने पुलिस और ठेकेदारों से बचने के लिए अपने कार्यालय में हमशक्ल युवक को बैठा रखा था। इसका फायदा उठाकर वह लगातार लोगों को ठग रहा था। आरोपी ने आईएएस विनय वर्मा के फ्लैट पर कब्जा कर लिया था।


कन्हैया शर्मा

## वर्ग पहेली-228

**बाएं से दाएं**

1. 1. गुण, योग्यता, प्रकृति 2. असर, प्रभाव।

4. जो कृपण अथवा कंजूस न हो, ख़र्च करने वाला, उदार, दानशील।

5. तदर्थ, किसी विशेष कार्य के लिए की गई सामयिक व्यवस्था।

8. 1. बातचीत, वार्तालाप, कथोपकथन 2. ख़बर, समाचार 3. भेजा हुआ या प्राप्त विवरण या वृतांत 4. चर्चा 5. सहमति, स्वीकृति 6. व्यवहार, मुकदमा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्यपुत्री, सूर्य की कन्या, तासी 2. ताप्ति नामक नदी।

2. 1. जंभाई लेना 2. खिलना, फैलना।

3. जो कृषि से संबंध न रखता हो, कृषीतर (नॉन-ऐग्रिकल्चरल)।

6. 1. ऐसी बात जो किसी को डराने के लिए कही जाए 2. पक्षियों आदि को डराकर फलदार वृक्षों

7. 1. वह नीची ज़मीन या छोटा गड्ढा जिसमें बरसाती पानी ठहरता हो, झांवर 2. मैला या गंदा पानी 3. चिलमची नामक पात्र जिसमें हाथ-मुंह धोने का पानी रहता है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | 3 | ■ | |
| | ■ | 4 | | | |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| 5 | 6 | | | ■ | 7 |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | |
| 8 | | | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली -227 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 भा | षा | स | 2 म | ■ | 3 तु |
| ■ | ■ | ■ | धु | ■ | ला |
| ■ | ■ | ■ | मा | ■ | ई |
| ■ | 4 कु | 5 शा | स | न | ■ |
| ■ | ■ | सि | ■ | ■ | 6 ज़े |
| 7 गुं | जि | त | ■ | ■ | ह |
| ■ | ■ | ■ | 8 झा | ड़ | न |

## सुडोकू -141

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | | 4 | | | 8 | |
| | | 9 | | | 2 | | | |
| 2 | | 5 | | 3 | | 7 | | |
| | 1 | | | | 3 | | 2 | 5 |
| | 2 | | | | | | 4 | |
| 3 | 5 | | 7 | | | | 6 | |
| | | 7 | | 6 | | 5 | | 9 |
| | | | 1 | | | 6 | | |
| | 6 | | | 8 | | 2 | 7 | 4 |

### सुडोकू - 140 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 8 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 |
| 3 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 7 | 9 | 2 |
| 7 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 9 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 3 | 1 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 5 | 3 |
| 5 | 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 2 | 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 अक्टूबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 22 अक्टूबर 02.29 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 06.50 तक तत्पश्चात मृगशिरा 22 अक्टूबर 05.51 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** – आज आपको जॉब में बदलाव के अवसर मिल सकते हैं। जहां बहुत आवश्यकता न हो वहां बातें न करें। सिरदर्द संबंधी परेशानियां हो सकती है। मित्रों से आपको सहयोग प्राप्त होगा। आपके मित्र आपके कुछ अपेक्षाएं रखें, जिसे आपको पूरा करना पड़ेगा।

**वृष** – आज साझेदारी से जुड़े व्यवसाय में आपको सफलता मिल सकती है, जो काम किसी अभाव के कारण शुरू नहीं कर पा रहे थे वो आप शुरू कर लेंगे। सहकर्मियों के कार्यों में गलतियां निकालने से आपकी आलोचना हो सकती है।

**मिथुन** – आज दिन की शुरुआत में शारीरिक कष्ट की संभावना है। शत्रु आपका काम बिगाड़ने का प्रयास करेंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यवसाय में अपेक्षित लाभ मिलने के आसार कम हैं। विद्यार्थी अपने भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे।

**कर्क** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में नए संपर्क विकसित हो सकते हैं। नौकरी में आपको उच्च पद मिल सकता है। अटके हुए काम दोबारा शुरू होने के योग बन रहे हैं। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**सिंह** – आज उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। युवाओं को नए प्रेमी मिल सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा।

**कन्या** – आज जमा पूंजी अनावश्यक कार्यों में खर्च हो सकती है। अपने निर्णय पर कायम रहें। दूसरों की मदद करने से पीछे न हटें। आपको थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। परिवार में कलह का माहौल रहेगा।

**तुला** – आज गलत लोगों के साथ संबंध न रखें। धर्म-कर्म को लेकर आपके मन में अनास्था उत्पन्न हो सकती है। बच्चों के भविष्य को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। स्वास्थ्य समस्या को लेकर परेशानी होने की संभावना है। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव कम रहेगा।

**वृश्चिक** – आज कारोबार में मित्रों का उत्तम सहयोग मिलेगा। आप अपनी दिनचर्या में बदलाव कर सकते हैं। पुरुष जातकों को महिलाओं से मदद मिलेगी। सभी कार्यों में सफलता मिलने से आप उत्साहित रहेंगे। ज्यादा लाभ कमाने के चक्कर में नैतिकता से समझौता न करें।

**धनु** – आज तकनीक में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। रुके कार्यों में गति आने से आपको लाभ होगा। मन की उलझनें दूर होगी। विद्यार्थियों को शिक्षकों की काफी अच्छी मदद मिलेगी। आप जिस काम की काफी समय से योजना बना रहे थे उसे शुरू कर सकते हैं।

**मकर** – आज अहंकार को अपने ऊपर हावी न होने दें अन्यथा आपके संबंध प्रभावित हो सकते हैं। शेयर और निवेश में सावधानी रखें। लव लाइफ में अभाव महसूस होगा। आपको महत्वपूर्ण कार्यों में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** – आज माता-पिता की सलाह की अवहेलना न करें। हास्य-व्यंग्य पर गंभीर प्रतिक्रिया देने से बचें। यदि आप नया काम शुरू करना चाह रहे तो आपको अपनी योजनाओं में बदलाव करना पड़ सकता है। फाइनेंस संबंधी परेशानियों को दूसरों से साझा न करें।

**मीन** – आज रचनात्मक क्षमता का कारोबार में लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। शाम के समय संतान को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहने वाली है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
राज तिलक – सुबह : 10.43
हिन्दुस्तान की कसम – रात : 07.00

&pictures
जिगरवाला नं.1 – सुबह : 11.03
सूर्या द सोल्जर – रात : 07.30

SONY PIX
टार्जन – सुबह : 10.36
जॉन विच – रात : 09.00

ZEE CINEMA
रक्षा बंधन – सुबह : 11.48
दबंग 3 – रात : 08.00

ZEE ACTION
शिवा द सुपर हीरो 3 – सुबह : 10.58
ब्रूस ली – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक औरत ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ दिया।
पुलिस वाला- रुको
औरत- मुझे जाने दो, मैं एक टीचर हूं
पुलिस वाला- अहा! इस दिन के इंतजार में तो मैं कई सालों से था, चलो अब 100 बार लिखो कि मैं कभी ट्रैफिक सिग्नल नहीं तोड़ूंगी।

सहेली- मैं तो लुट गई बर्बाद हो गई।
पिंकी- क्यों पति ने पिटाई की क्या?
सहेली- मेरे पति का ऑफिस में एक लड़की से चक्कर चल रहा है।
पिंकी- तुमको कैसे पता?
सहेली- मेरे बॉयफ्रेंड ने कल उनको एक लड़की के साथ देखा था।

अश्वस्य भूषणं वेगो मत्तं स्याद् गजभूषणं।
चातुर्यम् भूषणं नार्या उद्योगो नरभूषणं॥

घोड़े की शोभा उसके वेग से होती है और हाथी की शोभा उसकी मदमस्त चाल से होती है। नारियों की शोभा उनकी विभिन्न कार्यों में दक्षता के कारण और पुरुषों की उनकी उद्योगशीलता के कारण होती है।

## संपादकीय

# एक वैश्विक चुनौती

आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु संकट और क्षेत्रीय संघर्ष जैसे कई वजहों से वैश्विक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य खराब हुआ है। आर्थिक अनिश्चितता भी मानसिक विकार की व्यापकता से जुड़ी हुई है। कहा जा सकता है कि मानसिक विकार न केवल व्यक्तिगत चुनौतियों के रूप में, बल्कि वैश्विक चुनौतियों के रूप में भी पहचाने जाते हैं। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को ठीक ढंग से हल न किए जाने के कारण अर्थव्यवस्था को भी काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है। इससे न केवल देश की मानव पूंजी को नुकसान होता है बल्कि प्रभावित व्यक्ति की आर्थिक स्थिति भी खराब हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, मानसिक स्वास्थ्य विकारों का सर्वाधिक प्रभाव युवाओं पर पड़ता है। चूंकि भारत की अधिकांश जनसंख्या युवा है इसलिए यह एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, तकरीबन 7.5 प्रतिशत भारतीय किसी-न-किसी रूप में मानसिक विकार से ग्रस्त हैं। इससे सकल घरेलू उत्पाद में हानि हो सकती है। भारत में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियां कम नहीं हैं। मेंटल स्टेट ऑफ इंडिया -2024 रिपोर्ट के मुताबिक देश में वर्ष 2020 की तुलना में वर्ष 2023 में लोगों का मानसिक स्वास्थ्य अधिक प्रभावित हुआ है यानी इस दौरान मानसिक विकार की समस्या बढ़ी है। देश में मानसिक स्वास्थ्य पर कुल सरकारी स्वास्थ्य व्यय का सिर्फ 1.3 प्रतिशत खर्च होता है। हर दस लाख आबादी पर सिर्फ तीन मनोचिकित्सक हैं, जबकि कॉमनवेल्थ देशों के मुताबिक हर एक लाख आबादी पर कम से कम 5-6 मनोचिकित्सक होने चाहिएं। साथ ही मानसिक बीमारी वाले लोगों के मानवाधिकारों के संरक्षण से जुड़े कानून में कई कमियां हैं। हालांकि सरकार ने लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से समय-समय पर समुचित कदम उठाए हैं। जैसे कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2014, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2017 और मेंटल हेल्थकेयर एक्ट 2017 को लाया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से सितंबर 2020 में किरण हेल्पलाइन की शुरुआत की गई थी। इसके जरिए मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को परामर्श दिया जाता है।

गौरतलब है कि डब्ल्यूएचओ अपनी स्वास्थ्य की परिभाषा में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी शामिल करता है। इसलिए, मानसिक स्वास्थ्य को वैश्विक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं में शामिल किया जाना चाहिए। भारत में इसकी चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य और केंद्र के मध्य उचित समन्वय की आवश्यकता है। मानसिक स्वास्थ्य का समाधान करके ही हम देश में समावेशी विकास की उम्मीद कर सकते हैं।

# मनुष्य मूलतः मांसाहारी है या शाकाहारी



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

एक सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में हर साल वैध-अवैध तरीके से बीस करोड़ जानवरों की हत्या की जाती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार हरेक वर्ष 9 .12 लाख भैंसें बूचड़खानों में कत्ल कर दी जाती हैं। एक किलो मांस के लिए जितने संसाधनों का उपयोग पशुपालन में किया जाता है।

वर्ष 2024 के साहित्य का नोबेल पुरस्कार हान कांग द्वारा लिखा गया उपन्यास 'द वेजिटेरियन' को मिला है, जो शाकाहार-मांसाहार पर आधारित है। इसने काफी दिनों से चल रहे शाकाहारी -मांसाहारी विवाद को हवा दे दी है। हालांकि उपन्यास में कोरियाई संस्कृति और समाज में मांसाहारी संस्कृति, स्त्री-द्वेष और वर्जित विषय-वस्तु पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

उपन्यास में नायिका को पशुओं की हत्या के दुःस्वप्न आते हैं और इससे उद्वेलित होकर वह मांसाहार त्यागने का निर्णय ले लेती है। चूंकि कोरियाई समाज मूलतः मांसाहारी है इसलिए इसे उनके परिवार और समाज में आश्चर्य की दृष्टि से देखा जाता है और उन्हें इसके लिए अजीब या विक्षिप्त तक समझ लिया जाता है। इतना ही नहीं उस पर मांस खाने का दबाव बनाया जाता है। वह इसका कड़ा विरोध करती है। नायिका के इस निर्णय को सामाजिक-पारिवारिक अवज्ञा और पत्नी पर पति की सत्ता-शक्ति को नकारने के रूप में देखा जाता है। स्पष्ट है कि एक मांसाहारी समाज में शाकाहारी होने की सोच को गलत माना जाता है, परंतु यहां यह पक्ष विचारणीय है कि मनुष्य मूलतः है क्या एक मांसाहारी जीव या एक शाकाहारी जीव? सबके अपने-अपने तर्क और विचार हैं। वस्तुत : मनुष्यों में शिकार करके मांस खाने का प्रचलन लगभग 70 हजार ईसा पूर्व से ही है।

प्राचीन भारत में सिंधु घाटी सभ्यता के समय से ही गोमांस और जंगली सूअर का व्यापक रूप से सेवन किया जाता था। वैदिक युग में भी पशुओं और गाय की बलि देना सामान्य बात थी। यहां तक कि दक्षिण भारतीय ब्राह्मणों को कम से कम 16 वीं शताब्दी तक मांसाहार करते हुए पाया गया है जबकि उत्तर भारत के ब्राह्मणों और दूसरे सवर्णों ने 19 वीं शताब्दी के आखिरी वर्षों में मांसाहार का त्याग करना शुरू किया है। वर्तमान स्थिति यह है कि हाल के एक सर्वे के अनुसार 19 प्रतिशत भारतीयों ने खुद को शाकाहारी बताया था,जबकि 81 प्रतिशत भारतीयों ने मांसाहारी होना बताया है, जिसमें वो लोग भी शामिल हैं, जो कुछ खास पशु-पक्षियों का मांस नहीं खाते हैं या सप्ताह में किसी खास दिन मांस नहीं खाते हैं। लगभग 80 प्रतिशत लोग किसी न किसी रूप में मांस का भक्षण करते हैं, परंतु इसमें

प्राचीन भारत में सिंधु घाटी सभ्यता के समय से ही गोमांस और जंगली सूअर का व्यापक रूप से सेवन किया जाता था। वैदिक युग में भी पशुओं और गाय की बलि देना सामान्य बात थी। यहां तक कि दक्षिण भारतीय ब्राह्मणों को कम से कम 16 वीं शताब्दी तक मांसाहार करते हुए पाया गया है ।

क्षेत्रीय तौर पर, सामाजिक-जातीय और धार्मिक तौर पर काफी अंतर है। लक्षद्वीप में लगभग शत प्रतिशत जनसंख्या मांसाहारी है। मुस्लिम बाहुल्य वाले इस संघ शासित प्रदेश में प्रतिदिन के खाने में चावल के साथ मांस-मछली की कोई न कोई किस्म होती ही है। द्वीपीय प्रदेशों में मांसाहारी खाने वालों की संख्या ज्यादा होती है। देश के 16 राज्यों में लगभग 90 प्रतिशत लोग मांसाहार का सेवन करते हैं। विभिन्न सर्वे में लैंगिक तौर पर भी फर्क दिखता है। लगभग 83 प्रतिशत पुरुष मांसाहारी हैं, जबकि उनकी तुलना में लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं ही नॉन वेजिटेरियन खाना पसंद करती हैं।

एक आंकड़ा और दिलचस्प है कि भारत के 20 प्रतिशत शाकाहारियों में से एक प्रतिशत के पास भारत की 80 प्रतिशत संपत्ति है। हालांकि इसका शाकाहारी होने से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि ये संपत्तियां उन बड़े औद्योगिक परिवारों के पास है, जो गुजरात, मारवाड़ी हैं और मूलतः शाकाहारी हैं। चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद मांसाहार को विपत्तियों का घर कहती है और शाकाहार को प्रोत्साहित करती है। भारत में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को भी एक बहुत बड़ा वर्ग मानता और अपनाता है। श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी कहा है कि मांस एक तामसिक भोजन है, जिसे ग्रहण करने से मनुष्य की बुद्धि न केवल क्षीण हो जाती है, बल्कि वो अपनी इन्द्रियों पर से भी नियंत्रण खो देता है। यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि मनुष्य में मांसाहारी जानवरों के समान न चीरने -फाड़ने वाले दांत हैं और न ही उसको पचाने वाले आंत हैं। शाकाहार की अवधारणा के पीछे "जियो और जीने दो" और "अहिंसा परमो धर्म" जैसे सिद्धांत हैं, जो भारत के मूल में रचा-बसा है। वस्तुतः शाकाहार का समर्थन मानवीय संवेदनशीलता और पशु अधिकारों पर ध्यान केंद्रित कर किया गया है। सभी जीवों को जीने का अधिकार है और किसी जीव को सिर्फ स्वाद या भोजन के लिए मारना, उसकी स्वतंत्रता छीनना है। प्रकृति ने यदि मनुष्य को ताकतवर बनाया है, वह कमजोर जीवों को खाने के लिए नहीं है। शाकाहारी आहार से रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल कम होना और हृदय रोग, मधुमेह और कुछ तरह के कैंसर की दर कम होना आदि लाभ होते हैं, जबकि मांसाहारियों का तर्क है कि मांस खाने से पोषण मिलता है। पौधे आधारित विकल्पों में मांस के समान पोषक तत्व नहीं होते। दुनिया के कुछ हिस्सों में भौगोलिक कारणों से सिर्फ पौधे आधारित आहार नहीं अपनाया जा सकता। वैज्ञानिक टॉम रेगन और पीटर सिंगर के अनुसार जानवरों की पीड़ा और मृत्यु नुकसानदेह मनुष्यों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है।

एक सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में हर साल वैध-अवैध तरीके से बीस करोड़ जानवरों की हत्या की जाती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार हरेक वर्ष 9.12 लाख भैंसें बूचड़खानों में कत्ल कर दी जाती हैं। एक किलो मांस के लिए जितने संसाधनों का उपयोग पशुपालन में किया जाता है, उतने में पांच किलो अनाज पैदा हो सकता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि शाकाहारी आहार अधिक पौष्टिक होते हैं, चूंकि शाकाहार में पौधे आधारित भोजन जैसे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, फलियां, नट और बीज युक्त चीजें शामिल होती हैं, जो शरीर के स्वस्थ विकास और रोग के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण सिद्ध होते हैं। शाकाहारी आहार में भरपूर मात्रा में फाइबर, प्लांट प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं। वस्तुतः शाकाहार एक संपूर्ण आहार है, जिसमें प्रोटीन, खनिज, वसा, और मिनरल्स जैसे तत्व पाए जाते हैं। कहा जाता है कि एक किलोग्राम मांस का उत्पादन करने के लिए पशु को खिलाने के लिए 25 किलोग्राम अनाज की आवश्यकता होती है और लगभग 15 हजार लीटर पानी की आवश्यकता होती है। यदि सारा अनाज जानवरों के बजाय इंसानों को खिलाया जाए, तो हम 3.5 अरब अतिरिक्त लोगों को खाना खिला सकते हैं। राष्ट्रीय सैंपल सर्वे ऑफिस' के 2011-12 के आंकड़ों के अनुसार उस समय भारत में लगभग आठ करोड़ लोग, यानी औसतन हर 13 में से एक भारतीय, गोमांस या भैंस का मांस खा रहा था। अप्रैल 2018 के एक अध्ययन के अनुसार केवल 20 प्रतिशत भारतीय अब शाकाहारी हैं। वर्ल्ड एटलस के अनुसार भारत में शाकाहारियों का प्रतिशत सर्वाधिक है। भारत में मांस की खपत दर भी दुनिया में सबसे कम है। पशु प्रोटीन की वैश्विक मांग तेजी से बढ़ रही है। मांस और मछली उत्पादन में तेज वृद्धि से यह मांग पूरी हो गई है। इस मांग को पूरा करने के लिए एफएओ 2021 के आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन 9 लाख गाय, 14 लाख बकरियां, 17 लाख भेड़, 38 लाख सुअर, 120 लाख बत्तख और 20 करोड़ मुर्गियां मानवीय उपभोग के लिए मार दी जाती हैं। एक अनुमान के अनुसार, प्रतिदिन औसतन 21 करोड़ मछलियां मारी जाती हैं। प्रतिवर्ष लगभग 100 बिलियन जानवरों को मारा जाता है। वस्तुतः जिस स्तर पर मांस की खेती की जाती है, वह पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है।

एक अनुमान के अनुसार अगले 15 वर्षों में यदि मांसाहार को पूर्णरूपेण समाप्त कर दिया जाए तो सभी मीथेन उत्सर्जन में एक तिहाई और सभी नाइट्रस ऑक्साइड उत्सर्जन में दो तिहाई की कमी आ जाएगी। दुनिया की लगभग 45 प्रतिशत रहने योग्य भूमि का उपयोग कृषि के लिए किया जाता है। इसमें से केवल एक तिहाई पर ही फसलें उगाई जाती हैं, बाकी का अधिकांश भाग चरागाह भूमि है। पशुधन पालन में विशेष रूप से मुर्गी पालन में एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग होता है। ये प्रतिरोधी बैक्टीरिया भोजन के माध्यम से पशुओं से मनुष्यों में पहुंचते हैं, जो इंसानी शरीर पर बुरा असर छोड़ रहे हैं। शाकाहार समर्थकों के अनुसार मांसाहार एक जीवनशैली नहीं, बल्कि एक नैतिक अपराध है। इस कारण से काफी संख्या में मांसाहारियों द्वारा शाकाहारियों के प्रति द्वेष और घृणा प्रकट की जाती है जिसे वेजीफोबिया कहा जाता है। वह उनमें पशु हत्या का एक गिल्ट भाव जगाते हैं। यह भी एक प्रमाणित तथ्य है कि दुनिया के ज्यादातर मांसाहारी मांस खाते तो हैं, लेकिन जिंदा पशु को मरता हुआ नहीं देख सकते।

## प्रसंगवश

# तांत्रिक बाबा और मधुबाला की रूह

अभी कुछ दिनों पहले एक तांत्रिक बाबा को फोन लगाया। एक उम्रदराज व्यवसायी के तौर पर परिचय देने के बाद उधर से आवाज आई, "इस उम्र में क्या चाहिए सेठ जी मनचाहा प्यार कि शादी?" मेरे प्यार कहने पर सवाल आया - "कौन है वह और कहां की है ?" मैंने थोड़ा सकुचाते हुए जवाब दिया -"औरत नहीं है बाबा, एक रूह है।" आवाज आई-"मजाक तो नहीं कर रहे हो मेरे साथ?" मैंने कहा-"गंभीर हूं, बाबा"। किशोर उम्र में मधुबाला की फिल्में देखकर उन्हें दिल दे बैठा था। रात-रात भर उनके सपने देखता था। दिलीप कुमार से प्यार और किशोर दा से शादी कर वे बर्बाद हुईं तो मुझे बड़ा दुख पहुंचा। उनकी मौत पर बहुत रोया था। आज भी मैं उन्हें नहीं भूला। आप बस उनकी रूह से मेरा संपर्क करवा दें। इसमें जो खर्च आएगा, मैं देने को तैयार हूं।" बाबा कुछ देर चुप रहने के बाद बोले-"यह मजाक वाली बात नहीं है तो सुनो। रूह को तुम्हारे वश में कर देना कठिन साधना की मांग करता है। इसमें खर्च आएगा। तुम गंभीर हो, यह साबित करने के लिए पच्चीस हजार का एडवांस अभी मेरे खाते में ट्रांसफर कर सकते हो?"



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

मैंने कहा - "जरूर, लेकिन उसके बाद?" उन्होंने कहा - "मैं कुछ दिनों की श्मशान साधना करने के बाद एक सिद्ध ताबीज तुम्हें भेजूंगा। आधी रात को उसे हाथ में लेकर मधुबाला को याद करोगे तो उसकी रूह तुम्हारे सामने होगी। तुम जितनी देर भी चाहो, उससे अपने दिल की बातें कर सकोगे। काम हो जाने के बाद मेरे बकाया के पच्चीस हजार चुका देना।"

मैंने कहा-"बाबा, वे इस कदर सुंदर थी तो उनकी रूह भी तो उतनी ही सुंदर होगी न।" उनके हां कहने पर मैंने कहा-" मेरे लिए साधना करते-करते कहीं आप खुद उन्हें दिल दे बैठे और उन पर कब्जा कर लें तो मेरा क्या होगा? मैं तो अकेला ही रह जाऊंगा न?" मेरा यह कहना था कि बाबा सिरे से उखड़ गए। अज्ञात भाषा में कुछ अंट-संट बोलकर फोन काट दिया। थोड़ी देर बाद मैंने भी फोन लगाकर बाबा को कहा कि आपका नंबर पुलिस वालों को दे दिया है। मुझे मेरी मधुबाला से आपने नहीं मिलाया, अब आप पुलिस वालों से मिलने को तैयार रहें। कई दिनों से बाबा का नंबर बंद है। डायल करने पर मधुबाला जैसी ही आवाज में एक संदेश लगातार आ रहा है- "दिस नंबर डज नॉट एक्जिस्ट"।

# गलत बात पर अड़ना ताकत या कमजोरी

केमिस्ट्री या फिजिक्स की कोई किताब ले लीजिए अथवा किसी भी वैज्ञानिक की कोई किताब लेकर चौराहे पर चले जाइए और उसके पन्ने फाड़ना शुरू कीजिए, उसके चिथड़े कर डालिए, उसको रौंद दीजिए। इतने में भी मन न भरे तो उसके पन्ने जला दीजिए। इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालिए। अगले दिन आपको न तो किसी वैज्ञानिक से धमकी मिलेगी, न ही कोई आपके खिलाफ रैली निकालेगा, न ही आपके खिलाफ किसी वैज्ञानिक संगठन द्वारा एफआईआर होगी और न कोई आपका हाथ या गला काटेगा।

फिर क्या कारण है कि किसी धर्म-ग्रंथ का या धार्मिक प्रतीकों का तथाकथित अथवा वास्तविक अपमान करने पर हम पर मुकदमा भी हो सकता है, हमारा हाथ भी काटा जा सकता है, हमारा गला भी काटा जा सकता है और शहर में दंगे भी हो सकते हैं? क्या वैज्ञानिक आस्था को चोट पहुंचाना क्षम्य होता है, लेकिन धार्मिक आस्था को चोट पहुंचाना नहीं? सदैव धार्मिक भावना का सम्मान करने की बात ही क्यों होती है? वैज्ञानिक भावना का सम्मान करने की क्यों नहीं? ऐसा क्यों होता है कि वैज्ञानिक तो सहिष्णु होते हैं, लेकिन अक्सर 'धर्म' के ठेकेदार नहीं? और क्या अनेक बार सत्य बात कहना किसी धार्मिक आस्था और किसी धार्मिक ग्रंथ का अपमान करना ही माना जाता है?

क्यों यह स्पष्ट नहीं किया जाता है कि इस संसार में व्याप्त अनेक प्रकार की धार्मिक आस्थाओं में से कौन सी सत्य है और क्यों? क्या इसलिए कि ये केवल आस्थाएं होती हैं- प्रमाणित तथ्य नहीं और इन्हें सही सिद्ध करने का कोई तरीका नहीं होता है? जो सिद्ध होते हैं, वह तथ्य होते हैं - आस्था नहीं। क्या किसी मान्यता का स्वयं को 'ईश्वरीय' घोषित कर देना एक सही तरीका हो सकता है? क्या अपने ग्रंथों में लिखी बातों को 'ब्रह्म वाक्य' घोषित कर



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

सत्य को साबित करने के लिए आपको हिंसा का सहारा लेने की कतई जरूरत नहीं होती है। सत्य को बताने के लिए हमें क्रोध करने की आवश्यकता नहीं होती है।

देना एक सही तरीका हो सकता है? क्या 'बाबा वाक्य प्रमाणम्' और 'व्यक्ति-पूजा' एक सही तरीका हो सकता है? क्या लगभग सभी धार्मिक, पांथिक और सांप्रदायिक मत ऐसा ही नहीं करते हैं? क्या 'सत्य' किसी के पन्ने फाड़ने या जलाने से मिट जाता है? क्या सत्य को कभी लीपापोती की जरूरत पड़ती है? विज्ञान कभी खतरे में क्यों नहीं आता है- धर्म ही क्यों खतरे में आ जाता है?

विज्ञान में तो किसी सिद्धांत से सहमत न होने पर उसका विरोध निश्चिंत होकर किया जा सकता है, लेकिन धर्म, मजहब अथवा रिलीजन में नहीं। दोनों में यह अंतर क्यों है? क्या हमें एक वैज्ञानिक सोच का भी उतना ही सम्मान करने की आवश्यकता नहीं है जितनी आवश्यकता एक धार्मिक सोच का सम्मान करने की है? और जहां दोनों सोचों में अंतर आ रहा है, क्या वहां अपनी बुद्धि और अपने विवेक का प्रयोग करने की आवश्यकता नहीं है कि दोनों में से कौन सी सोच सही है? क्या नैतिक, सामाजिक और मानवीय मूल्यों और गुणों का पालन करना ही वास्तविक धर्म नहीं होता है या नहीं होना चाहिए? क्यों इन गुणों को ही वास्तविक धर्म मानने वालों का उन्हें 'नास्तिक' कहकर अपमान किया जाता है? क्यों कुछ विशेष मान्यताओं को, कुछ अतार्किक बातों को, न मानने वालों को हेय दृष्टि से देखा जाता है? क्या ऐसा करने वाले स्वयं संकुचित दृष्टि और बंद मन के स्वामी नहीं होते हैं?

सत्य को साबित करने के लिए आपको हिंसा का सहारा लेने की कतई जरूरत नहीं होती है। सत्य को बताने के लिए हमें क्रोध करने की आवश्यकता नहीं होती है। सत्य की रक्षा के लिए हमें किसी को अपशब्द कहने की आवश्यकता भी नहीं होती है। सत्य कभी संगठन बनाकर हिंसा के सहारे किसी पर थोपा नहीं जाता है। हमारी बात का वजन हमारे तर्कों और हमारी सत्यता से बढ़ता है। दूसरों के प्रति हमारे अपशब्दों और दूसरों को नीचा दिखाने से नहीं। सत्य कुछ समय के लिए दबा अथवा छिपा रह सकता है, लेकिन अंततः वह सामने आता है और लोगों को 'अपील' करता है।

दूसरे को सुनना, समझना और सही एवं तार्किक बात को स्वीकार करना और अपनी गलत एवं अतार्किक बात को अस्वीकार करना किसी भी मत की, पंथ की, संप्रदाय की, व्यक्ति की और किसी भी सत्य की, ताकत होनी चाहिए, कमजोरी नहीं। अपनी गलत बात पर अड़ना हमारी ताकत नहीं होती है वरन हमारी कमजोरी होती है। दूसरे को समझने में सहिष्णु होना भी सत्य की ताकत मानी जानी चाहिए- कमजोरी नहीं, किंतु क्या अधिकांश धार्मिक और पांथिक मत ऐसा करते हैं? क्या वे सदैव स्वयं को ही सत्य और स्वयं से भिन्न अन्य को गलत नहीं समझते हैं? क्या इस निर्णय में वे तार्किक होते हैं, क्या वे तथ्यों को देखते हैं? हमें 'वास्तविक सत्य' की ओर बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। वह सत्य जो तार्किक हो, जो तथ्यों द्वारा पोषित और प्रमाणित हो। हमारे मनीषियों ने कहा है- "असतो मा सद् गमय/तमसो मा ज्योतिर्गमय/ मृत्योर्मा अमृतं गमय।" क्या हम आगे बढ़ने की इस मूल भावना को आत्मसात कर पाए हैं?

## सोशल फोरम

# हिंसा विचारशक्ति का अंत

21 वीं सदी में प्रत्यक्ष उपनिवेश नहीं हैं। सभी देश स्वतंत्र हैं, जहां विभिन्न धर्मों, नस्लों और जातियों की मिश्रित आबादी वाले आधुनिक नगर हैं। नगरों में अनोखी रोशनी वाले ऊंचे भवन हैं, पर उनकी नींव में सांस्कृतिक अंधेरा है। लोगों के मन में बासी घाव हैं, सीवन हैं।

आर्थिक उदारीकरण आया तो सारी मानवीय आशाओं को तोड़ते हुए सामाजिक अनुदारता और हिंसा का एक नया युग भी आ गया। आज बाजार में बहुत से रंग हैं, चहल-पहल है, पर समाज विभाजन से भरा है। एक प्रसिद्ध पश्चिमी पत्रकार टॉम बर्गिस की हाल में एक पुस्तक आई है, 'कुक्कूलैंड : व्हेयर द रिच ऑन द ट्रुथ'। इसमें कहा गया है, 'हम जिस चीज के साक्षी हैं, वह है यथार्थ का निजीकरण।' इन दिनों जिसे सच या झूठ कहा जा रहा है उसका कोई सैद्धांतिक आधार नहीं है। उसका यथार्थ से कोई संबंध नहीं है, वह अमीरों द्वारा निर्मित सच है। यह भी कहा जाना चाहिए कि बाजार में 'यथार्थ का निजीकरण' हो रहा हो तो समाज में 'यथार्थ के समुदायीकरण' पर जोर है। दोनों जगहों की सामान्य घटना है 'यथार्थ का विकृतिकरण', जो मनुष्य की विचारशक्ति को बड़े स्तर पर प्रभावित कर रहा है। जाहिर है, 'निर्मित यथार्थ' पर आधारित हिंसा भी 'निर्मित हिंसा' होगी। इन दिनों हर देश में हिंसात्मक संघर्ष बढ़ रहे हैं। रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलिस्तीन के बीच युद्ध चल रहा है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

देश के भीतर की सरहदों पर बढ़े संघर्षों ने संपूर्ण मानव जीवन को सामाजिक अशांति से भर दिया है। निर्मित 'अदर' (अन्य माने जाने वाले लोग) नृशंसतापूर्वक मारे जा रहे हैं, उन्हें सत्ता केंद्रों द्वारा डराकर रखा जा रहा है। स्त्रियों के प्रति यौन हिंसा में वृद्धि हुई है। इसका एक नतीजा है, लड़कियों की स्वतंत्रता में पहले से कमी आ गई है, डर बढ़ा है। कई देशों में देखा जा सकता है कि जनता का प्रतिवाद इधर हिंसक और भीड़-न्याय वाला होता जा रहा है,श्रीलंका और बांग्लादेश के उदाहरण हैं। पश्चिमी देश भी अशांत हैं, यहां बहुत कुछ अभूतपूर्व घट रहा है। वैश्वीकरण के युग में एक बड़ी आबादी विषमता, विस्थापन और वंचना की ज्यादा शिकार हो रही है। नई किस्म के हिंसक संघर्ष और आक्रामक प्रोपेगेंडा उतने अधिक बढ़ रहे हैं। -फेसबुक वॉल से

# पुलिस स्वयं अपराधी न बने

पूर्व डीजीपी ने चेताया कि एनकाउंटर में फंसे तो बाल बच्चे तक रोएंगे, नैतिकता का तकाजा है कि पुलिस स्वयं अपराधी न बने। उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने कहा है कि प्रमोशन और पैसे के लिए एनकाउंटर कर रहे हैं। मैं पहले भी पुलिसकर्मियों को फर्जी मुठभेड़ों पर आगाह कर चुका हूं।

गाजीपुर के एक मामले में घटना के 22 वर्ष बाद पुलिसकर्मियों को सजा सुनाई गई थी। मैंने और पहले कहा था कि किस तरह जनपद सीतापुर की एक मुठभेड़ के मामले में घटना के 25 वर्ष बाद पुलिसकर्मियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और एक-एक करके कई पुलिस अधिकारी केन्द्रीय कारागार बरेली में मरते रहे, लेकिन अदालतों से उनकी जमानत नहीं हुई। लगभग ढाई सौ पुलिस अधिकारी जेलों में सड़ रहे हैं। इन्हें कोई मदद करने वाला या बचाने वाला नहीं होता है। पीलीभीत जनपद में खूंखार आतंकवादियों को मुठभेड़

जब मुकदमा सजा के स्तर पर आता है तब तक ये पुलिस अधिकारी बूढ़े और रिटायर्ड हो चुके होते हैं। कोई आगे पीछे नहीं होता।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

में मारने वाले 45 पुलिस अधिकारियों को उम्रकैद की सजा हुई। उस समय भी भाजपा सरकार थी। वर्तमान सरकार ने बार-बार गुहार लगाने के बाद भी इन बूढ़े और रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों की सजा माफ नहीं की। हाईकोर्ट से भी जमानत नहीं हुई, जो सरकारें और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, अपने अधीनस्थों पर नाजायज दबाव डालकर फर्जी मुठभेड़ करवाते हैं, वे फंसने पर कोई मदद नहीं करते। जब मुकदमा सजा के स्तर पर आता है तब तक ये पुलिस अधिकारी बूढ़े और रिटायर्ड हो चुके होते हैं। कोई आगे पीछे नहीं होता। इन्हें उनकी किस्मत के भरोसे छोड़ दिया जाता है।

# परिवार और विश्वमानवता

करवा चौथ का जो चित्र बनता है उसके मोटिफ़ (अभिप्राय) को देखिये - चंदा की पूजा ,सातसुहागिल ,सप्तमातृका ,मिट्टी की गौर , स्वस्तिक और पूजा का सरलविधान अर्घ्य । तपश्चर्या का सूत्र निराहार रहना ।और भी अभिप्राय हैं , जो देशज हैं क्योंकि अलग जगहों पर करवा माता के चित्र अलग बनते हैं । माता का तत्व भी समझने की बात है । चौथमैया ! अटल अखंड सौभाग्य की कामना -तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु"। ध्यान में रखना होगा कि मनुष्य केवल शरीर ही नहीं है , मन भी है । मन है तो भाव हैं । भाव की अनुपस्थिति ही अभाव है। भाव ही नहीं है तो अरबपति होने पर भी दरिद्र ही है ।

दांपत्य संबंध -जनम-जनम का साथ ! कितना तेजस्वी संबंध है ? सावित्री के तेज के सामने बेचारे यमराज का विधान शिथिल हो जाता है और सत्यवान पुनर्जीवित हो जाता है ! बहिन का वह संबंध कितना मांगलिक है ! बहिन का तिलक मंगलभाव का सर्वश्रेष्ठ प्रतीक है ! भाई और भाभी के प्रेमसंबंध की गांठ बांधने की उससे बडी अधिकारी और कौनसी सत्ता हो सकती है ? हरदौल की गाथा देवर के पवित्र-संबंध की अमरगाथा है ! भाई , मिलहि न जगत सहोदर भ्राता ! श्रवण की गाथा मातापिता की सेवा की अमृतकथा है । भारत के लोक और शास्त्र : दोनों में परिवार के संबंधों को लेकर शत-सहस्र गाथाएं हैं। जो शताब्दियों से इन संबंधों में अमृतभाव का संचार करती रही हैं । - बहू रिमझिम महलां से ऊतरी कर सोलह सिंगार ,आज म्हारी आमली झलिया जी ।/ म्हारी सासूजी पूछे ए बहू थारा गहना का अरथ विचार/ सासूजी गहना गहना के करौ म्हारौ गहना से परवार/ सासूजी गहना गहना के करौ/ म्हारौ सुसरा गढ़ारा राजवी ,सासूजी म्हारा अरथ-भंडार/ सासूजी गहना गहना के करौ/ म्हारा जेठ बाजूबन्द बांकड़ा जीठानी म्हारी बाजूबन्द री लूम/ म्हारा देवर चुड़ला दाँत कौ ,दोरानी म्हारी चुड़ला री टीप/ म्हारी ननद कसूमल कांचली नणदोई गजमोतियारौ हार/ आज म्हारी आमली फलियो जी/ म्हे तो वाराजी बहूजी थारी जीभ नें। लड़ायौ म्हारौ सो परवार/ म्हें तो वारी सासूजी थारी कोखणें ,थे तो जाया अरजुन वीर ! आज म्हारी आमली फलियो जी।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मालवी नारी के सम्मिलित परिवार के ऐसे चित्र आज के टूटते-बिखरते परिवार के लिए आदर्श बन सकते हैं। इस गीत की प्रत्येक पंक्ति ही नहीं, प्रत्येक शब्द भावों से परिपूर्ण है। सास बहू से उसके तन पर शोभित आभूषणों का उद्देश्य पूछती है, उत्तर में बहू कहती है- हे सासूजी ! शरीर पर जो आभूषण सुशोभित है वे तो भौतिक सम्पदा है, मेरी आत्मिक सम्पदा मेरे आभूषण, तो मेरा सम्मिलित परिवार और परिजन हैं। यदि परिवार के संबंधों में आपने भारत को नहीं पाया तो क्या समाज और क्या राष्ट्र ? क्या विश्व , क्या मानवता ?

परिवारों के परिवार का ही नाम समाज है और कुटुंबों के कुटुंब का नाम राष्ट्र ! यदि परिवार में ही आपने मानवता और समाज को नहीं पहचाना तो उन किताबी रटंन्त का अर्थ भाप के इंजन के भप-भप से अधिक नहीं है। वसुधैव कुटुंबकम् और विश्व मानवता की बात केवल और केवल ढोंग तथा पाखंड है। ध्यान से पढ़ना -परिवार संस्था जीवित है तो इसका रहस्य नारी के भाव में है। यह भारतीय नारी की गौरव गाथा हैं !

करवाचौथ अथवा अन्य कोई भी पर्व वैज्ञानिक-अनुसंधान में आज तक बाधक नहीं बना और आगे भी बाधक बनने की तिल भर भी आशंका नहीं है। मेरे साथ भौतिकी की प्रोफेसर थीं ,हम से आपसे अधिक जानती थी ,किन्तु करवाचौथ का व्रत बड़ी निष्ठा से करती थीं। आपको अपने ही रूढिवाद और अंधविश्वास को परिभाषित करना होगा और विश्वास और अंधविश्वास के बीच अन्तर स्पष्ट करना होगा। समस्त ज्ञान- विज्ञान का केन्द्र ,उदगम और प्रयोजन लोकजीवन ही है। प्रमाण भी लोकजीवन ही है ! उस निश्छल प्यार को किसके प्रमाण पत्र की जरूरत है ?

# बढ़ रहा हृदय रोग उपचार का व्यय

हाल में प्राप्त जानकारी के अनुसार देश में हृदय रोगों के बीमा दावों में वृद्धि देखी जा रही है, जो बढ़ती वित्तीय चिंताओं के साथ-साथ बढ़ते स्वास्थ्य संकट को दर्शाती है।

बीमा एग्रीगेटर पॉलिसीबाजर डॉट काम के अनुसार हृदय संबंधी दावे 2019-20 में 9.12 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 18.20 प्रतिशत हो गए, जो हृदय संबंधी समस्याओं के बढ़ते प्रचलन को दिखाता है। हृदय संबंधी दावे की औसत लागत 2019-20 में 4.5 लाख रुपए से बढ़कर 203-24 में 12.25 लाख रुपए हो गई हैं। जरूरी है कि हृदय को ठीक रखने के लिए शारीरिक रूप से एक्टिव रहा जाए। इसके लिए सप्ताह में 5 दिन 30 मिनट्स तक कार्डियो एक्सरसाइज की जाए साइक्लिंग, स्विमिंग, जंपिंग और बहुत कुछ किया जा सकता है। कुछ नहीं तो रोज वाकिंग कर सकते हैं। संतुलित आहार लें। इसमें साबुत अनाज, फल, सब्जियां, कम वसा वाले डेयरी उत्पाद, नट्स और फलियां शामिल हों। नमक और चीनी का सेवन कम करें। खराब जीवनशैली से बचना, गतिहीन जीवन अधिक मोटापा और तनाव भी हृदय रोग को बढ़ाते हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

व्यायाम डॉक्टर की सलाह के बाद ही शुरू करना चाहिए। डायबिटीज और हृदय संबंधी रोग लाइफ स्टाइल रोग कहलाते हैं। अतः जीवनशैली परिवर्तित करके इन रोगों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

दिल से संबंधित बीमारियों का प्रचलन तो तेजी से बढ़ ही रहा है, इनका इलाज भी बहुत महंगा है, जो बिना इंश्योरेंस के संभव नहीं हो पाता। लिहाजा एक उम्र के बाद कुछ न कुछ हेल्थ इंश्योरेंस भी जरूरी हो गया है, अगर परिवार में किसी को इस बीमारी का पता चलता है तो सबसे पहले हेल्थ पॉलिसी का होना आवश्यक है, क्योंकि प्राइवेट अस्पतालों में इलाज महंगे होते जा रहे हैं। ध्यान रहे हार्ट का हेल्दी होना जरूरी है।

# चांद का दीदार कर मांगा पति का जीवन भर साथ

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- सुहागिन महिलाओं ने व्रत रख पति के दीर्घायु की कामना की
- जिले भर में धूमधाम से मनाया गया करवा चौथ

**अमृत विचार।** जिले भर में धूमधाम से महिलाओं ने करवा चौथ पर्व मनाया। पति की दीर्घायु और सलामती के लिए महिलाओं ने दिन भर निर्जला व्रत रखा और विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। देर शाम सोलह श्रंगार कर चांद नजर आने के बाद जीवनसाथी का दीदार कर सुहाग की सलामती के लिए प्रार्थना की। बाद में पति के हाथों से पानी पीकर व्रत तोड़ा।

सुहागिन महिलाएं पति की सलामती के लिए करवा चौथ का व्रत रखती हैं। सप्ताह भर से महिलाएं व्रत की तैयारी में जुटी थीं। शनिवार को व्रत की तैयारियों में बाजारों में सुहागिनों की भारी भीड़ रही। महिलाओं ने करवा, सीक, चलनी, नया चावल, चूड़ा, लाई-गट्टा आदि वस्तुओं की खरीददारी कर व्रत के एक दिन पहले ही पूजन तैयारी पूर्ण कर ली थी। रात में मान्यता के अनुरूप मीठा ग्रहण कर करवा चौथ व्रत की शुरुआत की।

रविवार भोर में उठकर सुहागिनों ने पूरे निष्ठाभाव से निर्जला व्रत का संकल्प लेकर अनुष्ठान शुरू किया। दिन भर सजने संवरने के साथ ही महिलाएं घरों में पकवानों को भी बनाने में जुटी रहीं। शाम को पूजन सामग्रियों से थाल सजाई गई। सोलह श्रंगार कर एक थाल में पकवान, दूसरे में करवा, चलनी, सींक सहित पूजन अर्चन की सामग्री रखकर पूजन किया गया। इसके बाद चांद निकलने का इंतजार करने लगी।

देर शाम जैसे ही चांद निकला। वैसे ही घर की छतों व आंगन में पूजा की थाली लेकर पहुंची महिलाओं ने चंद्रमा को अर्घ्य देकर पूजन किया और एक दूसरे को कथा भी सुनाईं। फिर चलनी से चांद के साथ ही पति का दीदार किया और पति के हाथ से जल ग्रहण कर निर्जला व्रत तोड़ा। अकबरपुर के कालिका देवी मंदिर, मूसानगर के देवयानी सरोवर समेत कई मंदिर में भी महिलाओं ने एकत्र होकर पूजन-अर्चन किया। देर रात भजन-कीर्तन का दौर चला।


करवा चौथ पर पूजन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### बच्चों और युवाओं ने जमकर की आतिशबाजी

चांद का दीदार करने के बाद हर किसी ने सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। फिर सुहागिनों ने पति व घर के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। महिला, पुरुष के साथ बच्चों ने आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। महिलाएं पूजन कर रही थीं तो बच्चे मोबाइल पर फोटो खींच रहे थे। युवाओं ने छत व खुले स्थानों पर आतिशबाजी की। आसमान में आतिशबाजी का नजारा देखकर हर कोई खुश नजर आया।

### सोशल साइटों पर सेल्फी का रहा क्रेज

करवा चौथ पर नवदंपति में सेल्फी का जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। चांद का दीदार व पूजन के बाद महिलाएं परिवार व पति के साथ सेल्फी लेती नजर आईं ली और सोशल साइट्स पर पोस्ट की। इस दौरान जमकर फोटोग्राफी हुई। इस क्षण को कैमरे में कैद करने के लिए महिलाएं उत्सुक रहीं। बहुत से जोड़ों ने सेल्फी लेकर फेसबुक, व्हाट्सएप इंस्टाग्राम आदि पर भी शेयर किया।

# नेत्रहीन पति की रोशनी बनी श्रीमती

गीतेश अग्निहोत्री, शिवली

**अमृत विचार।** बैरी सवाई गांव के रहने वाले छुन्ना कश्यप 10 वर्षों से नेत्रहीन है। पत्नी श्रीमती की भी एक आंख कमजोर है। शारीरिक असमर्थता और अभावों के बीच पत्नी अपने नेत्रहीन पति की न सिर्फ रोशनी बनी है, बल्कि जिंदगी जीने का हौसला बढ़ाती है। सुबह से शाम तक पति के काम खुशी से करती है।

नेत्रहीन छुन्ना का कहना है कि वाकई वह धन्य है कि ईश्वर ने उसे श्रीमती जैसा जीवनसाथी दिया है। पति-पत्नी के प्रेम का पर्व करवा चौथ भी यही संदेश देता है। मैथा तहसील के गांव बैरी सवाई का छुन्ना कश्यप 10 वर्ष पहले तक ठीक था। इसी बीच उसकी आँखें धीरे-धीरे कर कमजोर हो गईं और 10 वर्षों से बिल्कुल दिखना बंद हो गया। ऐसे में पत्नी श्रीमती पति छुन्ना का हर प्रकार के काम में सहारा बनी और पति को आंखों की कमी महसूस नहीं होने देती। दो बेटियों की शादी हो चुकी है। श्रीमती कहती है कि एक पत्नी के लिए पति ही उसका संसार है।

**ठेलिया लगा गुजारते जिंदगी:** छुन्ना कश्यप के पास खेती-बाड़ी नहीं है। आंखों की रोशनी जाने के बाद काम करने लायक भी नहीं रहा। पत्नी श्रीमती बैरी सवाई तिराहे पर अंडा की ठेलिया लगाती है, जहां वह पति को भी साथ ले जाती है। श्रीमती कहती है कि दोनों मिलकर दुकान पर बैठते हैं, जिससे साग-भाजी का इंतजाम हो जाता है।


बैरी सवाई तिराहे पर दुकान लगाकर बैठी श्रीमती और छुन्ना कश्यप।

### बेसहारा को न तो राशन मिलता और न ही पेंशन

सरकारी सिस्टम की खराबी कहिए या अधिकारियों का नकारापन। तहसील से चंद कदम की दूरी पर रहने वाली श्रीमती और नेत्रहीन छुन्ना कश्यप के पास एक साल पहले तक पात्र गृहस्थी वाला राशन कार्ड था, लेकिन एक वर्ष पहले राशन मिलना बंद हो गया, जिससे उसे परेशानी हो रही है। छुन्ना कश्यप ने बताया कि एक वर्ष से उसे दिव्यांग पेंशन भी नहीं मिल रही है।

"इस मामले की जानकारी नहीं थी। पात्र होने के बावजूद राशन कार्ड कटने की जांच करेंगे। फिर से राशन कार्ड बनवाया जाएगा।
–गौरव राजपूत, पूर्ति निरीक्षक

इस दंपति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। सोमवार को इस मामले को दिखवाया जाएगा।
–शशि बाजपेई, पंचायत सचिव"

## एक नजर

### बिना अनुमति काटे जा रहे हरे आम के पेड़

**रूरा।** गदनपुर गांव में पिछले कई दिनों से हरे आम के पेड़ ठेकेदार द्वारा कटवाए जा रहे है। जबकि पेड़ काटने की परमिशन उक्त ठेकेदार के पास नहीं है। लोगों का कहना है कि ठेकेदार पुलिस से सांठगांठ किए है। इस बावत वन दरोगा शिवम पांडेय ने बताया कि लकड़ी काटने की अनुमति न होने के कारण ठेकेदार पर जुर्माना लगाकर कार्रवाई की जा रही है।

### खेत में पानी भर देने पर लिखाई एफआईआर

**रूरा।** थाना क्षेत्र के तिगाईं निवासी शफीक उर्फ राजेश ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीती 14 जून को कालीनपुरवा तिगाईं के रहने वाले रामजी मिश्रा व श्याम बाबू ने मना करने के बाद भी जबरन कटी पड़ी साढ़े पांच बीघा मूंग की फसल में पानी लगा कर भर दिया। जिससे सारी फसल सड़ कर खराब हो गई। जब उसने उक्त लोगों से शिकायत की तो गालीगलौच करने लगे। थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

### कोर्ट के आदेश पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के नियामतपुर गांव के रहने वाले मुलायम सिंह ने बताया कि 16 मई को वह गहलों बाजार गया था। जहां रास्ते में खड़े श्रीकांत उर्फ पिंटू ने उसे रोक कर अकारण ही गालीगलौच शुरू कर द। जिसके बाद वह बिना विरोध किए घर आ गया। 18 मई को उसका 13 वर्षीय पुत्र टिंकू उर्फ एसके गांव में खेल रहा था। तभी पिंटू ने अपना पालतू कुत्ता उसके पीछे दौड़ा दिया। कुत्ते ने पुत्र को काटकर लहूलुहान कर दिया। जब वह शिकायत करने पिंटू के यहां गया तो वह लाठी लेकर मारपीट करने लगा। थाना पुलिस ने भी सुनवाई नहीं की। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**संदलपुर।** रविवार को चौकी प्रभारी मुंगीसापुर राहुल कुमार ने वारंटी नवाब पुत्र असरफ निवासी ग्राम भडावल थाना डेरापुर हाल पता कस्बा मुंगीसापुर व गोविंद शर्मा ग्राम अरहरियामऊ थाना बरौर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को न्यायालय भेजा गया है।

# शिवली कोतवाल भी निलंबित

## साइबर क्राइम थाना प्रभारी हरप्रीत सिंह नए कोतवाली प्रभारी बनाए गए, चार्ज संभाला

**किशोरी हत्याकांड**

संवाददाता, शिवली

- 10 अक्टूबर को गायब हुई थी 14 वर्षीय किशोरी
- 17 अक्टूबर को आधा किलो मीटर दूर नाले में मिला था शव

**अमृत विचार।** किशोरी हत्याकांड में लापरवाही बरतने पर शिवली कोतवाल कृष्णानंद राय पर भी गाज गिर गई है। पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने कृष्णानंद राय को भी निलंबित कर दिया है। उनकी जगह साइबर क्राइम थाना प्रभारी हरप्रीत सिंह को शिवली कोतवाली का चार्ज दिया गया है।

शिवली कोतवाल कृष्णानंद राय को निलंबित करने से पहले बाघपुर चौकी इंचार्ज और हेड कांस्टेबल को निलंबित किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक ने इंस्पेक्टर हरप्रीत सिंह को तत्काल शिवली कोतवाली का चार्ज ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि बीती 10 अक्टूबर को शिवली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी गायब हो गई थी। सूचना देने के बाद भी पुलिस ने उसकी खोजबीन में कोई रुचि नहीं ली।

17 अक्टूबर को किशोरी का शव गांव से आधा किलोमीटर दूर नाले में पड़ा मिला था। किशोली का शव बरामद होने के बाद पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति उसी दिन किशोरी के गांव गए थे। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने परिजनों से मुलाकात करने के बाद एसपी से इस प्रकरण को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताई थी। राज्यमंत्री के नाराजगी जताने के बाद पुलिस अधीक्षक ने सख्त रुख अपनाया। दो पुलिस कर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई के बाद अब थाना प्रभारी कृष्णानंद राय को भी निलंबित कर दिया गया है।



कोतवाली शिवली। अमृत विचार


किशोरी हत्याकांड में पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

### चौकी इंचार्ज और हेड कांस्टेबल हुए थे निलंबित

किशोरी के गायब होने और एक हफ्ते बाद नाले में उसका अर्धनग्न शव बरामद होने के मामले में पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने बाघपुर चौकी इंचार्ज दयानंद झा और हेड कांस्टेबल विकास कुमार को दो दिन पहले ही निलंबित कर दिया था।

### नामजद चारों आरोपी गए जेल

शिवली कोतवाली पुलिस ने किशोरी की हत्या में नामजद चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक किशोरी की मां ने सगे भाइयों सचिन, विमल, राजाबाबू व प्रेम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस के मुताबिक सचिन के किशोरी से संबंध थे। साथी राजाबाबू व प्रेम भी किशोरी से संबंध बनाना चाहते थे। विरोध करने पर हत्या कर शव नाले में फेंक दिया था। सचिन के सगे भाई विमल को भी घटना के बारे में जानकारी थी।

# रिंद नदी में मिला युवक का शव

**रनियां।** शनिवार को इटैलिया के पास रिंद नदी में दो साथियों के साथ मछली पकड़ने गया युवक लापता हो गया। पुलिस ने नदी में गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई तो देर शाम शव बरामद हुआ।

आर्य नगर मजरे फतेहपुर रोशनाई निवासी राजेश उर्फ चीता (36) गांव के अतिबल, संजय के साथ मछली पकड़ने गया था। अचानक वह गायब हो गया। गोताखोरों की मदद से खोजने का भरसक प्रयास किया गया, लेकिन शनिवार को उसे बरामद नहीं किया जा सका। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने उसके दोनों दोस्तों को हिरासत में ले लिया और पूछताछ की।

रविवार को फिर गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू हुई। गोताखोरों ने इटालिया रायपुर के मध्य चिरौरा गांव के समीप राजेश को खोजने में सफलता पाई। थाना प्रभारी मुकेश सिंह सोलंकी ने बताया कि पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। राजेश ई रिक्शा चलाता था। बताते हैं कि पैर फिसल जाने के कारण वह नदी में डूब गया था। परिवार में कोहराम मचा है।

## सार-संक्षेप


हनुमान गढ़ी हाई सेकेंडरी स्कूल में जानकारी देते डॉ सिद्धार्थ पाठक।

### किशोरियों को एनीमिया की दी जानकारी

**शिवली।** शोभन स्थित हनुमान गढ़ी हाई सेकेंडरी स्कूल में किशोरी मंच का आयोजन किया गया। मैथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ पाठक ने किशोरियों को खून की कमी से होने वाले रोग एनीमिया के बारे में जानकारी दी। साथ ही स्वस्थ्य रहने के टिप्स भी दिए। स्लोगन, रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर डॉ. प्रीति सचान, डॉ आशीष दीक्षित, अमित चंद्रा, मीना सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी व शिक्षक मौजूद रहे।


पचलक गांव में सड़क किनारे लगे गोबर के ढेर।

### पचलक गांव में गोबर के ढेर से फैल रहीं बीमारियां

**राजपुर।** सट्टी क्षेत्र के पचलक गांव में सड़क किनारे लगे गोबर के ढेर से मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। गांव में डेंगू संदिग्ध युवती की मौत के बाद भी जिम्मेदार लापरवाही बरत रहे हैं। गांव में कई लोग बुखार की चपेट में है। पचलक गांव के ग्रामीणों का आरोप है शिकायत के बावजूद गंदगी की समस्या दूर नहीं हुई है। जबकि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर से लेकर गांवों तक साफ-सफाई और कीटनाशकों के छिड़काव के निर्देश दिए गए थे, लेकिन हकीकत में स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर गांवों तक में गंदगी फैली हुई है और लोग संक्रामक बीमारियों की चपेट में आकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। अभियान केवल कागजों तक ही सीमित होकर रह गया। मलासा ब्लॉक के पचलक गांव में जगह-जगह सड़क किनारे कूड़े और गोबर के ढेर लगे हैं। जिससे संक्रामक बीमारियां फैल रही है। गांव के कई लोग मच्छरजनित बीमारियों की चपेट में है। गांव के श्याम स्वरूप शर्मा ने बताया कि उनके घर के बाहर खलिहान की भूमि पर गांव के कुछ लोगों ने गोबर व कूड़े के ढेर लगा दिए है। गंदगी से बीमारियां फैल रही है। एक महीने पहले संक्रमण के चलते डेंगू की चपेट में आने से उनकी बेटी रुक्मिणी (20) की मौत हो गई थी। इसके अलावा परिवार के अन्य लोग बुखार से पीड़ित होने पर अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इधर शिकायत के बाद भी गांव में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं कराई जा रही है। आ बरपत भोगनीपुर एसडीएम ने बताया कि मलासा बीडीओ को सफाई के लिए निर्देशित किया गया है।

# आरोग्य मेले में 47 मरीजों का इलाज

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** रविवार को राजपुर व रसधान पीएचसी में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 47 मरीजों का उपचार किया गया। मेले में वायरल, जुकाम, खांसी के मरीजों की संख्या ज्यादा रही। डाक्टरों ने बदलते मौसम में खानपान व सावधानी की सलाह दी है।

राजपुर पीएचसी में आयोजित आरोग्य मेले में डॉक्टर शिवकुमार व डॉ शिव विनायक त्रिपाठी ने मरीजों का उपचार किया। मेले में कुल 27 मरीजों में बुखार-जुकाम के अलावा सर्वाधिक 10 मरीज त्वचा रोग का इलाज कराने पहुंचे। चिकित्सक ने बुखार पीड़ित 4 रोगियों की मलेरिया की जांच कराई। सभी मरीजों को स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। डॉ शिवकुमार ने बताया कि बदलते मौसम में संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। जलभराव व गंदगी से मच्छरजनित बीमारियां बढ़ती हैं। जिनसे बचाव के लिए घरों के आसपास जलभराव नहीं होने दे। ताजा भोजन का सेवन करे। मेले में डॉ शिव विनायक त्रिपाठी, फार्मासिस्ट अजीत कटियार, एलटी प्रतिपालेंद्र सिंह मौजूद रहे। जबकि रसधान पीएचसी के मेले में 20 मरीज पहुंचे। यहां डॉ सना कौसर ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दी। तीन मरीज बुखार पीड़ित रहे। जिनकी मलेरिया जांच की गई। मेले में फार्मासिस्ट संजय अग्रवाल, एलटी काव्या करण रही।


राजपुर पीएचसी में आयोजित आरोग्य मेले में मरीज देखते डॉक्टर। अमृत विचार

# लापता किसान का चार दिन बाद भी सुराग नहीं

**फॉलोअप**

संवाददाता, शिवली

- पत्नी ने तहसील पहुंचकर तलाश करने की मांग उठाई

**अमृत विचार।** चार दिन पूर्व खेत में सरसों की बुआई की बात कहकर निकले किसान का किसान अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। परिजन कोतवाली शिवली व तहसील मैथा भी फरियाद के लिए पहुंचे।

बाघपुर चौकी के जुगराजपुर बिठूर की रहने वाली मालती दिवाकर ने बताया कि पति ओमप्रकाश दिवाकर उर्फ गुड्डू (40) बीती 16 अक्टूबर की सुबह पांडव नदी के पास खेत में सरसों की बुआई कराने की बात कहकर निकले थे। तब से उनका कोई पता नहीं चल पाया। पत्नी मालती व भाई विनोद ने कहा कि रिपोर्ट दर्ज की जानी चाहिए।

पुलिस ने भाऊपुर चौकी प्रभारी गुरेंद्र के साथ शुक्रवार को नदी किनारे व खेतों के आसपास तलाशी अभियान चलाया। हालाकि लापता किसान का पता रविवार को भी नही चल पाया। इंस्पेक्टर कृष्णानंद राय ने बताया कि गुमशुदा किसान की तलाश सरगर्मी के साथ की जा रही है।

**मेला भी लगा** | मूसानगर में दीपदान के बाद रामलीला और नाटक का मंचन शुरू

# 11 हजार दीपों से जगमगाया देवयानी सरोवर

संवाददाता, मूसानगर

- दीपदान के साथ ही रात भर गुलजार रहा मेला

**अमृत विचार।** सुहागिनों के त्योहार करवा चौथ के अवसर पर रविवार को पौराणिक देवयानी सरोवर में परंपरागत दीपदान कार्यक्रम हजारों दीपों की जगमगाहट में संपन्न हुआ।

कई वर्षों से करवा चौथ पर देवयानी सरोवर में दीपदान के साथ एक दिवसीय रात्रिकालीन मेले का आयोजन भी किया जाता है। इस बार 11 हजार दीपकों से देवयानी सरोवर रोशन हुआ। दीपदान सेवा समिति द्वारा सरोवर के चारों तरफ सीढ़ियों में दीपक रखे गए और उनमे तेल बत्ती आदि रखकर जलाने के लिए तैयार किया गया। दीपदान का आरंभ विधिविधान व मंत्रोच्चारण के साथ किया गया।

पूजन के बाद सरोवर के चारों तरफ खड़े लोगों ने एक साथ हजारों दीपों को रोशन किया। पल भर में पूरा सरोवर दीपकों की रोशनी से झिलमिला उठा। वहीं दीपकों की अनुपम छठा देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों ने सरोवर की परिक्रमा की। मेले के सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ दीपदान के बाद किया गया।

सबसे पहले काली देवी मंदिर में माता की आरती के साथ सरोवर के एक छोर पर रामलीला का शुभारंभ और दूसरे छोर पर प्रेम नाट्य परिषद के द्वारा नाटक का शुरू किया गया। इस मौके पर देवयानी सरोवर रामलीला कमेटी, प्रेम नाट्य परिषद, जय मां काली देवी सेवा समिति, नवयुवक रामलला सेवा समिति, मां भगवती जागरण कमेटी, मां दुर्गे नवयुवक जागरण कमेटी, भगवा रक्षक दल के सदस्य व्यवस्था में जुटे रहे।


करवा चौथ पर दीपदान से जगमग हुआ मूसानगर का देवयानी सरोवर। अमृत विचार

# एचटी लाइन से टकराकर पिकअप धू-धू कर जली

**रूरा।** थाना क्षेत्र के गदनपुर गांव के पास लकड़ी लादने जा रही पिकअप गाड़ी एचटी लाइन में टकरा गई, जिससे पिकअप में आग लग गई और धू-धू कर जलने लगी। ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई।

रूरा क्षेत्र के गुटैया का रहने वाला अखिलेश कस्बे के रमेश पाल की पिकअप चलाता है। वह रविवार की सुबह गुड्डू ठेकदार की लकड़ी लादने के लिए अंगदपुर गांव जा रहा था। तभी गंदनपुर गांव से अंगदपुर गांव की तरफ घूमते ही ऊपर से निकली ग्यारह हजार एचटी लाइन में पिकअप की बॉडी छू गई और उसमे आग लग गई।

आनन फानन में ड्राइवर अखिलेश ने कूदकर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों ने दमकल को सूचना दी, लेकिन दमकल के पहुंचने के पहले ही आग बुझ गई। करंट की चपेट में आकर ड्राइवर भी झुलस गया। ठेकेदार उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गया।

# ग्रामीणों ने सचिवालय में बंद किए मवेशी

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** आवारा मवेशियों से परेशान किशौरा के ग्रामीणों ने उन्हें गांव के पंचायत सचिवालय में बंद कर दिया। रविवार को मौके पर पहुंचे पंचायत सचिव ने बंद मवेशियों को कैटल कैचर वाहन से बनीपारा भिजवाया।

झींझक विकास खंड क्षेत्र के किशौरा गांव में शनिवार को आवारा मवेशियों को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने फसलों का नुकसान कर रहे करीब दो दर्जन आवारा मवेशियों को गांव के पंचायत सचिवालय में बंद कर दिया और मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। जानकारी पर रविवार को पहुंचे पंचायत सचिव देवी प्रसाद ने कैटल कैचर वाहन मंगवाया। जिसके द्वारा बंद मवेशियों को लदवाकर बनीपारा गौशाला भिजवाया गया।

ग्रामीणों के मुताबिक आवारा मवेशियों के झुंड आए दिन खेत में घुसकर फसलों का नुकसान कर रहे हैं। ग्रामीण अरुणेश ने बताया आवारा मवेशियों की समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है। मवेशी कई बीघा में खड़ी फसलों को पलक झपकते ही चट कर जाते हैं। जिसके चलते मवेशियों को पंचायत सचिवालय में बंद कर दिया और सूचना बीडीओ झींझक व पंचायत सचिव को दी गई थी। वहीं पंचायत सचिव देवीप्रसाद ने बताया कि मवेशियों को कैटल कैचर से बनीपारा गौशाला में शिफ्ट किया जा रहा है।

बीडीओ आशुतोष शुक्ला ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया है।


किशौरा के पंचायत सचिवालय में बंद आवारा मवेशी। अमृत विचार

**बैठक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड करियापुर खण्ड–3,विकास खण्ड अमरौधा तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात के गठन किए जाने हेतु आवश्यक बैठक दिन सोमवार दिनांक 21/10/2024 समय 01 बजे दोपहर करियापुर पंचायत भवन में सम्पन्न होगी। अतः न्याय पंचायत करियापुर के ग्राम पंचायत करियापुर के व्यक्ति जो समिति के सदस्य बनना चाहते है तो बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

मुख्य प्रर्वतक– महेंद्र सिंह निषाद
ग्राम करियापुर खण्ड –3
भोगनीपुर कानपुर देहात

# जमीन बांटने से मना किया तो पिता को मार डाला

## बेटे ने 92 वर्षीय पिता का पहले गला दबाया फिर ईंट से वार कर की हत्या, आरोपी ने बड़े भाई को फंसाने की कोशिश की

रिश्तों का कत्ल

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव



बिलखते परिजन। अमृत विचार



जांच करते एएसपी व कोतवाली प्रभारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत 92 वर्षीय पिता ने अपने जीवित रहते जमीन का बंटवारा करने से इनकार किया तो आक्रोशित बेटे ने ईंट से कई वार कर पिता को मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद अपना गुनाह छिपाने के लिए उसने इसका दोष अपने बड़े भाई पर मढ़ते हुए पुलिस को सूचना दी। जांच में मामले का खुलासा होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस कोतवाली लाई। जहां बड़े बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली अजगैन क्षेत्र के भांडी गांव निवासी शिव नारायण दीक्षित (92) के पांच बेटे गोपाल, सुनील, सोनू, दीपू व संदीप हैं। इसमें छोटा बेटा संदीप नशे का लती है। शराब पीकर आएदिन वह घर में विवाद करता था। इसी कारण से उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर मायके चली गई है। रविवार भोरपहर चार बजे संदीप अपने हिस्से की आठ बिसुआ जमीन बेचकर पिता से रुपये की मांग करने लगा। पिता ने इसका विरोध किया तो वह जमीन उसके नाम करने की बात कहने लगा। बंटवारे की बात सुन बुजुर्ग पिता ने विरोध करते हुए पैतृक जमीन का बंटवारा अपने जीवित रहते करने से इनकार कर दिया। इससे आक्रोशित संदीप ने पहले पिता का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। लेकिन सफल नहीं हुआ तो पास पड़ी ईंट उठाकर उसके सिर पर कई वार कर दिये। इससे शिव नारायण लहूलुहान होकर गिर गए और उनकी मौत हो गई। शातिर संदीप ने पुलिस को गुमराह करते हुए सूचना दी कि उसके बड़े भाई सुनील ने पिता की हत्या कर दी है। हत्या की सूचना पर एसएचओ अवनीश सिंह फोर्स व फील्ड यूनिट के साथ पहुंचे और जांच की। तब उन्हें पता चला कि हत्या संदीप ने की है। गुनाह पर पर्दा डालने के लिए उसने पुलिस को गुमराह किया है। खून से सनी ईंट बरामद कर संदीप को हिरासत में लेकर पुलिस कोतवाली लाई। जहां पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। बड़े भाई सुनील की तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



शिव नारायण दीक्षित।

पिता की मौत की खबर से चारों बेटे बेहाल हैं। एसएचओ ने बताया कि बेटे ने पिता की हत्या की है। कार्रवाई की जा रही है। वहीं, एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद ने बताया कि बेटे ने पिता की गला दबाने के बाद ईंट से वार कर हत्या की है। बेटे को हिरासत में लिया गया है।



आरोपी बेटे को ले जाती पुलिस।

## ग्रीन एंड क्लीन इंडिया से जुड़कर दिया पौधरोपण का संदेश

**उन्नाव।** धरातल पर बोया गया बीज, सही पानी और मिट्टी पाकर अंकुरित हो ही जाता है। अगर ठान लिया जाए कि पूरे संसार को हरा-भरा करना है तो यह केवल बीज बोने मात्र से संभव नहीं बल्कि, उनकी देख-रेख और संरक्षण भी आवश्यक होगा।

ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव ने चंद शिक्षकों के साथ करीब ढाई माह पूर्व जो अभियान शुरू किया था आज उससे जुड़े हजारों बच्चों व शिक्षकों ने जो सूरत बदली है उसका असर दूर-दूर तक दिखने लगा है। अभियान की नींव डालने वाले दरोगा अनूप मिश्र और शिक्षक डॉ. प्रदीप वर्मा द्वारा किए जा रहे कार्यों को अनवरत रूप से अधिकारी वर्ग, समाज और शिक्षक साथियों का साथ मिल रहा है। मुहिम को जिले से प्रदेश तक और अब संपूर्ण भारत में ग्रीन एंड क्लीन के लिए फिर से एक उपलब्धि भरा दिन रहा। अमेरिका की संस्था सत्यमेव जयते यूएसए और उसके सभी सदस्यों यूएसए ने अब इस अभियान से सभी भारतीयों को जुड़ने का संदेश दिया है।

# दंगल में पहलवानों ने दिखाया अपना दमखम

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

● दंगल कमेटी ने जीते पहलवानों को इनाम देकर उनका उत्साहवर्धन किया

**अमृत विचार।** बिछिया विकासखंड क्षेत्र के तौरा गांव स्थित पिपरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी करवाचौथ पर विशाल दंगल का आयोजन हुआ। दंगल में कई जिलों से पहुंचे पहलवानों ने अपने दांव दिखाये।

क्षेत्र के पिपरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में करवाचौथ पर होने वाले विशाल दंगल का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें दूर-दूर से आएपहलवानों ने अपनी जोरदार कुश्तियां दिखायीं। वहीं अजमल पहलवान बदरका व शिव पहलवान पुरवा के बीच जोरदार कुश्ती हुई। जिसमें शिव पहलवान ने अजमल को पटखनी देकर जीत हासिल की। राजेश पहलवान लखनऊ व ओरहर पहलवान अंशुल के बीच जोरदार कुश्ती हुई। जिसमें अंशुल पहलवान ने राजेश पहलवान को एक मिनट में पटकनी दे दी। दंगल में करीब एक दर्जन से अधिक कुश्तियां लड़ी गईं। दंगल कमेटी ने जीते पहलवानों को इनाम देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान राजू अवस्थी, शिव प्रजापति, निकेश विमल, एडवोकेट मुकेश शुक्ला, संतोष शुक्ला, मासूम शेख, नागेंद्र रावत, नफीस खान, राकेश रावत, जाहिद खां, बिजनाथ रावत, मुन्नर रावत आदि दर्शक मौजूद रहे।



बिछिया ब्लाक के तौरा गांव में आयोजित दंगल में दांव दिखाते पहलवान।

# विद्युत टीम से अभद्रता, 5 गिरफ्तार

संवाददाता पुरवा उन्नाव

● पुरवा कोतवाली के बाहर सड़क जाम कर हंगामा करने वालों को पुलिस ने लाठी पटककर खदेड़ा

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के सेमरीमऊ गांव में शनिवार को बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटने गए विद्युत कर्मचारियों से अभद्रता करते हुए एक युवक ने हमला करने का प्रयास किया। कर्मचारियों की सूचना पर पुलिस युवक को पकड़कर कोतवाली लाई। तभी पीछे से सैकड़ों ग्रामीणों ने कोतवाली के बाहर रोड जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। एसडीएम व सीओ के अतिरिक्त फोर्स के साथ पहुंचने पर भीड़ को लाठी पटक कर हटाया गया और हंगामा कर रहे चार युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया। रविवार को पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बता दें कि पुरवा कोतवाली क्षेत्र के सेमरीमऊ गांव में शनिवार को विद्युत विभाग के टेक्नीशियन शिवनाथ टीम के साथ बकायेदारों के कनेक्शन काटने गए थे। एक सप्ताह में बकाया बिल जमा करने के नोटिस की अवधि बीतने पर उपभोक्ता ईश्वरदीन का कनेक्शन काटते समय पड़ोसी नरेंद्र ने विद्युत कर्मियों से गाली गलौज करते हुए डंडे से हमले का प्रयास किया। इस दौरान वहां ग्रामीण एकत्र हो गए तो कर्मचारी भाग कर कोतवाली आए और विभागीय अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। इस पर एक्सईएन दिलीप मौर्य व एसडीओ अनिल वर्मा भी पहुंचे। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस नरेंद्र को कोतवाली ले आई। इससे आक्रोशित उसके परिजन व बड़ी संख्या में ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से कोतवाली के बाहर पहुंच गए और उसे छोड़ने की मांग करते हुए हंगामा काटने के साथ रोड जाम कर दिया। मामला बढ़ता देख एसएचओ राकेश गुप्ता की सूचना पर सीओ बीघापुर ऋषिकांत शुक्ला, एसडीएम उदित नारायण सेंगर थाना असोहा, मौरावां व सोहरामऊ की फोर्स साथ पहुंचे और लोगों को सड़क से हटने को कहा। आरोप है कि लोगों ने पुलिस कर्मियों से अभद्रता भी की। जिससे एसडीएम के आदेश पर पुलिस ने लाठी पटककर भीड़ को खदेड़ा। पुलिस ने हंगामा करने वालों में अरुण व श्रेयांश चौधरी निवासी सेमरीमऊ, शिवम सिंह, कपिल सिंह निवासी अचलखेड़ा को पकड़ लिया। पुलिस ने नरेंद्र समेत पांचों आरोपियों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने व पुलिस से अभद्रता करने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, ट्रैक्टर-ट्रॉली व बाईकें कोतवाली में खड़ी कराई गई हैं। एसएचओ ने बताया कि हंगामा करने वालों को जेल भेजा गया है। पुलिस पर अभद्रता करने के आरोप गलत हैं।



# पुलिस के प्रयास से 17 जोड़े फिर साथ रहने को हुए राजी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर पुलिस लाइन्स स्थित परिवार परामर्श केंद्र व थाना और कोतवाली की महिला हेल्प डेस्क की टीम के प्रयासों से पति-पत्नी के 17 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को राजी हुए। सभी को विदा किया गया।

इसमें महिला थाना से 9, परिवार परामर्श केंद्र से 5, थाना बांगरमऊ से 2, गंगाघाट से 1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस कार्य में डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में साबिहा उमर, तबस्सुम नफीस, डा. शशि रंजना अग्निहोत्री, राजेंद्र सिंह सेंगर, डा. मनीष सिंह सेंगर, संजय चौरसिया, आबरार हुसैन, डा. एसके पांडेय, डा. अबसार अली, डा. सगीर अहमद व सहयोगियों में स्वास्तिक मिश्रा, शिवेंद्र सिंह और निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, महिला थानाध्यक्ष अर्चना, महिला दरोगा मधु श्रीवास्तव, मिथलेश वर्मा, भागीरथी आदि रहीं।



परिवार परामर्श केंद्र में जोड़े की काउंसिलिंग करते परामर्शदाता।

# तेज रफ्तार डीसीएम ने लोडर में मारी टक्कर, चालक की मौत

संवाददाता हसनगंज उन्नाव



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद लोडर चालक के परिजन। अमृत विचार

● गलत दिशा से आ रही डीसीएम बनी हादसे की वजह

**अमृत विचार।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार देररात गलत दिशा से आई डीसीएम ने लोडर में सामने से टक्कर मार दी। इसमें घायल हुए लोडर चालक की सीएचसी पहुंचने से पहले मौत हो गई। हादसे की खबर पाकर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए।

औरास थानाक्षेत्र के रायपुर राई गांव निवासी महेंद्र उर्फ महीपत (50) पुत्र स्व. खयाली लोडर चालक था। वह लखनऊ में एक फार्मा कंपनी के सीएनडीएफ के यहां लोडर चालक की नौकरी करता था। शनिवार रात वह दवा लोडकर लखनऊ से मैनपुरी के लिए निकला था। तभी करीब पौने दो बजे हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर तालासरांय गांव के पास गलत दिशा से आए तेज रफ्तार डीसीएम ने उसके लोडर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और महेंद्र गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। पीछे चल रहे कंपनी के दूसरे लोडरों के चालकों की सूचना पर यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने महेंद्र को घायल अवस्था में सीएचसी औरास पहुंचाया। जहां डॉक्टर उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर पाकर सीएचसी पहुंचे परिजन शव देख बिलख उठे। महेंद्र दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई राममूर्ति है। उसके दो बेटे अशोक, गौतम व बेटी सीमा है। पति की मौत से पत्नी रामश्री का रो-रोकर बुरा हाल है।

एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि डीसीएम को कोतवाली में खड़ा कराकर चालक की तलाश की जा रही है।

# सड़क किनारे गड्ढे में मिला युवक का शव

संवादाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** ससुराल में रह रहे युवक का शव सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में संदिग्ध परिस्थिति में पड़ा मिला। पास में उसकी बाइक भी पड़ी थी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने जांच कर परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। पुलिस युवक की मौत सड़क हादसे में मान रही है। पत्नी की तहरीर पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट में उसके डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई है। कोतवाली पुरवा क्षेत्र के तौरा गांव निवासी रिंकू (35) की शादी कोतवाली क्षेत्र के बचरौली गांव निवासी रीता से हुई थी। शादी के बाद से वह ससुराल में ही रहता था। शनिवार देरशाम वह बाइक लेकर बिना कुछ बताए घर से निकला लेकिन वापस नहीं लौटा।

रविवार सुबह ऊंचगांव के पास सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में ग्रामीणों ने उसका शव पड़ा देखा। पास में एक बाइक भी पड़ी थी। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पानी से बाहर निकलवाकर उसकी पहचान कराई और परिजनो को सूचना दी। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भाई लक्ष्मी ने बताया कि रिंकू चेन्नई में मजदूरी करता था। कुछ दिन पूर्व घर आया था।

# राम के जन्म लेते ही देवताओं ने की पुष्पवर्षा

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के भगवती चरण वर्मा पार्क में चल रही रासलीला व रामलीला में रामजन्म व श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का मंचन किया गया। लीला के दौरान भगवान राम के प्रकट होते ही पूरा पांडाल जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा। रामलीला देखने के लिए पांडाल में भारी भीड़ रही। विधायक बंबालाल दिवाकर ने राधा-कृष्ण की आरती उतारकर नगर व क्षेत्र के लोक कल्याण की कामना की।

रामलीला मंचन के दौरान कलाकारों ने दिखाया कि बुढ़ापे में संतान न होने पर अयोध्या नरेश दशरथ चिंतित हो जाते हैं। तो दूसरी ओर रावण के अत्याचार से त्रस्त ऋषि-मुनियों ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। इसके बाद रावण के अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान विष्णु राजा दशरथ के घर राम के रूप में जन्म लेते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म पर देवता फूलों की वर्षा करते हैं। अयोध्या में नगर वासी जश्न मनाते हैं। चारों ओर घंटे-घड़ियाल व शंखों की गूंज उठने लगती है। रघुराई के जन्म लेते ही जय श्री राम के नारे गूंज उठे। महिलाओं ने मंगलगीत गाए और राजा दशरथ ने राम के जन्म पर ब्राह्मणों व दीन-दुखियों को सोने की मुद्राएं दान कीं। शनिवार शाम श्रीकृष्ण की दशावतार लीला का मंचन किया गया। इसमें मौजूद रहे विधायक बम्बालाल दिवाकर ने राधा-कृष्ण स्वरूप में रहे कलाकारों की आरती उतारी। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। भगवान राम व कृष्ण के जीवन चरित्र से सीख लेने और सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। स्वामी त्रिलोक चंद्र शर्मा ने विधायक का तिलक कर आशीष दिया। संयोजक संजीव गुप्ता, समाजसेवी कमलेश गुप्ता, शेखर गुप्ता, राजू चौहान, कुंवर पप्पू सिंह, रामविमल, अतुल अग्निहोत्री, राजू चौहान, आशीष कनौजिया, राजेश तिवारी, भूपेंद्र सिंह, नीरज सैनी, गिरीश शुक्ला, प्रेम नारायण ने भगवान श्रीराम और कृष्ण की आरती उतारी।



सफीपुर में कृष्णलीला में राधा–कृष्ण की उतारते विधायक बंबालाल दिवाकर।

## सार-संक्षेप

### बाइक की टक्कर में दंपति व बच्चा हुआ घायल

**औरास।** कस्बा औरास निवासी दीपू (35) पुत्र श्याम सुंदर पत्नी मंजू (32) व बेटे अर्जुन (6) के साथ लखनऊ जा रहा था। तभी औरास विद्युत उपकेंद्र के सामने सीएचसी जाने वाली मोड़ पर उनकी बाइक में सामने से आई दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। इसमें दंपति व बच्चा घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। टक्कर मारने वाला बाईक चालक मौके से भाग निकला।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त पड़ी बाइकें।

### सड़क हादसों में आठ घायल, सात रेफर

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव अटवा बैक निवासी अरविंद (23) पुत्र श्रीकृष्ण भठियापुर गांव निवासी अपने मामा संतोष के घर गया था। रविवार दोपहर मामा के साथ वह ई-रिक्शा से बांगरमऊ आ रहा था। तभी लखनऊ मार्ग स्थित गांव के मोड़ पर कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिसमें अरविंद घायल हो गया। वहीं संतोष के भी मामूली चोटें आईं। वहीं अलग-अलग हुए सड़क हादसों में सूरज शर्मा पुत्र हरिश्चंद्र निवासी गांव माढ़ापुर फतेहपुर चौरासी, गयाप्रसाद पुत्र रामबली निवासी प्यारेपुर फतेहपुर चौरासी, उबैश पुत्र आतिश निवासी मोहल्ला कासिम नगर सदर कोतवाली, इदरीस पुत्र नजरू निवासी गांव मुस्तफाबाद, सुरेंद्र पुत्र मूलचंद्र निवासी सुल्तानपुर, रणधीर पुत्र सूर्यपाल सिंह निवासी गांव सुप्पापुर बांगरमऊ व शुभ पुत्र विजय शंकर बाजपेई को गंभीर चोटें आई हैं। रणधीर के अलावा अन्य सभी घायलों को डाक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया।

### डंपर की टक्कर से अधेड़ हुआ घायल

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के बसीरतगंज निवासी दिनेश (48) पुत्र हरि राठौर की लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान है। सुबह करीब साढ़े 10 किसी काम घर लौट रहा था। तभी लखनऊ-कानपुर हाईवे पर मेंटीनेंस के चलते एक लेन से दोनों ओर के वाहनों के आने के चलते कानपुर आ रहे डंपर ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से डॉक्टर ने उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन परिजन उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए हैं।

### मासूम ने घर में रखी दवाएं निगलीं, जिला अस्पताल रेफर

**बांगरमऊ।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव बरुआ घाट निवासी मनोज की ढाई वर्षीय बेटी अरुता ने रविवार को घर में रखी अपनी मां की दवाएं निगल लीं। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक गंभीर, हुआ रेफर

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला गणेशगंज निवासी आलोक (27) पुत्र मिथलेश कुमार बीते शनिवार घर में कुछ काम कर रहा था। तभी अचानक कोने में छिपे बैठे जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### रामलीला कमेटी ने कथावाचक को किया सम्मानित

**उन्नाव।** शंकराचार्य जी की परंपरा के पूज्य संत विज्ञाननानंद सरस्वती जी महाराज का 152वें श्री रामलीला महोत्सव में कमेटी द्वारा विशेष सम्मान किया गया। पीडी नगर के प्रियदर्शिनी गेस्ट हाउस में पहली बार श्रीशिव महापुराण कथा करने आए महाराज का साकेत धाम में कमेटी अध्यक्ष संजय राठी, महामंत्री अरविंद श्रीवास्तव कमल, महोत्सव प्रमुख चंद्र प्रकाश अवस्थी, कोषाध्यक्ष जगदीश माहेश्वरी, विनोद शर्मा, महेश गुप्ता, मुन्ना सिंह अवधूत, डॉ. मनीष सिंह सेंगर आदि ने सम्मान किया।

कवि सम्मेलन | शान्ति चाहिए जीवन में तो प्रभु कि भक्ति जरूरी है : डॉ . सुनील जोगी

# जन गण मन का मान रहे, दिल में हिन्दुस्तान रहे

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

● जोगी ने साहित्य भवन बनाये जाने की घोषणा की

**अमृत विचार।** शहर के प्रकाश गेस्ट हाउस में शनिवार की रात साहित्यक- सांस्कृतिक संस्था आचमन का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन वार्षिक 25 वां भव्य रजत जयंती समारोह आयोजित हुआ। जिसमे समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सदरविधायक पंकज गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की साहित्यिक सांस्कृतिक विरासत को संजोने और संरक्षित करने में आचमन संस्था की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा की यह साहित्यकारों की धरती है। जहा साहित्यकारों के लिए एक आधुनिक सुविधाजनक साहित्य भवन बनाये जाने की घोषणा की।



कवि सम्मेलन में कविता पाठ करते विख्यात कवि पद्मश्री डा. सुनील जोगी।

कार्यक्रम में आए अपर महाधिवक्ता हाईकोर्ट कुलदीप पति त्रिपाठी ने आचमन के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डालते हुए। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान करने वाली विभूतियों को विभिन्न अलंकरणों से सम्मानित किया गया। काव्य समारोह का शुभारम्भ वरिष्ठ कवि गिरीश अवस्थी की वाणी वंदना से प्रारंभ हुआ। जिसके बाद देश के शीर्षस्थ कवि पद्म श्री डॉ. सुनील जोगी ने पढ़ा 'दुनियां में सम्मान रहे, जन गण मन का मान रहे, होंठो पर मुस्कान रहे, दिल में हिन्दुस्तान रहे। उन्होंने पढ़ा शान्ति चाहिए जीवन में तो प्रभु कि भक्ति ज़रूरी है, लेकिन अपने तेवर की भी कुछ अभिव्यक्ति ज़रूरी है। वही कवि डॉ. अनिल चौबे ने पढ़ा 'नारी की रक्षा को गिद्ध भी युद्ध जहाँ निज शक्ति यथा करते है। धन्य है भारत देश जहाँ पर काग भी राम कथा करते है। वही चन्दन राय ने अपने गीतों में पढ़ा 'मोहब्बत में है कितने गम ये हम बतला नही सकते, ये होती भी उसी से है जिसे हम पा नही सकते। वही राम प्रसाद वर्मा और उमा निवास बाजपेई ने सभी का आभार प्रकट किया। डॉ गणेश नारायण शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए। वही नगर पालिका प्रतिनिधि प्रवीण मिश्र भानू, पूर्व प्रतिनिधि प्रशांत कटियार व संस्थापक आर पी वर्मा सरस एवं पदाधिकारियों में राम सकल सिंह, उमा निवास बाजपाई, प्रो. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. मुकेश कुमार सिंह, प्रेम कुमार सिंह, डी के मिश्र, संजय सिंह, जीपी वर्मा, मोहिनी शंकर पाण्डेय, अवधेश श्रीवास्तव, अशोक यादव, गुलाब सिंह, केके मिश्र, शैलेन्द्र त्रिपाठी, विनय श्रीवास्तव दीपू, अजय शंकर अवस्थी, रविराज, परीक्षित अवस्थी और स्वागताध्यक्ष ओ पी तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# आरोग्य मेले में बुखार पीड़ितों की रही भरमार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● आरोग्य मेले में 1867 मरीज पहुंचे, जिनका डॉक्टरों ने जांच करने के बाद इलाज किया

**अमृत विचार।** जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में रविवार को आयोजित हुए आरोग्य मेले में बदलते मौसम की वजह से वायरल संक्रमित मरीजों की भरमार रही। जिन्हें डॉक्टरों ने जांच के बाद दवा दी और सावधानी बरतने की सलाह दी।

जिले की सभी 42 पीएचसी पर आयोजित मेले में 1867 मरीज पहुंचे। जिनका डॉक्टरों ने जांच के बाद इलाज किया। बदलते मौसम की वजह से बुखार के साथ ही सर्दी जुकाम, पेटदर्द आदि रोगों के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ। कोविड के लक्षण मिलने पर 349 मरीजों की कोविड हेल्पडेस्क में जांच हुई। हालांकि रिपोर्ट में वायरल संकरण की पुष्टि हुई। जिससे मरीजों ने राहत की सांस ली। इसके साथ ही मेलों में त्वचा रोग से संबंधित 140 मरीज पहुंचे। वहीं पेटदर्द के 133, बुखार के 66, श्वांस के 39, एनीमिया के 25, टीबी के 18 और ब्लड प्रेशर के 33 मरीजों समेत 1867 का इलाज किया गया। ठंड लगने के साथ तेज बुखार आने की शिकायत पर 33 मरीजों की मलेरिया की जांच कराई गई। जिसमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है। मेले में 36 पात्र लाभर्थियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। सीएमओ डॉ. सत्य प्रकाश ने बताया कि मौसम में आ रहे बदलाव के चलते आरोग्य मेले में मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ी है।

# इनकम टैक्स के कार्यालय अधीक्षक की बहू से लूटी चेन

## दुर्गा मंदिर से दर्शन कर ननद के साथ वापस घर जा रही थी महिला

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर निवासी एक महिला अपनी ननद के साथ मंदिर से दर्शन कर लौटते समय बाइक सवार बदमाशों के हाथों चेन लूटने का शिकार हो गई। गांधीनगर मोहल्ले में दिनदहाड़े हुई चेनलूट से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की है। वहीं एएसपी ने भी सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

श्रीनगर निवासी राजाराम मौर्य आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक पद पर कार्यरत है। उनके बेटे संतोष मौर्य की पत्नी सुनीता मौर्य अपनी ननद किरन मौर्य के साथ सुबह लगभग छह बजे दुर्गा मंदिर गई थीं और लौटते समय उन्होंने सब्जी मंडी से सब्जी खरीदी। जब वह बिंदा नगर चौकी क्षेत्र के गांधीनगर की गली से घर लौट रही थीं, तभी बाइक सवार दो बदमाश उनके पास पहुंचे। एक बदमाश बाइक से उतरा और झपट्टा मारकर उनके गले में पड़ी चेन तोड़ ली। जिस पर महिला ने चेन पकड़ ली आधी चेन उनके हाथ में रह गई। इस दौरान लुटेरा चेन और सोने का लॉकेट लेकर भागने लगा। लूट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। वहीं दूसरा बदमाश बाइक पर ही बैठा रहा। लुटेरे भागने में सफल रहे, जबकि सुनीता ने शोर मचाया, लेकिन तब तक आसपास के लोग इकट्ठा नहीं हो पाए। चेन लूट होने से इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़िता ने तुरंत गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचित किया। इंस्पेक्टर अनुराग सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने का काम शुरू कर दिया है। गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।


लूट की जानकारी देती पीड़िता सुनीता।

### लूट को लेकर पहुंची लालगंज पुलिस

- रायबरेली के लालगंज में हाल में लूट हुई थी, उसी तरह गांधी नगर में लूट हुई। जिस पर लालगंज पुलिस गंगाघाट पहुंची और फुटेज देखे। उन्नाव में भी इसी तरह लूट हुई थी। उससे भी मिलान किया जा रहा है।

### एएसपी ने देखे सीसीटीवी कैमरे

घटना के बाद एएसपी अखिलेश सिंह नगर पहुंचे। जहां उन्होंने मरहला चौराहे पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर गंगाघाट, उन्नाव सदर, दही, उन्नाव एसओजी व एक अन्य विशेष टीम को खुलासे में लगाया। वहीं एएसपी मॉनीटरिंग देंगे।

### लूट की घटना का जमकर वॉयरल हुआ वीडियो

जिस समय बाइक सवार दो बदमाश ने चेन लूट की, वह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वॉयरल हुआ।

## रामलीला में अंगद रावण संवाद देख दर्शक भाव विभोर

**शुक्लागंज उन्नाव।** अशोक वाटिका श्री राम लीला पंचायती समिति की ओर से शंकरपुर गांव में रविवार को अंगद रावण संवाद की लीला का मंचन किया। लीला देखने के लिये आस पास के गांवों से लोग पहुंचे। देर रात तक रामलीला मैदान में लोगों की भारी भीड़ रही।

शंकरपुर रामलीला के दौरान लंका पर आक्रमण से पूर्व अंगद को दूत बनाकर भेजा जाता है। अंगद रावण के मध्य हुए संवाद का दर्शकों ने बहुत आनंद उठाया। अंगद के बहुत समझाने पर भी रावण नहीं मानता है।

इस दौरान अंगद ने दरबार में अपना पैर जमा दिया। रावण के एक से बढ़कर एक योद्धा पैर उठाने के लिये पहुंचते हैं। कोई भी पैर हिला नहीं पाता है। यह देख रावण दरबार में अंगद का पैर उठाने को सिंहासन से उठे रावण को उस समय शर्मसार होना पड़ा जब अंगद रावण से कहते है कि तू मेरे नही प्रभु श्री राम के चरणों को पकड़ तो तेरा कल्याण हो जाएगा।

इस मौके पर नरेंद्र नरायन त्रिवेदी, गोपाल कृष्ण, दीपनरायण त्रिवेदी, आदर्श मिश्रा, रमेश मिश्रा, अभिनव अवस्थी, अनुराग बाजपेयी एडवोकेट, आकाश, आशीष त्रिवेदी, हरी शंकर, प्रतीक आदि मौजूद रहे।


करवा चौथ पर चंद्रमा की पूजा करती महिलाएं। अमृत विचार


चलनी से चंद्रमा को देखती विवाहिता।

# सजना मैं तो मांगूं तेरी लंबी जिंदगानी...

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

- **करवाचौथ पर पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत**

**अमृत विचार।** रविवार का दिन पतिदेव के नाम रहा। सुहागिनों ने पूरे दिन निर्जला उपवास रहकर शाम को चंद्रदेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और पतियों के हाथ से जल ग्रहण कर पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया।

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवाचौथ का व्रत मनाये जाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है। जिसमें सुहागिनों ने अपने पति की दीर्घायु के लिए पूरे दिन उपवास रखा। शाम होते ही सुहागिनों ने अपने घर की दीवार या फर्श पर गेरू व हल्दी-अक्षत के पोल से करवा बनाएं। भगवान शंकर, पार्वती, गणेश और कार्तिकेय के चित्र बनाए। वहीं शाम को दही बड़ा, कढ़ी व अन्य व्यजन बनाए। शाम को नए वस्त्र, आभूषण, पहनकर सजधज कर रात को चंद्रदेव के आसमान पर दिखाई पड़ने का बेसब्री से इंतजार करने लगीं।

जैसे ही चंद्रदेव के दर्शन हुए वैसे ही पूजन शुरू हो गया। पूजन का दौर पौराणिक कथा कहानियां कहकर पहले विधिवत पूजा अर्चना की और चलनी में दीपक रखकर दर्शन कर पति की लंबी उम्र की कामना की। इसके बाद घरों व छतो के खुले भाग में जाकर चंद्रदेव को अर्ध्य देकर उनसे पति की सलामती व दीर्घायु मांगी। इसके बाद पति का आशीर्वाद लिया और पति के हाथ से जल पीकर व निवाला ग्रहण कर व्रत पूरा किया। वहीं करवाचौथ पर पति भी अपनी पत्नियों का हौसला बढ़ाते रहे। अपने समय व सामर्थ्य के अनुसार मनमोहक गिफ्ट देकर सुहागिनों का मन मोहा। वहीं नौकरी करने वाली महिला अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा। साथ ही ड्यूटी पर तैनात रहकर अपने कर्तव्य को भी निभाया।

### चांद को देखूं हाथ मैं जोड़ूं, करवाचौथ का व्रत मैं तोड़ूं

**शुक्लागंज उन्नाव।** पति की दीर्घायु के लिये मनाया जाने वाला करवा चौथ का पर्व नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर पति की दीर्घायु की कामना की। रात को चांद निकलते ही महिलाओं को चांद की पूजा करते हुये अर्ध्य दिया। जिसके बाद पटाखों व आतिशबाजी से पूरा आकाश सतरंगी हो गया। वहीं परंपराओं के अनुसार इस दिन शादीशुदा महिलाएं या जिनकी शादी होने वाली हैं वो अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। ये व्रत सुबह सूरज उगने से पहले से लेकर और रात्रि में चंद्रमा निकलने तक रहता है। इसके चलते सुबह से ही महिलाओं की सजने–संवरने के लिए ब्यूटी पार्लरों पर भीड़ लगी रही। महिलाओं ने बाजारों में जाकर खूब खरीददारी की। रात्रि को चंद्र उदय होने पर चंद्रमा को अर्घ्य देकर महिलाओं ने अपने पति के सामने व्रत तोड़ा।

## स्वास्थ्य मेले में 56 मरीजों का परीक्षण, दी गई दवाइयां

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास रहने वाले मरीज पहुंचे। डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ. सर्वेश यादव, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 56 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे।


मेले में मरीज का परीक्षण करते डॉक्टर।

## कंचन नगर में चोरों की धमाचौकड़ी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के कंचन नगर मोहल्ले में चोरों की बढ़ती सक्रियता से स्थानीय लोग परेशान हैं। शनिवार की रात मोहल्ले के वरूण बाजपेई के मकान पर चोरों ने चोरी की कोशिश की। चोर छत पर चढ़ रहा था, तभी पड़ोसी अनिल शर्मा ने उसे देख लिया और शोर मचा दिया। अनिल के शोर सुनकर मोहल्ले के सैकड़ों लोग लाठी-डंडे लेकर अपने घरों से बाहर निकल आए।

इस बीच, मोहल्ले में तीन अन्य चोर मकान के नीचे खड़े थे। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और क्षेत्र में गश्त कर रही सीओ सिटी सोनम सिंह को भी जानकारी दी गई। सीओ ने घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों से जानकारी ली और स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से चोर मोहल्ले में सक्रिय हैं और छोटी-मोटी चोरी कर रहे हैं।

लोगों का यह भी कहना है कि पुलिस गश्त की कमी के कारण उन्हें खुद रात को जागकर अपने घरों की सुरक्षा करनी पड़ रही है। अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो बड़े नुकसान का डर बना हुआ है। मोहल्ले के लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाई जाए ताकि चोरों की गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि 4 दिन में मोहल्ले के राकेश, दिनेश निषाद, अखिलेश मिश्रा, शिवम मिश्रा के यहां चोरियां हो चुकी हैं।

### घर में घुसने का वीडियो वॉयरल

- शनिवार को सोशल मीडिया पर घर में घुसने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वॉयरल हुआ। जिसमें एक चोर छत पर पहुंचने के लिये दीवार के सहारे चढ़ता दिखाई दे रहा है।

### नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग रात में जागने को मजबूर

- चारों ओर बाहर से चोर आने की सूचना तेजी से फैल रही है। जिसे देखते हुये नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग रतजगा कर रहे हैं। इतना ही नहीं खुद लाठी डंडे लेकर गांव में पहरा दे रहे हैं।

## आज 20 हजार घरों की बिजली 7 घंटे तक रहेगी बंद

**शुक्लागंज।** सरैयां क्रासिंग पर आरओबी के निर्माण कार्य के चलते सोमवार को तीन फीडरों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विभाग ने फीडर 3, 4 और 5 के तहत आजाद नगर, अली नगर, विष्णुपुरी, नेहरू नगर, साकेतपुरी, गोपीनाथ पुरम, ऋषीनगर, सुभाष नगर, आनंद नगर, मदनी नगर, कप्तान साहब हाता, तिवारी बगीचा और सीताराम कालोनी के क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रखने की घोषणा की है। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि मरहला चौराहा पर अंडर ग्राउंड लाइन डालने का काम होगा। इससे लगभग 20 हजार घरों के निवासियों को परेशानी होगी।

## सार-संक्षेप


जागरण के दौरान राधा–कृष्ण की झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

### चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...

**शुक्लागंज उन्नाव।** शनिवार को साकेतपुरी मां भगवती का विशाल जागरण का आयोजन कराया गया। जहां जागरण में भक्ति गीतों से हर कोई झूमने लगे। सुबह जागरण के समापन के बाद कन्या पूजन हुआ। जिसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ शुक्लागंज वेलफेयर सोसाइटी ने देवी जागरण का आयोजन कराया। जहां देवी जागरण के दौरान माता का भव्य श्रंगार कराया गया। जिसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। देर रात भजन गायको ने देवी गीत गाये। जिसमें बेटा बुलाए झट दौड़ी चली आई मां, माता ने बुलाया है, हम तो चले मां के द्वार आदि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। साथ ही गणेश वंदना, शिव तांडव, राधा कृष्ण झांकी व दुर्गा मां के विशेष दर्शन कराये गये। रविवार सुबह जागरण के समापन के बाद कन्या पूजन व भंडारा हुआ।

### हेड इंजरी से हुई थी महिला की मौत

**उन्नाव।** आसीवन थानाक्षेत्र के मीरपुर मरोचा गांव निवासी वीरेंद्र के मुताबिक उसकी पत्नी दीपिका (27) को बुखार आया था। इस पर वह थानाक्षेत्र के मुंशीगंज स्थिति एक मेडिकल स्टोर पर दवा दिलाने गया था। स्टोर संचालक ने उसे एक इंजेक्शन लगाया और दवा दी। थोड़ी देर बाद पत्नी की हालत बिगड़ने लगी तो वह रात में उसे मियागंज सीएचसी लाया। जहां दीपिका को डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति के आरोप पर पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा था। रविवार को पीएम रिपोर्ट में उसकी मौत हेड इंजरी से होने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### वारीवाल संघर्ष समिति के अध्यक्ष का स्वागत

**शुक्लागंज।** अखिल भारतीय वारीवाल संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष पुत्तीलाल वर्मा ने चंपापुरवा निवासी विशंभर दयाल वर्मा को गंगाघाट का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। मनोनीत नगर अध्यक्ष का स्वागत थाने के सामने मुन्ना सोनी के निवास पर फूल मालाओं से किया गया। इस अवसर पर विशंभर दयाल वर्मा ने समाज के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करने और सुख–दुख में लोगों के साथ खड़े रहने का वादा किया। इस मौके पर धुनंर वर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, राम चंद्र, गणेश वर्मा, मोनू वर्मा, जय पाल साहू, मुन्ना सोनी, बबलू पाल, रविशंकर गुप्ता, अंकित वर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।

### डॉ. अल्तमश बने पीएचसी के प्रभारी

**शुक्लागंज।** न्यू प्राथमिक शुक्लागंज में एमबीबीएस डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण पिछले कई दिनों से आयुर्वेदिक डॉक्टर पर निर्भर रहकर ढाई से तीन सौ मरीजों की ओपीडी चल रही थी। चार दिन पहले जिलाधिकारी गौरांग राठी ने इस समस्या का निरीक्षण किया और डॉक्टर की तैनाती का आश्वासन दिया। रविवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश ने नबावगंज में तैनात डॉ. अल्तमश खान को शुक्लागंज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का प्रभारी नियुक्त किया है।

## रेलवे ब्रिज, ट्रैक की मजबूती देखने आए चीफ इंजीनियर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर हाईस्पीड ट्रेने चलाई जानी है। जिसको लेकर उत्तर रेलवे तैयारियों में जुटा हुआ है। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर उत्तर रेलवे पिछले एक साल से इस दिशा में काम कर रहा है। इस कड़ी में, रविवार को दिल्ली से स्पेशल इंस्पेक्शन प्रायर यान से आए मुख्य ब्रिज इंजीनियर एसके सपरा ने गंगाघाट स्टेशन के तहत रेलवे ब्रिज का गहन निरीक्षण किया।

मुख्य इंजीनियर के साथ लखनऊ मंडल के इंजीनियर पुनीत सिंह, सहायक इंजीनियर राहुल जब्बरवाल और ट्रैक विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान, इंजीनियर ने अप और डाउन ट्रैक के स्लीपर, टर्फ और अन्य संरचनाओं की मजबूती की जांच की। उन्होंने मीटरगेज से समानांतर पटरी के बीच की पैमाइश भी कराई, ताकि पटरी के बीच किसी भी प्रकार की असामान्यता का पता लगाया जा सके। कानपुर से लखनऊ तक सुपरफास्ट और वीआईपी ट्रेनों जैसे वंदे भारत, शताब्दी और तेजस के संचालन की योजना है। इस रूट पर ट्रेनों की गति को 160 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। इस संदर्भ में, अधिकारियों का निरीक्षण नियमित रूप से किया जा रहा है, ताकि सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया जा सके। मुख्य इंजीनियर ने बताया कि यह निरीक्षण सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है और सभी पहलुओं का ध्यान रखा जा रहा है। लगभग पौन घंटे तक निरीक्षण करने के बाद, वे मातहतों के साथ वापस स्पेशल इंस्पेक्शन प्रायर यान लौट गए।


रेलवे पुल पर निरीक्षण करते मुख्य ब्रिज इंजीनियर एसके सपरा।। अमृत विचार

### 21 अंडर और 15 बनेंगे फ्लाई ओवर

**कानपुर से लखनऊ के बीच में 26 रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज अमृत स्टेशन योजना के तहत बनाये जाने हैं। ट्रेनों का अधिक भार होने के कारण संचालन न प्रभावित हो इसकी भी रूप रेखा देखी।**

## युवती ने फांसी लगा दी जान, परिजनों में मातम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के प्रेम नगर निवासी एक युवती ने शनिवार रात फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जिस पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जिसके बाद शव को पीएम के लिये भेजा है। वहीं परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर बेटी को परेशान करने का आरोप लगाया है।

प्रेम नगर निवासी अमित सिंह किराये के मकान में रहते हैं। उनकी 18 वर्षीय बेटी वर्तिका सिंह ने शनिवार देर रात अपने घर की छत पर बनी चौखट के सहारे दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी की ली। कुछ देर बाद परिजनों की उस पर नजर पड़ी। जिस पर परिजनों की चीख निकल गई। चीख पुकार सुन आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जिसके बाद शव को फंदे से नीचे उतरवाया। परिजनों ने बताया कि मोहल्ले का एक युवक बेटी को परेशान करता था, जिससे उसने खुदकुशी कर ली। बालूघाट चौकी इंचार्ज राजेश मिश्रा ने बताया कि युवक नहीं मिला, उसके पिता को हिरासत में लिया गया है। आरोप लगाया है पोस्टमार्टम के आधार पर कार्रवाई की जायेगी। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल रहा।

**शिव महापुराण कथा** — कथावाचक विज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज ने कार्तिकेय जन्म व तारकासुर वध की कथा सुनाई

# केवल शिवपुत्र ही कर सकता था तारकासुर का वध

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के पीडी नगर के प्रियदर्शिनी गेस्ट हाउस में श्री शिव महापुराण कथा के पांचवे दिन बनाए गए। कथावाचक विज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज ने शिव पार्वती के पाणिग्रहण की कथा के बाद कार्तिकेय जन्म व तारकासुर वध की कथा सुनाई।

भगवान शिव के दिये वरदान के कारण अधर्मी दैत्य तारकासुर अत्यंत शक्तिशाली हो चुका था। वरदान के अनुसार केवल शिवपुत्र ही उसका वध कर सकता था। इसी कारण वह तीनों लोकों में हाहाकार मचा रहा था। इसीलिए सारे देवता भगवान विष्णु के पास जा पहुंचे। भगवान विष्णु ने उन्हें सुझाव दिया की तारकासुर के द्वारा शिव पुत्र से मारे जाने के वरदान के कारण वे कैलाश जाकर भगवान शिव से पुत्र उत्पन्न करने की विनती करें। विष्णु की बात सुनकर समस्त देवगण जब कैलाश पहुंचे तो ताड़कासुर का वध का रहस्य काम रहित शिव पुत्र से होना जानकर भगवती पार्वती जी के अंदर से तेज पुंज निकला जो शिव जी में समा गया तभी शिवजी ने अपना तीसरा नेत्र खोल दिया। और उससे तेजस निकलकर गंगादेवी पर टकराया। जब देवी गंगा उस दिव्य अंश को लेकर जाने लगी तब उसकी शक्ति से गंगा का पानी उबलने लगा। भयभीत गंगादेवी ने उस दिव्य अंश को शरवण वन में लाकर स्थापित कर दिया किंतु गंगाजल में बहते-बहते वह दिव्य अंश छह भागों में विभाजित हो गया था। भगवान शिव के शरीर से उत्पन्न तेज रूपी उन दिव्य अंशों से सुकोमल शिशु का जन्म हुआ। उस वन में विहार करती छह कृतिका कन्याओं की दृष्टि जब उन बालकों पर पडी तब उनके मन में उन बालकों के प्रति मातृत्व भाव जागा। और वो उनको लेकर उनको अपना स्तनपान कराने पहुंची तो 6 सिर प्रकट हो गए। उसके पश्चात वे बालक को लेकर कृतिकालोक चली गईं। उनका पालन पोषण करने लगीं। जब इन सबके बारे में नारद जी ने शिव पार्वती को बताया तब वे अपने पुत्र से मिलने के लिए व्याकुल हो उठे। कृतिकालोक चल पड़े। जब मां पार्वती ने अपने पुत्र को देखा तब वो मातृत्व भाव से भावुक हो उठी। और तत्पश्चात शिव पार्वती ने कृतिकाओं को सारी कहानी सुनाई और अपने पुत्र को लेकर कैलाश वापस आ गए। कृतिकाओं के द्वारा लालन पालन होने के कारण उस बालक का नाम कार्तिकेय पड़ गया। कार्तिकेय ने देवासुर संग्राम का नेतृत्व कर राक्षस तारकासुर का संहार किया। इस मौके पर यजमान पूर्व सैनिक राजेश सिंह सेंगर ने पूजन अर्चन कराया और आरती के बाद प्रसाद वितरण कराया। यज्ञ प्रकाश दीक्षित, बच्चन पाण्डेय, ज्ञानेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह चौहान, इन्दु प्रकाश अवस्थी, अमित दीक्षित, उमा शुक्ला, नीलम सिंह, हरिप्रसाद साहू, संतोष साहू, नन्हे पटेल, सरिता सिंह, संगीता सिंह, विदित मिश्रा व अमन यादव मौजूद रहे।


शिव पार्वती के रूप में कथा में बैठे बाल कलाकार। अमृत विचार

# प्रभु श्रीराम का हुआ राजतिलक जगमग हो गई अयोध्या नगरी

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** साकेत धाम रामलीला मैदान में श्रीधाम वृन्दावन के स्वामी शिवम पाठक ने हनुमान चालीसा, श्रीराम की और रामायण जी की आरती सम्पूर्ण करायी। इसके बाद हुए लीला मंचन में मुनि वशिष्ठ प्रथम तिलक लगाकर राम को राजा बनाते हैं।

वहीं कमेटी अध्यक्ष संजय राठी, सदर विधायक पंकज गुप्ता, भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू, विमल द्विवेदी, सदर कोतवाल प्रमोद मिश्रा ने प्रभु श्रीराम को तिलक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साकेत धाम में आए जन प्रतिनिधियों व प्रशासनिक अफसरों का सम्मान कमेटी पदाधिकारियों ने कर सभी का आभार जताया। अयोध्या नगरी के रूप में सजाए गए साकेत धाम में लखनऊ और वृन्दावन से आये कलाकारों ने रासलीला, डांडिया, गरबा, राधा-कृष्ण नृत्य, फूलों की होली आदि बड़े मनमोहक कार्यक्रमों के मध्य हज़ारों की संख्या में दर्शकों को राम राज्याभिषेक महोत्सव का साक्षी बनाया। पूजन आरती व उत्सव में अध्यक्ष संजय राठी, महोत्सव संयोजक चंद्र प्रकाश अवस्थी, कोषाध्यक्ष जगदीश माहेश्वरी, मुख्य सेवायत कृष्णप्रिय मोती श्याम, संरक्षक प्रमोद शुक्ला, मुन्ना सिंह अवधूत, डॉ. मनीष सिंह सेंगर, विनोद शर्मा, प्रबंधक संजीव गुप्ता राजा, इंदु प्रकाश अवस्थी, गिरीश चंद्र शुक्ला, अनूप शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे। वही विशाल मेले और विशेष रूप से माता वैष्णो देवी के दरबार मे दिव्य दर्शन किया।


साकेत धाम की रामलीला में राम का राजतिलक करते लोग। अमृत विचार

## एक नजर

### बंगाल की खाड़ी में 23 तक चक्रवात की आशंका

**भुवनेश्वर।** बंगाल की खाड़ी में 23 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान आने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने एक विशेष बुलेटिन में कहा कि अगले 24 घंटों के दौरान अंडमान सागर के ऊपर बने एक चक्रवाती परिसंचरण के क्षेत्र के सोमवार तक कम दबाव वाले क्षेत्र में परिवर्तित होने की आशंका है।

### कोचिंग में तीन की मौत पर सोमवार को सुनवाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में स्थित एक कोचिंग सेंटर में जुलाई माह में सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत से संबंधित मामले पर उच्चतम न्यायालय सोमवार को सुनवाई करेगा। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में स्थित राउज़ आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट में भारी बारिश के बाद पानी भर जाने से सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थी डूब गए थे। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई 21 अक्टूबर की वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।

### असमः विषाक्त नाश्ता से करीब 200 लोग बीमार

**गोलाघाट।** असम के गोलाघाट जिले में एक मृतक व्यक्ति की याद में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान नाश्ता करने के बाद खाद्य विषाक्तता के कारण 200 लोग बीमार हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार रात को सरुपथार क्षेत्र के उरीअमघाट के पसघोरिया गांव में प्रदीप गोगोई की मां की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान हुई। एक अधिकारी के अनुसार, कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को पारंपरिक जलपान (नाश्ते के रूप में मुरमुरे और क्रीम) परोसा गया।

### बृजभूषण के खिलाफ 4 को बयान दर्ज करेगी कोर्ट

**नई दिल्ली।** अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा दायर आपराधिक मामले में अब चार नवंबर को गवाहों के बयान दर्ज करेगी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने एक गवाह का बयान दर्ज करने के बाद, अगली कार्यवाही के लिए चार नवंबर की तारीख निर्धारित की। अदालत ने 21 मई को सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए बल प्रयोग करने के आरोप तय किए थे। भाजपा नेता ने अदालत में खुद के निर्दोष होने का दावा किया है।

# भाजपा के 99 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी

## महाराष्ट्र विस चुनाव : उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से होंगे उम्मीदवार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक चरण में 20 नवंबर को होगा मतदान



भाजपा ने रविवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 99 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को नागपुर दक्षिण-पश्चिम और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी से उम्मीदवार बनाया है।

भाजपा उम्मीदवारों की इस सूची को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की 16 अक्टूबर को हुई बैठक में अंतिम रूप दिया गया। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। पार्टी ने राज्य सरकार में मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को बल्लारपुर व पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को नांदेड़ जिले की भोकर विधानसभा सीट से टिकट दिया है। चव्हाण लोकसभा चुनाव से पहले इस साल फरवरी में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। वह फिलहाल भाजपा के राज्यसभा सदस्य हैं। महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा 160 सीट पर उम्मीदवार उतार सकती है। बाकी सीटों पर उसके सहयोगी दलों शिवसेना (शिंदे गुट) और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अपने उम्मीदवार उतारेगी। केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे के बेटे संतोष दानवे को भोकरदन से उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि पार्टी की मुंबई इकाई के प्रमुख आशीष शेलार वांद्रे पश्चिम से और राज्य सरकार में मंत्री चंद्रकांत पाटिल कोथरुड से चुनाव लड़ेंगे। मुलुंड से मौजूदा विधायक मिहिर कोटेचा को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है और तीन बार के विधायक राम कदम मुंबई की घाटकोपर पश्चिम सीट से फिर से चुनाव लड़ेंगे। शेलार के भाई विनोद शेलार को भी भाजपा ने टिकट दिया है। वह मलाड पश्चिम से चुनाव लड़ेंगे। सुभाष देशमुख को सोलापुर दक्षिण से और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे नितेश को कंकावली से टिकट दिया गया है।

### पहली सूची में 13 महिलाओं को दिया गया टिकट

महाराष्ट्र चुनाव के लिए भाजपा की पहली सूची में 13 महिलाएं हैं, जबकि अनुसूचित जनजाति से छह और अनुसूचित जाति से चार उम्मीदवार हैं। महाराष्ट्र में फिलहाल महायुति गठबंधन की सरकार है, जिसके मुखिया शिवसेना के एकनाथ शिंदे हैं। इस सत्ताधारी गठबंधन में शिवसेना के अलावा भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल है। दूसरी तरफ, विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) है। इसमें उद्धव बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और वरिष्ठ नेता शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) शामिल है। साल 2019 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद महाराष्ट्र की राजनीति बिल्कुल बदल गई है।

## जूनियर चिकित्सकों की रैली में शामिल हुए लोग

**कोलकाता।** प. बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या की पृष्ठभूमि में राज्य सरकार से अपनी 10-सूत्री मांगों के समर्थन में आंदोलनरत कनिष्ठ चिकित्सकों को रविवार शाम नागरिक समाज संगठनों के सदस्यों का भी साथ मिला। चिकित्सकों ने धर्मतला में आमरण अनशन स्थल पर एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर राज्य के स्वास्थ्य सचिव एन एस निगम को हटाने सहित उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो उनका आंदोलन और तेज हो जाएगा। नागरिक समाज संगठनों के सदस्य तख्तियां लेकर, मोमबत्तियां जलाकर और महिलाओं द्वारा शंख बजाकर आंदोलनकारी चिकित्सकों के समर्थन में एकजुटता दिखाने के लिए रैली में शामिल हुए। ये आंदोलनकारी मृतक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं।

# ऑनलाइन मंचों से आईएसआई व आतंकी समूह की हो रही भर्तियां

**श्रीनगर, एजेंसी**

- युवकों को अत्याचारों से जुड़े वीडियो समेत बरगलाने वाली चीजें हैं दिखाते



पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी और आतंकी समूह डिजिटल मंचों के जरिए जम्मू-कश्मीर में भर्ती के प्रयास तेज करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि कड़े सुरक्षा प्रबंधों के चलते प्रत्यक्ष संवाद करना मुश्किल होता जा रहा है। एक अधिकारी के अनुसार ये समूह सोशल मीडिया मंचों और एक्स (पूर्व में ट्विटर), फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप और टेलीग्राम जैसे मैसेजिंग ऐप के जरिए कम उम्र के युवाओं को बहकाने का प्रयास कर रहे हैं। पकड़े जाने से बचने के लिए वे फर्जी प्रोफाइल और वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का इस्तेमाल कर रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि एक बार पहचान हो जाने के बाद इन युवकों को निजी समूहों में शामिल कर लिया जाता है, जहां उन्हें सुरक्षा बलों द्वारा किए गए अत्याचारों से जुड़े वीडियो समेत बरगलाने वाली चीजें दिखाई जाती हैं।

### इंटरनेट के माध्यम से नेटवर्क बढ़ा रहे आतंकी

अधिकारी ने कहा कि इंटरनेट के प्रसार ने सोशल मीडिया को संचार और सूचना साझा करने का आकर्षक साधन बना दिया है, जिससे आतंकवादी संगठनों को नेटवर्क बढ़ाने में मदद मिलती है। खुद को चरम राष्ट्रवादी बताने वाले कुछ व्यक्तियों की पहचान प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी सहित कट्टरपंथी समूहों से जुड़े होने के रूप में की गई है।

# झारखंड में अकेले चुनाव लड़े, तो भी इंडिया गठबंधन को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे : राजद

**रांची, एजेंसी**

- सीट बंटवारे पर जताया असंतोष, राजद ने कहा कि 12 से कम सीट उसे स्वीकार्य नहीं

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए झामुमो और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर हुए समझौते पर निराशा व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने रविवार को कहा कि 12 से कम सीट उसे स्वीकार्य नहीं होगा और अगर अकेले चुनावी मैदान में उतरना पड़ा, तो उस स्थिति में भी वह इंडिया गठबंधन को नुकसान नहीं पहुंचाएगा।

राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाया है, जिसमें कांग्रेस, राजद और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) भी घटक हैं। झामुमो और कांग्रेस ने शनिवार को घोषणा की कि दोनों दल राज्य की 81 विधानसभा सीट में से 70 पर चुनाव लड़ेंगे। राजद प्रवक्ता मनोज कुमार झा ने कहा, 12-13 सीट से कम हमें स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि राजद की 18-20 सीट पर मजबूत पकड़ है। अगर हमें तीन-चार सीट पर चुनाव लड़ने के लिए कहा जाता है, तो हम कोई त्याग करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा हम इंडिया गठबंधन को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। झा ने कहा कि यदि पार्टी अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय भी लेती है, तो भी वह 60-62 सीट पर इंडिया गठबंधन को समर्थन देगी।

## टारगेट किलिंग : जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों ने दो मजदूरों को मार डाला

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के गांदरबल जिले में एक आतंकवादी हमले में दो श्रमिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने जिले के गुंड इलाके में सुरंग का निर्माण कार्य में लगी एक निजी कंपनी के शिविर में रह रहे मजदूरों पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। हमलावरों का पता लगाने के लिए पुलिस और सेना ने इलाके की घेराबंदी कर दी है।

# महिला ने कलाई की नसें काटीं देखकर पुरुष मित्र की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पुलिस को संदेह कि दिल का दौरा पड़ने से हुई है युवक की मौत

दिल्ली में कलाई काटने के बाद अस्पताल में भर्ती हुई महिला मित्र की हालत देखकर एक व्यक्ति बेहोश हो गया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस को संदेह है कि उसकी मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हुई, लेकिन वह सटीक कारण पता लगाने के लिए और जानकारी सामने आने की प्रतीक्षा कर रही है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि साढ़े तीन बजे आनंद विहार थाने में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन करके अस्पताल में व्यक्ति के बेहोश होने के बारे में जानकारी दी गई। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस कैलाश दीपक अस्पताल पहुंची, लेकिन तब तक चिकित्सक अरुण नंदा नामक व्यक्ति को मृत घोषित कर चुके थे। पूछताछ में पता चला कि जगतपुरी निवासी अरुण की मित्र ने शाहदरा के आनंद विहार इलाके में धारदार चीज़ से नसें काट ली थीं, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला ने नसें काटने के बाद मैसेंजिंग ऐप से अरुण को वीडियो भेजा था। महिला की हालत देखकर अरुण अस्पताल में बेहोश हो गया, जांच के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बाबा सिद्दीकीः पुलिस ने एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में एक ताजा घटनाक्रम में अपराध शाखा ने रविवार को नवी मुंबई से एक स्क्रैप डीलर को शूटरों को हथियार मुहैया कराने के आरोप में गिरफ्तार किया। जिससे इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान मूल रूप से राजस्थान के उदयपुर के रहने वाला भगवत सिंह ओम सिंह (32) के रूप में हुई है। वह वर्तमान में नवी मुंबई में रह रहा है।

# बागडोगरा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए मोदी ने रखी आधारशिला

**कोलकाता, एजेंसी**

- परियोजना के निर्माण कार्य पर 1,550 करोड़ रुपये होंगे खर्च

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तरी प. बंगाल में सिलीगुड़ी के बागडोगरा हवाई अड्डे का विस्तार किये जाने की आधारशिला रखी। इस पर 1,550 करोड़ रुपये की लागत आएगी। वहीं प्रधानमंत्री ने 23 परियोजनाओं का अनावरण वाराणसी से ऑनलाइन किया। अधिकारियों ने बताया कि बागडोगरा हवाई अड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव में 70,390 वर्ग मीटर में टर्मिनल भवन होगा, जिसमें व्यस्त समय में 3,000 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होगी तथा वार्षिक क्षमता एक करोड़ यात्रियों को संभालने की होगी। नया टर्मिनल भवन पर्यावरण अनुकूल होगा, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को एकीकृत किया जाएगा तथा पारिस्थितिकी प्रभाव को कम करने के लिए प्राकृतिक प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

## विवाहित व्यक्ति ने नाबालिग लड़की को जिंदा जलाया

- आंध्र प्रदेश के बडवेल में वारदात को आरोपी ने दिया अंजाम

**बडवेल (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के बडवेल में 16 वर्षीय लड़की को कथित तौर पर उसके पूर्व प्रेमी ने जलाकर मार डाला। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी व्यक्ति ने कुछ महीने पहले नाबालिग से रिश्ता तोड़ लिया था और अन्य महिला से शादी कर ली थी। उन्होंने कहा कि आरोपी जे. विग्नेश ने कडप्पा जिले के बडवेल के बाहरी इलाके में नाबालिग के ऊपर कथित तौर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। म्यदुकुरु के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने कहा, विग्नेश ने शनिवार सुबह 10 बजे नाबालिग को आग लगा दी, जिसके बाद पीड़िता को कडप्पा स्थित आरआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन रविवार को उसकी मौत हो गई।

# दूसरे राज्यों की बसों से दिल्ली में बढ़ा प्रदूषण : आतिशी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कहा- दिल्ली और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित आनंद विहार प्रदूषण का केंद्र बना हुआ

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि आनंद विहार में प्रदूषण का बड़ा कारण दूसरे राज्यों से आने वाली बसें हैं। दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी के पास स्थित उत्तर प्रदेश सरकार के बस डिपो पर प्रदूषण रोधी उपायों को लागू करने के लिए पड़ोसी राज्य के साथ मिलकर काम करेगी।

आतिशी ने पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के साथ आनंद विहार बस डिपो पर प्रदूषण नियंत्रण उपायों का निरीक्षण करने के बाद यह टिप्पणी की। मुख्यमंत्री ने कहा दिल्ली और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित आनंद विहार प्रदूषण का केंद्र है, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) स्तर सबसे अधिक है। इस क्षेत्र में दिल्ली के बाहर से बसों का आना-जाना लगा रहता है और पास में ही कौशाम्बी बस डिपो भी है। दिल्ली में सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसें चलती हैं, जबकि कौशाम्बी बस डिपो में डीजल बसें आती हैं। हम वहां भी प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लागू करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर काम करने की योजना बना रहे हैं।

### यमुना में प्रदूषण के लिए हरियाणा-उप्र जिम्मेदार

आतिशी ने यमुना में प्रदूषण के लिए हरियाणा व उत्तर प्रदेश सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा छठ के दौरान वे आगरा नहर को बंद कर देते हैं, जिससे उनका अशोधित कचरा दिल्ली की ओर चला जाता है।

### भाजपा कर रही राजनीति

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते वायु और जल प्रदूषण के लिए भाजपा की गंदी राजनीति जिम्मेदार है। सर्दियों की शुरुआत के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब होने लगी है।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### बीएसई, एनएसई में 1 नवंबर को दिवाली मुहूर्त कारोबार

**नई दिल्ली।** प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और एनएसई एक नवंबर को दिवाली पर एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र आयोजित करेंगे। यह नए संवत 2081 की शुरुआत का प्रतीक होगा। शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्रों में कहा कि सांकेतिक कारोबार सत्र शाम छह से सात बजे के बीच होगा। यह सत्र नए संवत (दिवाली से शुरू होने वाला हिंदू कैलेंडर वर्ष) की शुरुआत का भी प्रतीक है। मुहूर्त या शुभ घंटे के दौरान कारोबार से हितधारकों के लिए समृद्धि और वित्तीय वृद्धि होती है।

### त्योहारी मांग से खाद्य तेलों में तेजी, चीनी-गुड़ महंगा

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद त्योहारी मांग बरकरार रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में 620 रुपये प्रति क्विंटल तक की तेजी रही जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा, वहीं चीनी और गुड़ के भाव चढ़ गए। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सप्ताहांत पर 133 रिंगिट लुढ़ककर 4317 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.36 सेंट की गिरावट के साथ 42 .53 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

### रिलायंस इन्फ्रा की 6,000 करोड़ जुटाने की योजना

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरधारकों ने शेयरों के तरजीही निर्गम और योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) मार्ग के माध्यम से 6,000 करोड़ जुटाने की कंपनी की योजना को मंजूरी दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि दोनों प्रस्तावों को शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है, जिसमें डाक मतपत्र के माध्यम से प्रस्तावों के पक्ष में 98 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। रिलायंस इन्फ्रा के निदेशक मंडल ने 19 सितंबर को 6,000 करोड़ जुटाने की योजना को मंजूरी दी थी।

# दूसरे तिमाही के नतीजों और विदेशी निवेश से तय होगी बाजार की दिशा

## विश्लेषकों के अनुसार बाजार में देखने को मिलेगा उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- भू-राजनीतिक जोखिम और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से बाजार हो सकता है प्रभावित

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि सप्ताह के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों पर सभी की निगाह रहेगी। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की आशंका है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है तथा बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) अभी तक भारतीय बाजार के प्रदर्शन में प्रमुख भूमिका निभाते रहे हैं। एचडीएफसी बैंक का सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 6% की वृद्धि के साथ 17,825.91 करोड़ रुपये रहा है। बैंक का शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में बढ़कर 16,820.97 करोड़ हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 15,976.11 करोड़ रुपये था।

### शीर्ष चार कंपनियों की पूंजी 81,151 करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से चार के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में 81,151.31 करोड़ रुपये बढ़े हैं। सबसे अधिक लाभ आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक को हुआ। एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत सामूहिक रूप से 76,622 .05 करोड़ रुपये घट गई।

# इंप्लॉयड वोलैटिलिटी : निवेश के निर्णय में मुख्य संकेतक

इंप्लॉयड वोलैटिलिटी (आईवी) एक महत्वपूर्ण वित्तीय माप है, जो विकल्पों के बाजार में अनिश्चितता और जोखिम को दर्शाती है। यह दर्शाता है कि एक संपत्ति की कीमत में भविष्य में कितनी उतार-चढ़ाव हो सकती है, जो निवेशकों के लिए निर्णय लेने में सहायक होती है। उच्च आईवी का मतलब है कि विकल्पों की कीमतें बढ़ सकती हैं, जबकि कम आईवी अधिक स्थिरता को दर्शाती है। इस लेख में, हम आईवी के लाभों, इसके प्रभावों और निवेशकों के लिए जोखिम प्रबंधन की रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।

### इंप्लॉयड वोलैटिलिटी क्या है?

इंप्लॉयड वोलैटिलिटी (आईवी) एक संकेतक है जो विशेष रूप से विकल्पों (ऑप्शन) के बाजार में उपयोग होता है।लिए रणनीतियां विकसित करने में मदद कर सकती है। जब आप किसी विकल्प (कॉल या पुट ) को खरीदते हैं, तो उसकी कीमत में एक प्रमुख घटक होता है जो आईवी के रूप में जाना जाता है। अधिक आईवी का मतलब है कि बाजार में अधिक अनिश्चितता है, और इसकी वजह से विकल्प की कीमत अधिक हो जाती है।

### निवेशक ऐसे ले सकते हैं लाभ

- **अनुमान लगाने की क्षमता :** आईवी से निवेशक अनुमान लगा सकते हैं कि संपत्ति में कितनी तेजी या मंदी आई। इससे वे बेहतर निर्णय ले सकते हैं।
- **विकल्पों का मूल्य निर्धारण :** जब आईवी अधिक होती है, तो विकल्पों के प्रीमियम बढ़ते हैं। आप सही अनुमान से उच्च प्रीमियम से लाभ ले सकते हैं।
- **जोखिम प्रबंधन :** आईवी से निवेशक अपने पोर्टफोलियो में संभावित जोखिमों को पहचान सकते हैं और उनके अनुसार रणनीतियां बना सकते हैं।
- **बाजार की भावना :** आईवी न केवल अनिश्चितता का माप है, बल्कि यह बाजार की भावना को दर्शाता है।




जोखिम

- **सही समय चुनें :** आईवी का आकलन कर बाजार के अनुसार सही समय का चुनें। आईवी बढ़ रही है, तो लाभ के लिए सही समय हो सकता है।
- **विकल्प : स्ट्रैडल–** जब उम्मीद करते हैं कि बड़ी उतार-चढ़ाव आएगी, लेकिन नहीं जानते कि दिशा क्या होगी। **स्ट्रैंगल–** जब एक ही समय में कॉल और पुट विकल्प खरीदते हैं, लेकिन अलग-अलग स्ट्राइक कीमतों पर। **स्प्रेड–** जब आप एक विकल्प खरीदते हैं और दूसरा बेचते हैं, ताकि जोखिम को सीमित किया जा सके।

## ईपीएफओ के सदस्यों की संख्या 9.07% बढ़कर हुई 18.53 लाख

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- श्रम मंत्रालय ने कहा- अगस्त में 9.30 लाख नए सदस्य जोड़े गए

सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के नए सदस्यों की संख्या अगस्त में सालाना आधार पर 9.07% बढ़कर 18.53 लाख हो गई है। रविवार को श्रम मंत्रालय ने कहा गया है कि ईपीएफओ ने अगस्त 2024 में 9.30 लाख नए सदस्यों को जोड़ा, जो अगस्त, 2023 से 0.48% की वृद्धि है। इसमें कहा गया है कि नए सदस्यों में यह उछाल रोजगार के बढ़ते अवसरों, कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल पहुंच कार्यक्रमों के कारण है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा जारी अगस्त, 2024 के अस्थायी पेरोल आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2024 में 18.53 लाख सदस्यों की शुद्ध वृद्धि हुई, जो सालाना 9.07% की वृद्धि है। आंकड़ों का एक उल्लेखनीय पहलू 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व है, जो अगस्त, 2024 में कुल नए सदस्य जुड़ने का 59.26% है। अगस्त, 2024 के लिए 18-25 आयु वर्ग के लिए शुद्ध पेरोल डेटा 8.06 लाख था।

## सौर उपकरण आयात 2030 तक 30 अरब डॉलर होने का अनुमान : जीटीआरआई

- ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य को पूरा करने में निर्यात बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** भारत का सौर उपकरण आयात 2030 बढ़कर सालाना 30 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के देश के लक्ष्य को पूरा करने के लिए यह निर्यात बढ़ेगा। इस दौरान चीन पर निर्भरता भी बढ़ेगी। भारत में आत्मनिर्भर सौर विनिर्माण उद्योग विकसित करने के लिए पॉलीसिलिकॉन और वेफर उत्पादन में निवेश करना होगा। इसके बिना भारत को उच्च आयात लागत का सामना करना पड़ सकता है और नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

## सरकारी बैंकों में मुख्य महाप्रबंधकों के पद बढ़ाने पर विचार कर रहा वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में चार महाप्रबंधकों पर होंगे मुख्य महाप्रबंधक

वित्त मंत्रालय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के बढ़ते कारोबार और लाभप्रदता पर उनमें मुख्य महाप्रबंधकों के पदों को बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। मौजूदा निर्देशों के अनुसार, पीएसबी में चार महाप्रबंधकों के लिए मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) हो सकता है।

सूत्रों ने बताया कि ये निर्देश 2019 में जारी हुए थे और तब से कोविड-19 के बावजूद पीएसबी के प्रदर्शन में सुधार हुआ है। पीएसबी ने रिकॉर्ड लाभ दर्ज किया है। वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा वृद्धि के अगले स्तर को प्राप्त करने के लिए सीजीएम पदों की समीक्षा कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि दिशा-निर्देशों में ढील देने का फैसला गहन जांच और उनके कारोबार को आगे बढ़ाने की जरूरत पर विचार करने के बाद लिया जाएगा। सीजीएम पद 2019 में 10 राष्ट्रीयकृत बैंकों के चार बड़े बैंकों में विलय के बाद बनाया गया था। सीजीएम महाप्रबंधक और कार्यकारी निदेशक के बीच प्रशासनिक और कार्यात्मक संपर्क के रूप में कार्य करते हैं। बैंकों ने वित्तीय सेवा विभाग से यह भी अनुरोध किया है कि निदेशक मंडल को उनकी व्यावसायिक जरूरतों के अनुसार पदों की संख्या तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

## मिड व स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड में 30,342 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान मिड-कैप (मझोली कंपनियों में निवेश करने वाले एमएफ) और स्मॉल-कैप (छोटी कंपनियों में निवेश करने वाले) म्यूचुअल फंड योजनाओं के प्रति निवेशकों ने जबर्दस्त उत्साह दिखाया है। इन योजनाओं में 30,342 करोड़ का निवेश आया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इन योजनाओं में निवेश करने वाले निवेशकों को अच्छा रिटर्न मिला है, जिससे इनके प्रति उनका आकर्षण बना हुआ है। पिछले साल समान अवधि में मिड-कैप और स्मॉल-कैप कोषों में प्रवाह 32,924 करोड़ रहा था। सेबी स्मॉल और मिड-कैप में ऊंचे प्रवाह पर चिंता जता चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशक उच्च रिटर्न देने की क्षमता के कारण स्मॉलऔर मिड-कैप म्यूचुअल फंड में निवेश जारी रखेंगे।

# आर्यन के शतक व रिंकू की बेहतर पारी के बावजूद यूपी मुश्किल में



शतक का जश्न मनाते यूपी के आर्यन जुयाल।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**रणजी मैच- तीसरा दिन**

- **हरियाणा की पहली पारी में बने 453 रन के जवाब में यूपी ने 6 विकेट खोकर बनाए 267 रन**

**अमृत विचार :** कप्तान आर्यन जुयाल (118 रन) के नाबाद शतक और रिंकू सिंह (89 रन) के धमाकेदार अर्धशतक के बावजूद यूपी की राह आसान नजर नहीं आ रही है। हरियाणा के पहली पारी में 453 रन के जवाब में रणजी के तीसरे दिन यूपी ने पहली पारी में 6 विकेट खोकर 267 रन बना लिए हैं। कप्तान आर्यन जुयाल के साथ शिवम शर्मा विकेट पर मौजूद हैं। पहली पारी में बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल करने का लक्ष्य यूपी के लिए मुश्किल लग रहा है। इससे पहले यूपी को बंगाल के खिलाफ भी एक अंक ही मिला था ,जबकि पहली पारी में बढ़त के आधार पर बंगाल को 3 अंक मिले थे। एआर जयपुरिया स्कूल प्रांगण स्थित स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड में हरियाणा ने 9 विकेट पर 431 रन से आगे का खेल शुरू किया। 453 रन पर हरियाणा का आखिरी विकेट गिर गया। युजवेंद्र चहल 48 रनों के योग पर शिवेंद्र शर्मा का शिकार बने। यूपी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 31 रन के योग पर पहला झटका लगा, जब स्वास्तिक चिकारा (21 रन) आउट हो गए। हरियाणा के तेज गेंदबाज अमन कुमार की गेंद पर वह धीरू सिंह को कैच थमा बैठे। प्रियम गर्ग (3) भी हर्षल की गेंद पर हुड्डा को कैच दे बैठे। सिद्धार्थ यादव (6) भी सस्ते में निपट गए। 43 रन पर टीम के तीन विकेट हो गये। इसके बाद रिंकू सिंह ने आर्यन के साथ पारी को संभाला और टीम का स्कोर 205 रनों तक ले गए। हरियाणा के जयंत यादव ने रिंकू सिंह को 89 रन पर आउट किया। रिंकू ने 110 गेंदों पर 10 चौके और तीन छक्के जड़े। रिंकू के आउट होते ही यूपी की पारी लड़खड़ा गई। 5 रन बनाकर नितीश राणा और 2 रन बनाकर सौरभ पवेलियन लौट गये। 13 चौके और एक छक्के की मदद से 118 रन बनाने वाले आर्यन नाबाद हैं। हरियाणा की ओर से हर्षल पटेल, अमन कुमार और जयंत यादव ने दो-दो विकेट लिए।

# भारत ने ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराया

जोहोर बाहरू (मलेशिया), एजेंसी



**सुल्तान जोहोर कप**

दिलराज सिंह और शारदा नंद तिवारी के दो-दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराकर सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा। मोहम्मद कोनैन दाद (सातवें मिनट) ने भारत का खाता खोला। इसके बाद दिलराज (17वें, 50वें मिनट), शारदा नंद (20वें, 50वें मिनट) ने गोल किये। इसके अलावा मनमीत सिंह (26वें मिनट) ने भी भारत की तरफ से गोल किया।

ब्रिटेन की तरफ से रोरी पेनरोज़ (दूसरे, 15वें मिनट) और माइकल रॉयडेन (46वें, 59वें मिनट) ने दो-दो गोल करके मैच को रोमांचक बनाए रखा। भारत ने शनिवार को जापान को हराया था। उसने अपनी वही लय बनाए रखी। लेकिन वह ब्रिटेन था जिसने पहला गोल किया। खेल के दूसरे मिनट में ही पेनरोज ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। भारत ने इसके कुछ देर बाद ही दाद के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गोल से बराबरी कर ली। ब्रिटेन ने 15वें मिनट में फिर से बढ़त ली जब पेनरोज़ ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत ने दूसरे क्वार्टर में दबदबा बनाया और लगातार तीन गोल किए।

## खेल डायरी

### नागल बासेल में हारे, बोल्लिपल्ली-खाडे ने अल्माटी में एटीपी 250 स्तर का पहला खिताब जीता

**नई दिल्ली।** भारत के सुमित नागल बासेल में स्विस इंडोर्स में क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हार गये, जबकि ऋत्विक चौधरी बोल्लिपल्ली और अर्जुन खाड़े की जोड़ी ने रविवार को अल्माटी ओपन पुरुष युगल खिताब जीता। ओलंपियन और भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल बासेल में क्वालीफायर में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ के खिलाफ 6-4, 7-6(2) से हार गए। अल्माटी में हालांकि बोल्लिपल्ली और खाडे के लिए यह एक स्वप्निल पल था।



भारतीय जोड़ी ने एक घंटे और 41 मिनट तक चले मुकाबले में कोलंबिया के निकोलस बैरिएंटोस और ट्यूनीसिया के स्कैंडर मंसूरी को जोड़ी को हराकर एटीपी 250 स्तर का अपना पहला खिताब जीता।

### क्लब विश्व कप खेलेंगे लियोनेल मेस्सी

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी अगले साल क्लब विश्व कप खेलेंगे। फीफा अध्यक्ष जियानी इंफेंटिनो ने शनिवार की रात घोषणा की कि इंटर मियामी इस टूर्नामेंट में खेलेगा। मेस्सी की अपार लोकप्रियता को देखते हुए इस घोषणा की अपेक्षा भी की जा रही थी। हर चार साल में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में फीफा के छह फुटबॉल परिसंघों की 32 टीमें भाग लेती हैं। इंटर मियामी 15 जून 2025 को मियामी गार्डन्स में पहला मैच खेलेगी। टूर्नामेंट का फाइनल 13 जुलाई को न्यूजर्सी में होगा। क्लब विश्व कप में यूरोप की भी 12 टीमें होंगी।



### सबसे अमीर मैराथन की मेजबानी करेगा श्रीनगर

**तीरंदाजी :** फुगे विश्व कप फाइनल में पदक से चूके, ज्योति क्वार्टर फाइनल से बाहर टिलेक्सकला (मैक्सिको), 20 अक्टूबर (भाषा) उदीयमान सितारे प्रथमेश फुगे तीरंदाजी विश्व कप कंपाउंड सेमीफाइनल में तनावपूर्ण शूटआफ में मौजूदा चैम्पियन माथियास फुलेर्टन से हारकर पदक से चूक गए। रोमांचक मुकाबले में दोनों तीरंदाजों ने पांचों दौर में परफेक्ट 10 स्कोर किया और एक अंक भी नहीं गंवाया। स्कोर 150-150 रहने के बाद शूटआफ से विजेता का फैसला हुआ। शूटआफ में भी स्कोर 10-10 से बराबर रहा। इसके बाद डेनमार्क के तीरंदाज ने मामूली अंतर से फुगे को हराया। फुगे अगर जीत जाते तो पदक पक्का हो जाता। कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में वह विश्व चैम्पियन माइक शोलेसेर से 145-146 से हार गए। वहीं पूर्व विश्व कप पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम महिला कंपाउंड वर्ग में क्वार्टर फाइनल में एस्तोनिया की मीरी मारिता पास से 145-147 से हार गई। रिकर्व वर्ग में दीपिका कुमारी और धीरज बोम्मादेवरा उतरेंगे।

### जोकोविच ने नडाल को, सिनेर ने अल्काराज को हराया

**रियाद।** इटली के यानिक सिनेर ने कार्लोस अल्काराज को 6-7, 6-3, 6-3 से हराकर सिक्स किंग्स स्लैम नुमाइशी टेनिस चैम्पियनशिप जीती जबकि नोवाक जोकोविच ने तीसरे स्थान के मैच में रफेल नडाल को 6-2, 7-6 से हराया। नडाल अपने कैरियर में आखिरी बार यह चैम्पियनशिप खेल रहे थे। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल अगले महीने डेविस कप में स्पेन के लिये खेलने के बाद टेनिस को अलविदा कहेंगे। इस नुमाइशी टूर्नामेंट के पिछले दौर में अल्काराज ने नडाल



और सिनेर ने अलावा जोकोविच को भी हराया था। इस टूर्नामेंट में पुरस्कार राशि मिलती है लेकिन एटीपी अंक नहीं।

# न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद जीता टेस्ट

## तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड ने आठ विकेट से मैच जीतकर ली 1-0 की बढ़त

- **विल यंग और रचिन रविंद्र ने तीसरे विकेट के लिए 75 रन की अटूट साझेदारी की**

बेंगलुरू, एजेंसी

न्यूजीलैंड ने जसप्रीत बुमराह के स्पेल का डटकर सामना करते हुए आखिरी दिन किसी नए बदलाव की भारत की उम्मीद पर पानी फेर दिया। पहला टेस्ट आठ विकेट से जीतकर न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारतीय सरजमीं पर पारंपरिक प्रारूप में सफलता का स्वाद चखा। आखिरी बार न्यूजीलैंड ने भारत को 1988 में जॉन राइट की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम पर 136 रन से हराया था।

जीत के लिए 107 रन का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने शुरुआती झटकों के बाद कोई कोताही नहीं बरती। विल यंग 48 रन और रचिन रविंद्र 39 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 75 रन की साझेदारी कर टीम को तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढत दिला दी। पहली पारी में 46 रन पर आउट होने के बावजूद भारत ने जिस तरह मैच में वापसी की थी, वह काबिले तारीफ है। उसे अब पुणे में 24 अक्टूबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में स्वाभाविक खेल दिखाना होगा। गले की जकड़न से उबरने के बाद शुभमन गिल की दूसरे टेस्ट में वापसी तय है लेकिन पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 150 रन बनाने वाले सरफराज खान को अनदेखा नहीं किया जा सकता। भारत को देखना होगा कि तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरना है या तीन स्पिनर उतारने है। यह फैसला एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर कारगर साबित नहीं हुआ। आखिरी दिन गीली आउटफील्ड से मैच एक घंटा विलंब से 10 बजकर 15 मिनट पर शुरू हुआ। नई गेंद पर बुमराह ने 29 रन देकर दो विकेट लिए। टॉम लाथम खाता खोले बिना पहले ही ओवर में पगबाधा आउट हो गए। भारत को तीसरे तेज गेंदबाज की कमी महसूस हुई होगी क्योंकि विकेट से बुमराह और सिराज को मदद मिल रही थी। भारत ने तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को उतारा था, जिन्होंने 3 ओवर में 26 रन दिए। डेवोन कोंवे भी बुमराह के सामने असहज थे और 17 रन पर पगबाधा हुए। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय दो विकेट पर 35 रन था लेकिन यंग और रविंद्र ने संभलकर खेला और दोनों ने ढीली गेंदों को नसीहत दी। पहली पारी में शतक जमाने वाले रविंद्र ने कुलदीप को छक्का भी लगाया।



बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहला टेस्ट मैच जीतने के बाद जश्न मनाते न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र और विल यंग। ● एजेंसी

### 36 साल बाद टेस्ट जीतने का एहसास है खास : लाथम

**बेंगलुरु।** न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने टीम को याद दिलाया कि पहला मैच जीतने के बाद जश्न के बीच दूसरे टेस्ट पर ध्यान ना भटकने दे, क्योंकि भारत के पास जवाबी हमला करने की ताकत है। न्यूजीलैंड को 24 अक्टूबर से पुणे में शुरू होने वाले दूसरे मैच की तैयारी करनी होगी। न्यूजीलैंड की यह भारत में सिर्फ तीसरी टेस्ट जीत है। टीम को इस प्रारूप की तीसरी जीत के लिए 36 साल का इंतजार करना पड़ा। लाथम ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगता है कि 36 साल बाद हमने यहां जीत हासिल की है। इस स्थिति में होना वास्तव में विशेष एहसास है। यह टीम के लिए गर्व का क्षण है और हम इसका जश्न मनाएंगे।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी: 46 रन**

**न्यूजीलैंड पहली पारी: 402**

**भारत दूसरी पारी: 462**

**न्यूजीलैंड दूसरी पारी: 110/2** (27. 4 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा बो बुमराह | 0 | 06 | 0/0 |
| डेवोन कोंवे पगबाधा बो बुमराह | 17 | 39 | 3/0 |
| विल यंग नाबाद | 48 | 76 | 6/1 |
| रचिन रविंद्र नाबाद | 39 | 46 | 6/0 |

**अतिरिक्त :** 6, **विकेट पतन :** 1 . 0, 2 . 35 **गेंदबाजी :** बुमराह 8-1-29-2 सिराज 7-3-16-0 जडेजा 7 .4-1-28-0 कुलदीप 3-0-26-0 अश्विन 2-0-6-0

### हारकर भी डब्ल्यूटीसी सूची में शीर्ष पर भारत

**दुबई।** न्यूजीलैंड से पहले टेस्ट में आठ विकेट से हारने के बावजूद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है । भारत का प्रतिशत गिरकर 68 .06 हो गया है और अब उसे आगामी दो टेस्ट तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। तालिका में आस्ट्रेलिया 62 .50 प्रतिशत के साथ दूसरे और श्रीलंका 55 .56 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड इस जीत के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया है। न्यूजीलैंड टीम नवंबर और दिसंबर में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड की मेजबानी करेगी और शीर्ष दो में पहुंच सकती है।

## हम एक मैच के आधार पर अपनी मानसिकता नहीं बदलते : रोहित



**बेंगलुरु।** कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि भारत सिर्फ एक हार के बाद टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपना आक्रामक रवैया नहीं बदलेगा। रोहित ने मैच के बाद कहा कि हम एक मैच या एक श्रृंखला के आधार पर अपनी मानसिकता नहीं बदलते हैं। भारत ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में इसी तरह का रवैया दिखाया और बारिश से दो दिन से अधिक समय गंवाने के बावजूद टीम ने जीत दर्ज की। यह कोशिश जारी रखने के साथ प्रतिद्वंद्वी टीम को यह संदेश देने के बारे में है कि हम दबाव में या मैच में पिछड़ नहीं रहे हैं। जब आप वास्तव में पीछे होते हैं, तो आप असाधारण चीजें करने की कोशिश करते हैं और बिना डर के खेलना चाहते हैं। हम ने हाल के कुछ मैचों में जैसा प्रदर्शन किया है उससे पता चलता है कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं और यह इसी तरह होने वाला है। हमने यहां (बेंगलुरु में) भी बेखौफ क्रिकेट खेला।

## एशियाई क्रॉस कंट्री में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**हांगकांग।** भारतीय खिलाड़ियों ने रविवार को एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 11 पदक जीते। भारत ने सभी चार टीम श्रेणियों पुरुष, महिला और पुरुष अंडर-20 और महिला अंडर-20 में स्वर्ण पदक जीते। भारत ने जहां पुरुषों की व्यक्तिगत 10 किमी स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया वहीं भारतीय महिला एथलीटों ने व्यक्तिगत 10 किमी दौड़ में स्वर्ण और रजत पदक जीता, लेकिन वह कांस्य पदक से चूक गईं। एशियाई खेलों के पदक विजेता और 5,000 मीटर और 10,000 मीटर ट्रैक स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह पुरुषों की 10 किमी दौड़ में शीर्ष पर रहे। उन्होंने 32:43 मिनट में यह दौड़ पूरी करके स्वर्ण पदक हासिल किया। अभिषेक पाल 32:49 मिनट के समय के साथ दूसरे जबकि अरुण राठौड़ 32:51 मिनट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भारत के ही कार्तिक कुमार ने चौथा स्थान हासिल किया।

## जर्मनी के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए वरुण की भारतीय हॉकी टीम में वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी



जर्मनी के खिलाफ 23-24 अक्टूबर को यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए डिफेंडर वरूण कुमार की भारतीय हॉकी टीम में वापसी हुई है। जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप से वरुण पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में नहीं थे। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बताया कि आरोपों से क्लीन चिट मिलने के बाद वरुण को टीम में लिया गया है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम को मिडफील्डर हार्दिक सिंह की कमी खलेगी जो ओलंपिक में लगी चोट से उबर नहीं सके हैं। इस श्रृंखला से राजिंदर सिंह और आदित्य अर्जुन लालागे पदार्पण करेंगे। गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक व सूरज करकेरा होंगे जबकि डिफेंस की कमान हरमनप्रीत के साथ जरमनप्रीत, अमित रोहिदास, वरुण और संजय संभालेंगे। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, मोहम्मद राहीन मौसीन और राजिंदर सिंह होंगे।

## एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर को भारतीय अंडर 17 टीम का चयन

नई दिल्ली, एजेंसी

- **थाईलैंड में होने वाले कप के लिए 23 सदस्यीय टीम का ऐलान**

भारत की अंडर 17 पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इशफाक अहमद ने रविवार को थाईलैंड में 23 से 27 अक्टूबर तक होने वाले एएफसी अंडर 17 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। भारत ग्रुप डी में है, जिसमें उसका सामना ब्रूनेइ दारूस्सलाम, तुर्कमेनिस्तान और थाईलैंड से होगा। एएफसी अंडर 17 एशियाई कप 2025 सउदी अरब में खेला जाएगा। **भारतीय टीमः** गोलकीपर- ए सूरज सिंह, रोहित, नंदन रॉय डिफेंडर- करीश सोराम, कैफ, सी रेनिन सिंह, बी सुमित शर्मा, टी उशाम सिंह, येइफारेम्बा चिंगखाम, जोड्रिक अबरांचेस मिडफील्डर- अब्दुल साल्हा शीरगोजरी, ए सैमसन, के अजलान शाह, लेविस जांगमिनलुन, सामी, मनभाकुपर मालजियांग, अरबाश, एन रिषि सिंह, विशाल यादव, एन माटे फॉरवर्ड- भरत लाइरेंजाम, प्रेम हंसदाक, एच लुंकिम।

## बॉलीवुड हलचल



### हिंदी में डब होगी तमन्ना की फिल्म ओडेला 2

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की तेलुगु भाषा में बन रही फिल्म ओडेला 2, हिंदी में भी डब कर रिलीज की जा सकती है। तमन्ना भाटिया दक्षिण भारतीय फिल्मों के अलावा हिंदी फिल्मों में भी अभिनय करती हैं। तमन्ना इन दिनों फिल्म ओडेला 2 को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म में तमन्ना बेहद अलग अवतार में नजर आने वाली हैं। वह इस फिल्म में शिवशक्ति नामक एक नागा साध्वी का किरदार निभाती नजर आयेंगी। चर्चा है कि ओडेला 2 हिंदी में भी डब किया जाएगा। इस फिल्म का मूल भाषा तेलुगु के साथ-साथ पूरे भारत में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में तमन्ना के अलावा हेबाह पटेल, मुरली शर्मा, वशिष्ठ सिम्हा और अन्य कई कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्माण संपत नंदी द्वारा किया जा रहा है। वहीं, इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेजा कर रहे हैं। तमन्ना भाटिया हाल ही में रिलीज़ हुई ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी, फिल्म स्त्री 2 में स्पेशल डांस नंबर आज की रात में नजर आयीं थी।

### रॉकस्टार गर्ल नरगिस हुईं 45 वर्ष की



**मुंबई।** बॉलीवुड की रॉकस्टार गर्ल नरगिस फाखरी आज 45 वर्ष की हो गयी। नरगिस फाखरी का जन्म 20 अक्टूबर 1979 को क्वीन्स, न्यूयॉर्क में हुआ था। नरगिस की मां मैरी फाखरी क्रिश्चियन थीं, जबकि पिता मोहम्मद फखरी पाकिस्तानी थे। जब नरगिस छह साल की थी तो उनके माता-पिता का तलाक हो गया था। कुछ साल बाद उनके पिता की मृत्यु हो गई। नरगिस ने करियर की शुरुआत 16 साल की उम्र में मॉडल के रूप में की थी। उन्होंने अमेरिका के नेक्स्ट टॉप मॉडल (2004) में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने अमेरिका में पेशेवर रूप से मॉडलिंग की। उन्होंने कई मॉडलिंग एजेंसी के साथ ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, स्विटजरलैंड, थाईलैंड, हॉन्गकॉन्ग, जर्मनी और ब्रिटेन आदि देशों में काम किया। 2009 के दौरान नरगिस किंगफिशर की कैलेंडर गर्ल बनी, जिससे उनके लिए बॉलीवुड का रास्ता खुल गया। किंगफिशर के कैलेंडर में नरगिस को देखकर इम्तियाज अली ने उन्हें फिल्म रॉकस्टार ऑफर की। 2011 में प्रदर्शित इस फिल्म में रणबीर कपूर और नरगिस की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया इसके बाद उन्होंने मद्रास कैफे, मैं तेरा हीरो, अजहर ,अमावस , तोरबाज जैसी कुछ फिल्मों में काम किया। नरगिस ने फिल्म स्पाय के जरिये हॉलीवुड डेब्यू भी किया। नरगिस इन दिनों हाउसफुल 5 की शूटिंग में बिजी हैं।

### डीडीएलजे के 29 साल पूरे, काजोल ने दी करवाचौथ की बधाई

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान और अभिनेत्री काजोल की ब्लॉकबस्टर फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) के प्रदर्शन के 29 साल पूरे हो गये हैं। यश चोपड़ा निर्मित और आदित्य चोपड़ा निर्देशित फिल्म दिलवाले दुल्हनियां ले जायेगें, 20 अक्टूबर 1995 को प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में शाहरूख खान, काजोल, अमरीशपुरी, अनुपम खेर ने मुख्य भूमिका निभायी थी। काजोल ने फिल्म डीडीएलजे के 29 साल पूरे होने की प्रशंसकों को एक साथ खास अंदाज में बधाई दी। काजोल ने इंस्टाग्राम पर डीडीएलजे का एक पोस्ट साझा कर कैप्शन में लिखा करवा चौथ के ओजी (ओरिजनल) को 29 साल... सभी को करवा चौथ की शुभकामनाएं... शायद मराठा मंदिर जाकर फिल्म देखें। डीडीएलजे के 29साल पूरे।



**ओलंपिक के फाइनल पर भाला फेंक स्टार बोले- प्रदर्शन में कोई कमी नहीं थी**

# वह दिन नदीम का था : नीरज चोपड़ा

लखनऊ, एजेंसी





पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने से चूकने वाले भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि उनके प्रदर्शन में कोई कमी नहीं थी, लेकिन वह दिन पाकिस्तान के अरशद नदीम का था जो उन्हें पछाड़कर चैंपियन बना। चोपड़ा ने आठ अगस्त को हुए फाइनल में 89.45 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक जीता, लेकिन नदीम ने नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए पहले ही प्रयास में 92.97 मीटर का थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड खिलाड़ी बने।

चोपड़ा ने कहा कि कुछ भी गलत नहीं था, सब कुछ सही था। थ्रो भी अच्छा था। ओलंपिक में रजत प्राप्त करना भी कोई छोटी चीज़ नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि प्रतियोगिता अच्छी थी और स्वर्ण पदक उसी ने जीता है जिसका वह दिन था। वह नदीम का दिन था। चोपड़ा ने इस धारणा को खारिज किया कि हॉकी और क्रिकेट के बाद भाला फेंक भारत-पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता का गवाह बनने वाला नया खेल बन गया है। उन्होंने कहा कि भाला फेंकने में कोई दो टीमें नहीं हैं, लेकिन विभिन्न देशों के 12 एथलीट हैं जो एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। मैं 2016 से भाला फेंक में नदीम के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा हूं और यह पहली बार है कि नदीम ने जीत हासिल की है। नदीम के बारे में पूछने पर चोपड़ा ने कहा कि नदीम अच्छा इंसान है, अच्छे तरीके से बोलता है, सम्मान करता है, इसलिए मुझे अच्छा लगता है। भाला फेंक में शुरुआत के बारे में उन्होंने कहा कि वह एक अप्रत्याशित पल था, जब मैंने इसकी शुरुआत की। मुझे इसके बारे में कुछ भी नहीं पता था। जब मैं मैदान पर गया, उस समय, यह निर्णय लिया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### भीड़ की गोलीबारी में तीन की मौत, 8 घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिसिसिपी राज्य में एक फुटबॉल खेल में हाईस्कूल के पूर्व छात्रों की टीम की जीत का जश्न मना रही सैकड़ों लोगों की भीड़ पर हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शनिवार सुबह दो लोगों ने फुटबॉल खेल में जीत का जश्न मना रहे कई सौ लोगों की भीड़ पर खेल खत्म होने के कुछ घंटों बाद आउटडोर कोर्ट पर गोलियां चला दीं। गोलीबारी लेक्सिंगटन शहर से कई किलोमीटर दूर हुई। स्थानीय शेरिफ के अनुसार, भीड़ में 200 से 300 लोग थे, जो गोलियों की आवाज सुनकर तितर-बितर होने लगे। मृतकों में से दो की उम्र 19 साल और तीसरे की उम्र 25 साल है।

### जॉर्जिया के सैपेलो द्वीप में सात लोगों की मौत

**अमेरिका।** अमेरिकी राज्य जॉर्जिया के सैपेलो द्वीप में नौका घाट (डॉक) का एक हिस्सा ढह जाने से शनिवार को कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी इसे संचालित करने वाली सरकारी एजेंसी के प्रवक्ता ने दी। जॉर्जिया के प्राकृतिक संसाधन विभाग के प्रवक्ता टायलर जोन्स ने बताया कि कई लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। जोन्स ने कहा कि अमेरिकी तट रक्षक बल, मैकिन्टोश काउंटी का अग्निशमन विभाग, जॉर्जिया का प्राकृतिक संसाधन विभाग और अन्य विभाग के कर्मचार पानी में अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं।

### दुर्ग में अंधविश्वास के चलते पोते ने की दादी की हत्या

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में अंध विश्वास कम होने का नाम नही ले रहा है अंधविश्वास के चलते एक और जान चली गयी। दुर्ग जिले में शनिवार शाम को नंदिनी थाना क्षेत्र के नंदकट्टी गांव में एक पोते ने अपनी 77 वर्षीय दादी की त्रिशूल से हत्या कर दी और फिर नजदीक के शिवलिंग पर उसका खून चढ़ा दिया और जब खून कम पड़ा तो उसने स्वयं को भी घायल कर अपना खून चढ़ाने लगा। घटना की सूचना मिलते ही नंदिनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले कर उसे अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपी से पूछताछ करने पर यह पता चला है कि पूरा मामला अंधविश्वास से जुड़ा हुआ है। आरोपी खुद को शिव भक्त बताता है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### अधिक निवेश आय के बहाने ठगी, दो लोग गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश पर अधिक आय के बहाने लोगों को ठगने के आरोप में एक बैंक कर्मचारी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की पहचान जयपुर के मूल निवासी कनिष्क विजयवर्गीय और राम अवतार के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि शेयर बाजार में निवेश पर अधिक आय के बहाने 23 जुलाई को उससे 24 .60 लाख रुपये की ठगी की गई। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच शुरू की गई।

## हाफ मैराथन...



वेदांता ग्रुप की ओर से दिल्ली में हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। इसकी पुरस्कार राशि 2,60,000 अमेरिकी डॉलर रखी गई थी। इस आयोजन में दिव्यांग ने भी भाग लिया। एजेंसी

## पाकिस्तान में विवादास्पद संवैधानिक संशोधन विधेयक को मंजूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान कैबिनेट ने रविवार को गठबंधन सहयोगियों से आम सहमति लेने के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में एक बैठक के दौरान विवादास्पद 26वें संवैधानिक संशोधन के प्रस्तावित मसौदे को मंजूरी दे दी। गठबंधन सरकार रविवार को सीनेट और नेशनल असेंबली में प्रस्तावित न्यायिक सुधार विधेयक पेश करने के लिए तैयार है। डॉन न्यूज ने प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के हवाले से कहा, संघीय कैबिनेट ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी समेत सरकार और इसके गठबंधन सहयोगियों के 26वें संवैधानिक संशोधन के प्रस्तावित मसौदे को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट बैठक से पहले प्रधानमंत्री शहबाज ने प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन पर विस्तृत चर्चा के लिए राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की।

## नेपाल की धरती पर चीन विरोधी गतिविधियां नहीं होने दी जाएंगी

- प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने चीनी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में की टिप्पणी

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को कहा कि देश में चीन विरोधी गतिविधियां नहीं होने दी जाएंगी और यह एक चीन नीति का समर्थन करता है। ओली ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य चेन जिनिंग के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय चीनी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में यह टिप्पणी की।

यह बैठक काठमांडू के बालूवातार में उनके आधिकारिक आवास पर हुई। एक चीन नीति के प्रति नेपाल की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए ओली ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि नेपाल की सीमा में कोई भी चीन विरोधी गतिविधि नहीं होने दी जाएगी। चीन का दावा है कि अलग हुआ देश ताइवान उसका हिस्सा है और चीन के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले सभी देशों के लिए एक चीन नीति का पालन करना अनिवार्य है।



### चीन से निरंतर समर्थन की आशा व्यक्त की

ओली ने नेपाल के आर्थिक विकास के लिए चीन से निरंतर समर्थन की आशा भी व्यक्त की। प्रधानमंत्री के अनुसार चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी पार्टियों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के बारे में भी बातचीत हुई।

## यूक्रेन ने दागे 100 से ज्यादा ड्रोन, रूस ने भी किया पलटवार

**कीव।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने रविवार को देश के पश्चिमी क्षेत्र में 100 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। दूसरी ओर यूक्रेन के क्रीवी रिह शहर में एक बैलिस्टिक मिसाइल हमले में 17 लोग घायल गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बीती रात रूस के सात क्षेत्रों की ओर भेजे गए 110 ड्रोन को मार गिराया गया। अधिकतर ड्रोन ने रूस के सीमा क्षेत्र कुर्स्क को निशाना बनाया, जहां 43 ड्रोन मार गिराए जाने की सूचना मिली है। सोशल मीडिया पर सामने आई वीडियो फुटेज में निजनी नोवगोरोड क्षेत्र के डेजरजिन्स्क शहर के ऊपर वायु रक्षा बल ड्रोनों के तबाह करते हुए दिख रहे हैं। स्थानीय गवर्नर ग्लेब निकितिन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि डेजरजिन्स्क औद्योगिक क्षेत्र पर ड्रोन हमले को विफल करते हुए चार लड़ाके घायल हो गए।

# मेरी हत्या की कोशिश ईरान की बड़ी गलती

## प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा- इजराइल पर हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी

यरूशलम, एजेंसी

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के एजेंट ने उनकी और उनकी पत्नी की हत्या करने की कोशिश करके एक बड़ी गलती की है। उन्होंने लेबनान से ड्रोन हमले का जिक्र करते हुए कहा कि उसका लक्ष्य उत्तरी शहर कैसरिया में उनके निजी आवास को निशाना बनाना था।

बाद में ड्रोन ने शहर के एक अन्य घर को निशाना बनाया, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि हमले के समय नेतन्याहू और उनकी पत्नी अपने निजी आवास में नहीं थे। नेतन्याहू ने बयान में कहा यह मुझे और इजराइल को पीढ़ियों तक हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे दुश्मनों के खिलाफ लड़ाई जारी रखने से नहीं रोक सकेगा। उन्होंने कहा, मैं ईरानियों और उनके सहयोगियों से कहता हूं कि जो कोई भी इजराइल के नागरिकों को नुकसान पहुंचाएगा, उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हम आपके आतंकवादियों को खत्म करना जारी रखेंगे, गाजा से हमारे अपहृत लोगों को वापस लाएंगे और उत्तरी क्षेत्र के निवासियों को उनके घर वापस लाएंगे। नेतन्याहू ने कहा, हम स्वयं द्वारा निर्धारित सभी युद्ध लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे और पीढ़ियों के लिए हमारे क्षेत्र में सुरक्षा वास्तविकता को बदल देंगे। वहीं, इजराइल-हिजबुल्ला संघर्ष की शुरुआत के बाद से लेबनान पर इजराइली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 2,448 तक पहुंच गई है, जबकि 11,471 लोग घायल हुए हैं। शनिवार एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। लेबनानी मंत्रिपरिषद में आपदा जोखिम प्रबंधन इकाई द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में लेबनान पर इजराइली हवाई हमलों में 30 लोग मारे गए और 135 अन्य घायल हो गए।





गाजा में हमले के बाद ध्वस्त इमारतें।

### उत्तरी गाजा में इजराइली हमलों में 87 लोग मारे गए

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)।** उत्तरी गाजा में कई मकानों पर इजराइली हमलों में 87 लोग मारे गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि बेत लहिया शहर पर शनिवार को रातभर और रविवार को हुए हमलों में 40 लोग घायल भी हुए हैं। गाजा के उत्तरी छोर पर स्थित बेत लहिया, लगभग एक वर्ष पहले इजराइल के जमीनी हमले के पहले लक्ष्यों में से एक था। तीन अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब अमेरिका वर्गीकृत दस्तावेजों को अनधिकृत रूप से जारी करने की जांच कर रहा है। एक अन्य अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ये दस्तावेज वैध प्रतीत होते हैं। ईरान लेबनान में हमास और हिजबुल्ला आतंकवादी समूह का समर्थन करता है, जहां एक साल से बढ़ते तनाव ने पिछले महीने एक पूर्ण युद्ध का रूप ले लिया। बेत लहिया में हमलों पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। इसने हालांकि कहा कि वह गाजा में हवाई हमलों और जमीनी अभियानों दोनों को जारी रखे हुए है। चिकित्सक रहीम खेदर के अनुसार मृतकों में दो दंपती और उनके चार बच्चे, तथा एक महिला, उसका बेटा और उसकी पुत्रवधू और उनके चार बच्चे शामिल हैं।

### ईरान पर किसी भी इजरायली हमले का मिलेगा करारा जवाब : अरागची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने शनिवार को कहा कि ईरान के खिलाफ किसी भी इजराइली हमले का मतलब खतरे की रेखा को पार करना होगा और इसका माकूल जवाब दिया जायेगा। अरागची ने तुर्की प्रसारक एनटीवी को बताया, ईरान पर किसी भी हमले का मतलब हमारे लिए लाल रेखा को पार करना है। हम ऐसे हमले को अनुत्तरित नहीं छोड़ेंगे। ईरान की परमाणु सुविधाओं या किसी भी तरह के हमले पर आवश्यक प्रतिक्रिया दी जाएगी। ईरान पर इजराइल को किसी भी हमले के लिए एक सममित प्रतिक्रिया मिलेगी। शीर्ष ईरानी राजनयिक ने कहा, इजराइल को ईरान की नवीनतम प्रतिक्रिया के दौरान, 90 प्रतिशत तक मिसाइलें अपने लक्ष्य तक पहुंच गईं।

# इंडोनेशिया के आठवें राष्ट्रपति बने प्रबोवो

- राजधानी जकार्ता में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

जकार्ता, एजेंसी

प्रबोवो सुबियांतो ने विश्व के सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया के आठवें राष्ट्रपति के रूप में रविवार को शपथ ली। पूर्व रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो (73) ने देश के सांसदों और अन्य देशों से आमंत्रित किए गए गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष मुस्लिमों के पवित्र धर्म ग्रंथ कुरान पर हाथ रखकर राष्ट्रपति पद की शपथ ली, जिसके बाद सड़कों पर मौजूद हजारों समर्थकों ने उनका स्वागत किया।

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह में 40 से अधिक देशों के नेता और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जिसमें ब्रिटेन, फ्रांस, अमेरिका, सऊदी अरब, रूस, दक्षिण कोरिया, चीन, ऑस्ट्रेलिया और अन्य दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश सम्मिलित हैं। सुबियांतो लंबे समय से बेहद लोकप्रिय राष्ट्रपति जोको विडोडो के प्रतिद्वंद्वी रहे हैं और उन्होंने इससे पहले दो बार 2014 और 2019 में उनके खिलाफ राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा, लेकिन दोनों ही मौकों पर जोको विडोडो ने अपनी हार स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। हालांकि, विडोडो ने पुनः राष्ट्रपति बनने के बाद सुबियांतो को रक्षा प्रमुख नियुक्त किया था। सुबियांतो के साथ-साथ देश के नए उपराष्ट्रपति जिब्रान राकाबुमिंग राका (37) ने भी शपथ ली।



### विदेश राज्यमंत्री ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

**जकार्ता।** विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने रविवार को जकार्ता के संसद परिसर में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और उपराष्ट्रपति जिब्रान राकाबुमिंग राका के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दो दिवसीय यात्रा पर गए मार्गेरिटा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से राष्ट्रपति सुबियांतो को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## असम में भूमि अधिकार योजना का तीसरा संस्करण शुरू : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को मिशन बसुंधरा योजना के तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरुआत की। यह राज्य के मूल निवासियों को भूमि अधिकार देने का एक प्रमुख कार्यक्रम है। शर्मा ने यहां एक आधिकारिक समारोह में कहा कि मूल निवासियों को भूमि पट्टे प्रदान करके, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार जाति-माटी-भेटी (समुदाय, भूमि, मातृभूमि) की रक्षा के अपने संकल्प को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा, सत्ता संभालने के तुरंत बाद, हमने असम में मूल निवासियों को भूमि अधिकार प्रदान करने के मिशन पर काम शुरू किया।

## अमेरिकी लोकतंत्र के लिए हैरिस खतरा : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस देश के लोकतंत्र के लिए खतरा हैं, क्योंकि उनकी पार्टी ने उन्हें गलत तरीके से नामित किया है। ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया में एक रैली में कहा, वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं।

जिस तरह से उन्होंने उम्मीदवारी हासिल की। वे मुझे लोकतंत्र के लिए खतरा कहते हैं, है न? वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। क्योंकि उन्हें उम्मीदवार भी नहीं होना चाहिए था, उन्हें उम्मीदवार को निष्पक्ष रूप से चुनना चाहिए था, न कि उन्हें सिर्फ इसलिए देना चाहिए था, क्योंकि वे राजनीतिक रूप से सही होना चाहते थे। उन्होंने हैरिस को इतिहास की सबसे खराब उपराष्ट्रपति बताते हुए कहा कि दुनिया उनका ठीक वैसे ही मजाक उड़ा रही है, जैसे वह वर्तमान अमेरिकी नेता जो बाइडेन पर हंसती है।



## पाकिस्तान के सिंध प्रांत में पोलियो के दो नए मामले मिले

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में पोलियो के दो नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही देश में इस साल सामने आए कुल मामलों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, प्रांत के संघर और मीरपुर खास जिलों में शनिवार को नए मामलों की पुष्टि हुई। एक दिन पहले ही चार नए मामलों की पुष्टि हुई और इसके बाद अब दो मामलों की पुष्टि हुई है जिससे देश में पोलियो वायरस के उन्मूलन के प्रयासों को झटका लगा है। इस साल मीरपुरखास और संघर में पोलियो के एक-एक मामले सामने आए हैं।

## बांग्लादेश में संसद नहीं हटा सकेगी न्यायाधीशों को

- सर्वोच्च न्यायिक परिषद को न्यायिक कदाचार के आरोपों की जांच के अधिकार के साथ किया बहाल

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के उच्चतम न्यायालय ने सर्वोच्च न्यायिक परिषद को न्यायिक कदाचार के आरोपों की जांच करने के अधिकार के साथ रविवार को बहाल कर दिया। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही अपने उस पिछले फैसले को भी बरकरार रखा, जिसमें 16वें संविधान संशोधन को अवैध घोषित किया गया था।

जिसके तहत न्यायाधीशों को हटाने का अधिकार संसद को हस्तांतरित किया गया था। उच्चतम न्यायालय के वकील रूहुल कुद्दुस ने उच्चतम न्यायालय द्वारा फैसला सुनाए जाने के बाद संवाददाताओं को बताया यह आदेश प्रधान न्यायाधीश सैयद रेफात अहमद के नेतृत्व वाली उच्चतम न्यायालय की अपीलीय प्रभाग की छह सदस्यीय पीठ द्वारा पारित किया गया। सुनवाई में मौजूद कुद्दुस ने कहा कि इस फैसले ने मूल संवैधानिक प्रावधानों को मजबूत किया है। इस फैसले का मतलब पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासनकाल के दौरान पारित 16वें संवैधानिक संशोधन को रद्द करना भी है।

## भारत को संरा सुरक्षा परिषद में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए : रूस

**मॉस्को।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूस का मानना है कि भारत, ब्राजील और अफ्रीकी देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। रविवार को सरकारी समाचार एजेंसी तास ने एक खबर में यह जानकारी दी। तास की खबर के अनुसार लावरोव ने एआईएफ ऑनलाइन को दिए साक्षात्कार में कहा, भारत, ब्राजील के साथ-साथ अफ्रीकी देशों को काफी समय पहले सुरक्षा परिषद में स्थायी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए था। इन देशों में दुनिया की बड़ी आबादी रहती है, जिसका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

## सिंगापुर के साथ परस्पर हितों की संभावनाएं तलाशेगा भारत

सिंगापुर, एजेंसी

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि वह यहां अपनी आगामी बैठकों के दौरान सिंगापुर के मंत्रियों के साथ शिक्षा क्षेत्र में सहयोग और आपसी हितों को बढ़ाने की संभावनाएं तलाशेंगे। प्रधान शिक्षा में पारस्परिक हित के क्षेत्रों में सहयोग, भागीदारी और तालमेल को बढ़ावा देने के लिए 20 से 26 अक्टूबर तक सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया की अपनी सात दिवसीय यात्रा के पहले चरण में सिंगापुर में हैं।

उन्होंने दोपहर के भोजन पर करीब 500 प्रवासी भारतीयों को संबोधित करने के बाद कहा मैं शिक्षा के क्षेत्र में आपसी हितों की अधिक संभावनाएं तलाशने के लिए यहां आया हूं, जैसे पीएचडी कार्यक्रम और कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा जैव प्रौद्योगिकी जैसे भविष्य के क्षेत्र। मंत्री ने कहा कि सिंगापुर का भारतीय बाजार के साथ स्वाभाविक संबंध है और हम भविष्य में सिंगापुर के साथ बड़े पैमाने पर जुड़ेंगे।

### शिक्षामंत्री पाठ्यक्रम एकीकरण की संभावना पर भी करेंगे चर्चा

प्रधान अपनी दो दिवसीय सिंगापुर यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, उप प्रधानमंत्री गान किम योंग, शिक्षा मंत्री चान चुन सिंग और विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन से मुलाकात करेंगे। प्रधान सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के साथ-साथ एक स्थानीय माध्यमिक विद्यालय का भी दौरा करेंगे, जहां वे पाठ्यक्रम एकीकरण की संभावना पर चर्चा करेंगे।

**आयोजन** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- शिक्षण कर्मियों की भर्ती में कोई समझौता नहीं

# हम एम्स ब्रांड को नहीं होने देंगे कमजोर : नड्डा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि वह नये अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) में पढ़ाई और शिक्षण कर्मियों की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आने देंगे और इस ब्रांड की रक्षा करेंगे। नड्डा ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सेवाएं दे रहे बिहार और झारखंड के चिकित्सकों के मंच द्वारा आयोजित बीजेएमएफकॉन-2024 को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली एम्स की स्थापना 60 के दशक में हुई और 80 के दशक में ही यह एक ब्रांड के रूप में उभर पाया।

उन्होंने कहा किसी भी संस्थान को विकास करने और पूरी क्षमता से काम करने में 10 से 20 साल का समय लगता है। मैं एम्स के मानकों को कमजोर नहीं होने दूंगा और ब्रांड नाम की रक्षा करूंगा। नड्डा ने कहा कि शिक्षण कर्मियों की भर्ती में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एम्स-दरभंगा के लिए जल्द ही भूमिपूजन समारोह आयोजित किया जाएगा और एम्स-देवघर का काम शुरू हो चुका है और कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। नड्डा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा स्वास्थ्य में बदलाव लाने के लिए कई नीतिगत हस्तक्षेप किए गए हैं। उन्होंने कहा स्वास्थ्य नीति-2017 में हमने इसे व्यापक और समग्र बनाने का प्रयास किया। पहले उपचारात्मक पहलू पर जोर दिया जाता था, लेकिन अब निवारक, प्रोत्साहनात्मक, उपचारात्मक उपशामक और पुनर्वास पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है जो एक समग्र दृष्टिकोण है।



बीजेएमएफकॉन-2024 कार्यक्रम में नड्डा को सम्मानित करते चिकित्सक।

### 1.73 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं

नड्डा ने कहा कि जिन सुविधाओं को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र और उप-केंद्र कहा जाता था उन्हें आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 1.73 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं और उनकी गुणवत्ता का आकलन डिजिटल तरीके से किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का ध्यान गैर-संचारी रोगों का शीघ्र पता लगाने पर है।

## वैक्सीन संबंधी भ्रांतियों को रंगमंच के जरिये किया जीवंत

- लंदन में रहने वाले भारतीय मूल के कलाकार ने शुरू की नई पारी

लंदन, एजेंसी

लंदन में रहने वाले भारतीय मूल के कलाकार अमित शर्मा ने वैक्सीन लेने में लोगों की हिचकिचाहट और इसे लेकर फैली भ्रांतियों को रंगमंच के जरिये जीवंत करके लंदन के किल्न थिएटर के कलात्मक निदेशक के रूप में अपनी पारी का आगाज किया। नाटक पिन्स एंड नीडल्स का प्रदर्शन हाल ही में पूरी दुनिया में किया गया है और इसका प्रदर्शन अगले सप्ताहांत तक होगा।

रॉब ड्रमंड द्वारा लिखित इस नाटक के जरिये कोविड के टीके और दुनिया भर में बच्चों से जुड़े अन्य टीकों को लेकर हुई राजनीति और फैलाई गई भ्रांतियों को दिखाने का प्रयास किया गया है। भारतीय मूल के ब्रिटिश अभिनेता गवी सिंह चेरा मुख्य किरदार रॉब की भूमिका में हैं। शर्मा का कहना है, इस नाटक से निश्चित रूप से बहस को बढ़ावा मिलेगा व इसके साथ से इससे एक दर्शक के लिए अपने से विपरीत विचारों वाले व्यक्ति के प्रति सहानुभूति रखने और उसे समझने में मदद मिलेगी।

### दर्शकों के लिए मेरे भीतर जुनून : अमित शर्मा

अमित शर्मा ने कहा कि दर्शकों के लिए मेरा जुनून है कि वे खुद को और अपनी आवाज को प्रतिबिंबित होते देखें। यह उन लोगों को भी समझाने में मदद कर सकता है, जो समान पृष्ठभूमि से नहीं आते हैं, लेकिन हमारे अभिनय से जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। ब्रिटेन की राजधानी स्थित किल्न थिएटर में अपनी नयी पारी को लेकर शर्मा को उम्मीद है कि वह इस तरह के और भी नाटक पेश करेंगे।